रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-26022020-216412
CG-DL-E-26022020-216412

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 54] नई दिल्ली, शुक्रवार, फरवरी 21, 2020/फाल्गुन 2, 1941
No. 54] NEW DELHI, FRIDAY, FEBRUARY 21, 2020/PHALGUNA 2, 1941

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

वाणिज्य विभाग

(व्यपार उपचार महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 21 फरवरी, 2020

अंतिम जांच परिणाम

विषयः चीन जन. गण., वियतनाम और कोरिया गणराज्य के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "एल्युमीनियम और जिंक कोटेड फ्लैट उत्पादों" के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच – अंतिम जांच परिणाम।

क. मामले की पृष्ठभूमि

फा. सं. 6/4/2019-डीजीटीआर.—समय-समय पर यथा संशोधित सीमाप्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे बाद में अधिनियम कहा गया है) और उसकी समय-समय पर यथासंशोधित सीमाप्रशुल्क (पाटित आयातों पर पाटनरोधी शुल्क की जांच, मूल्यांकन एवं संग्रहण तथा क्षति के निर्धारण के लिए) नियमावली, 1995 (जिसे आगे यहां "नियमावली" भी कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए;

1. मैसर्स जे. एस. डब्ल्यू स्टील कोटेड प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जिसे यहां आगे "आवेदक" अथवा "घरेलू उद्योग"अथवा "डीआई"भी कहा गया है) ने चीन जन. गण., वियतनाम और कोरिया गणराज्य (जिन्हें यहां "संबद्ध देश" भी कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "एल्युमीनियम और जिंक कोटेड फ्लैट उत्पाद" (जिसे यहां आगे "संबद्ध सामान" भी कहा गया है) के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के लिए समय-समय पर यथासंशोधित सीमाप्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे बाद में "अधिनियम" कहा गया है) और उसकी समय-समय पर यथासंशोधित सीमाप्रशुल्क (पाटित आयातों पर पाटनरोधी शुल्क की जांच, मूल्यांकन एवं संग्रहण तथा क्षति के निर्धारण के लिए) नियमावली, 1995 (जिसे आगे यहां "नियमावली" भी कहा गया है) के अनुसार निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे यहां "प्राधिकारी" भी कहा गया है) के समक्ष एक आवेदन पत्र दायर किया था।

2. प्राधिकारी ने आवेदकों द्वारा प्रस्तुत पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के तथाकथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव निर्धारित करने के लिए तथा पाटनरोधी शुल्क जो यदि लगाया जाता है और घरेलू उद्योग को तथाकथित क्षति को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा, की राशि की सिफारिश करने के लिए नियमावली के नियम 5 के अनुसार संबद्ध जांच शुरू करते हुए भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित 02 अप्रैल, 2019 की अधिसूचना संख्या 6/4/2019-डीजीटीआर द्वारा एक सार्वजनिक सूचना जारी की।

3. प्राधिकारी ने की गई प्राथमिक जांच के आधार पर चीन जन. गण., वियतनाम और कोरिया गणराज्य के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों, जो सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (1975 का 51) के अध्याय 72 के शीर्ष 7210, 7212, 7225 और 7226 के तहत आते हैं, के आयातों पर अनंतिम पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की सिफारिश करते हुए 15 जुलाई, 2019 की अधिसूचना संख्या 6/4/2019-डीजीटीआर द्वारा अपने प्राथमिक जांच परिणाम जारी किए। अनंतिम पाटनरोधी शुल्क वित्त मंत्रालय द्वारा अपनी अधिसूचना की तारीख से 6 माह की अवधि के लिए 15 अक्तूबर, 2019 की अधिसूचना संख्या 40/2019-सीमा शुल्क (एडीडी) द्वारा अधिसूचित किए गए हैं।

ख. प्रक्रिया

4. प्राधिकारी द्वारा विषयगत जांच के संबंध में नीचे वर्णित प्रक्रिया अपनाई गई है:

क. प्राधिकारी ने उपर्युक्त नियम 5 के उपनियम (5) के अनुसार जांच की कार्यवाही की शुरूआत करने से पहले पाटनरोधी आवेदन पत्र प्राप्त होने के संबंध में भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों को अधिसूचित किया।

ख. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरू करते हुए भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित 02 अप्रैल, 2019 की एक सार्वजनिक सूचना जारी की।

ग. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों, संबद्ध देशों के ज्ञात उत्पादकों/ निर्यातकों, ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं तथा घरेलू उद्योग और अन्य घरेलू उत्पादकों को आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए पतों के अनुसार जांच की शुरूआत की अधिसूचना की प्रति भेजी और उनसे अनुरोध किया कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर लिखित में अपने ज्ञात विचार दें।

घ. प्राधिकारी ने उपर्युक्त नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार भारत में संबद्ध देशों के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों तथा दूतावास को आवेदन पत्र के अगोपनीय रुपांतर की प्रति उपलब्ध कराई।

ङ. भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों से यह भी अनुरोध किया गया था कि वे अपने-अपने देशों के निर्यातकों/उत्पादकों को सलाह दें कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर दें। संबद्ध देशों से ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों के नामों और पतों के साथ उत्पादकों/निर्यातकों को भेजे गए पत्र और प्रश्नावली की प्रति भी भेजी गई थी।

च. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार संबद्ध देशों में निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को प्रश्नावलियां भेजीं:

<u>चीन जन. गण.</u>

1. बोस्टील आयरन एंड स्टील कं. लि.
2. बेंक्सी (बेंगांग) स्टील्स प्लेट्स कं. लि.
3. अंगाग स्टील कंपनी लिमिटेड
4. बीएक्स स्टील पोस्को कोल्ड रोल्ड शीट कं. लि.
5. जियांगिन जोंगचेंग स्टील कं. लि.
6. शंघाई मैषान आयरन एंड स्टील कं. लि.
7. यूनियन स्टील चाइना कं. लि.
8. यिहीफुई (चाइना) टेक्नोमैटेरियल कं. लि.

<u>वियतनाम</u>

1. नाम किम स्टील
2. हाओसेन ग्रुप
3. मरूचि सन स्टील ज्वाइंट स्टॉक कंपनी

<u>कोरिया गणराज्य</u>

1. डोंगकुक स्टील मिल कं.
2. पोस्को कोटेड एंड कलर स्टील कं. लि.
3. दोंगबु स्टील कं. लि. सिओल स्क्वायर बिल्डि.

छ. उत्तर में संबद्ध देशों के निम्नलिखित निर्यातकों/उत्पादकों ने निर्धारित प्रपत्र में निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर दायर किए:

1. मैसर्स झेजियांग होडा न्यू मैटेरियल्स कं. लि., चीन जन. गण. (झेजियांग)
2. मैसर्स शंघाई शिजिंग इंटरनेशनल ट्रेडिंगकं. लि., चीन जन. गण. (शंघाई शिजिंग)
3. मैसर्स पोस्को एशिया कंपनी लि., चीन जन. गण.
4. मैसर्स टे नाम स्टील मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेडिंग कं. लि., वियतनाम (तेय नाम)
5. मैसर्स वीना वन स्टील मैन्युफैक्चरिंग कारपोरेशन, वियतनाम (वीना वन)
6. मैसर्स हाओसेन ग्रुप जेएससी (एचएसजी), वियतनाम (एचएसजी)
7. मैसर्स हाओसेंघे एन वन मेंबर एलएलसी (एचएसएनए), वियतनाम (एचएसएनए)
8. मैसर्स टोन डोंग ए कारपोरेशन, वियतनाम (टोन डोंग)
9. मैसर्स मरूबेनी-इटोचू स्टील पीटीई. लि., वियतनाम
10. मैसर्स पोस्को, कोरिया गणराज्य

11. मैसर्स पोस्कोकोटेड एंड कलर, कोरिया गणराज्य (पोस्को सीएंडसी)

12. मैसर्स डोंगबुस्टीलएंड इंचियोन, कोरिया गणराज्य (डोंगबु)

13. मैसर्स डोंगकुकस्टीलमिलकं. लि., कोरिया गणराज्य (डोंगकुक)

14. मैसर्स जीएस ग्लोबल कारपो., कोरिया गणराज्य

15. मैसर्स पोस्कोसैमसंग सीएंडटी कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य

16. मैसर्स पोस्को इंटरनेशनल कारपोरेशन(पूर्व में पोस्कोदेवूकारपोरेशनके रूप में ज्ञात),कोरिया गणराज्य

17. मैसर्स ह्योसंग टीएनसीकारपोरेशन, कोरिया गणराज्य

18. मैसर्स नाम किमस्टील (वियतनाम) (नाम किम)

19. मैसर्स स्टिंको कं. लि.,कोरिया गणराज्य

ज. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना मंगाते हुए भारत में संबद्ध सामानों के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को आयातक प्रश्नावली भेजीः

1. अभय इस्पात प्रा. लिमिटेड

2. एजेएस इम्पैक्स प्रा.लिमिटेड

3. अमर इम्पैक्स

4. अरिस्टम एजेंसी प्रा.लिमिटेड

5. कलर शाइन कोटेड प्रा.लिमिटेड

6. डोंगकुक स्टील इंडिया प्रा.लिमिटेड

7. गैंग्स इंटरनेशनल प्रा. लि.

8. गोपानी आयरन एंड पावर इंडिया प्रा.लिमिटेड

9. जय हिन्द ट्रेडर्स

10. जे. के.स्टील कारपोरेशन

11. जेनिल स्टील प्रा.लिमिटेड

12. जेटीएल इंफ्रालिमिटेड

13. ला टिम सोरिसंग इंडिया प्रा.लिमिटेड

14. मनकसिया स्टील्स लिमिटेड

15. प्रभाव ग्लोबर कलर कोटेड प्रा.लिमिटेड

16. स्कीनीदर इलैक्ट्रिक इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड

17. स्टैंडर्ड रिटेल प्रा.लिमिटेड

झ. उत्तर में निम्नलिखित आयातकों/प्रयोक्ताओं ने उत्तर दिया और आयातक की प्रश्नावली के उत्तर/कानूनी अनुरोध दायर किए हैं:

1. मैसर्स जयहिंद ट्रेडर्स (आयातक)
2. मैसर्स एक्मी क्लीनटेक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड (आयातक)
3. मैसर्स पोस्कोआईपीपीसी (आयातक)
4. मैसर्स पोस्कोआईसीपीसी (आयातक)
5. मैसर्स पोस्कोआईडीपीसी (आयातक)
6. मैसर्स पोस्कोआईएपीसी (आयातक)
7. मैसर्स एसएनएसकारपोरेशन (प्रयोक्ता)
8. मैसर्स पुरूषोत्तम प्रोफाइल्सप्रा. लि. (प्रयोक्ता)
9. मैसर्स विजयश्रीस्टीलइंडस्ट्रीज (प्रयोक्ता)
10. मैसर्स एमप्लस केएन वन पावर प्रा. लि. (प्रयोक्ता)
11. मैसर्स अल्ट्रा इंजीनियर्स (प्रयोक्ता)
12. मैसर्स लाटिम सोर्सिंग (इंडिया)प्रा. लि. (प्रयोक्ता)
13. मैसर्स कलरशाइन कोटेड प्राइवेटलिमिटेड (प्रयोक्ता)
14. मैसर्स रिन्यू पावरलिमिटेड (प्रयोक्ता)
15. मैसर्स एल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लि. (प्रयोक्ता)
16. सोलर पावर डेवलेवर एसोसिएशन (प्रयोक्ता)
17. मैसर्स महिंद्रा एंड महिंद्रा लि. (आयातक)
18. मैसर्स स्टैंडर्ड रिटेलप्रा. लि. (आयातक)
19. मैसर्स मरेसो पीटीई. लि., सिंगापुर (निर्यातक)
20. मैसर्स अवादा एनर्जी प्रा. लि.(आयातक)
21. मैसर्स तुरखिया इंटरनेशनलप्रा. लि.(आयातक)
22. मैसर्स मरेसो पीटीई. लि. (सिंगापुर)
23. मैसर्स जीसीएल सिस्टम इंटीग्रेशन टेक.प्रा. लि.(आयातक)
24. मैसर्स पोस्को इंडिया होल्डिंग्स (आयातक)
25. मैसर्स स्कीनीदर इलैक्ट्रिक इंफ्रास्ट्रक्चर लि. (आयातक)
26. मैसर्स हीरो सोलर एनर्जी प्रा. लि. (प्रयोक्ताऔरआयातक)
27. मैसर्स अदानी ग्रीन एनर्जी लि. (प्रयोक्ता)
28. मैसर्स ट्रिकोलाइट इलैक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज लि. (प्रयोक्ता)
29. मैसर्स इसुजू मोटर इंडिया प्रा.लि. (प्रयोक्ता)

30. मैसर्स अभय इस्पात (इंडिया) प्रा. लि. (आयातक)

31. मैसर्स नील मेटल प्रोडक्ट्स लि. (प्रयोक्ता)

32. मैसर्स सोलर पावर डेवलेपर्स एसोसिएशन (प्रयोक्ता)

33. मैसर्स एमप्लस एनर्जी सॉल्यूशनप्रा. लि. (प्रयोक्ता)

34. मैसर्स स्टरलिंग विल्सन सोलर पावर प्रा. लि. (प्रयोक्ता)

35. मैसर्स जेबीएम ऑटो लि. (प्रयोक्ता)

36. मैसर्स महिंद्रा इंट्रेड लि. (प्रयोक्ता)

37. मैसर्स फॉर्मिंग इंडिया प्रा. लि. (प्रयोक्ता)

38. मैसर्स मनकसियास्टीललि. (आयातक)

39. नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया (प्रयोक्ता)

40. मैसर्स पोलमरस्टीलप्रा. लि. (प्रयोक्ता)

41. मैसर्स एचओए फाटस्टीलशीट कं. लि., वियतनाम (निर्यातक)

42. मैसर्स केटीके ट्रांसपोर्ट इक्विपमेंट (इंडिया) प्रा. लि.

43. मैसर्स इसुजू मोटर्स इंडिया प्राइवेटलिमिटेड

44. ट्रेड रेमिडीज अथॉरिटी ऑफ वियतनाम, उद्योग एवं व्यापार मंत्रालय, वियतनाम

45. मैसर्स सोलर पावर डेवलेपर्स एसोसिएशन

46. एमएंडबी इंजीनियरिंग लि., अहमदाबाद

47. कोरिया गणराज्य का दूतावास, नई दिल्ली

48. विदेशी कार्य मंत्रालय, कोरिया गणराज्य

ञ. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निरीक्षण के लिए खुले में रखी गई सार्वजनिक फाइल के रूप में विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य/अनुरोधों का अगोपनीय रुपांतर उपलब्ध कराया। सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों पर इस अंतिम जांच परिणाम अधिसूचना में ध्यान दिया गया है।

ट. वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएंडएस) से अनुरोध किया गया था कि वे पिछले तीन वर्षों तथा जांच की अवधि के लिए संबद्ध सामानों के आयातों के लेन-देनवार ब्यौरे उपलब्ध कराएं जो प्राधिकारी को प्राप्त हो गए थे। प्राधिकारी ने आयातों की मात्रा का परिकलन करने और लेन-देनों की उचित जांच करने के बाद उसके विश्लेषण के लिए डीजीसीआईएंडएस के आंकड़ों पर विश्वास किया है।

ठ. सामान्यतया स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों (जीएएपी) औ रनियमावली के अनुबंध-III के आधार पर घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के आधार पर भारत में संबद्ध सामानों की उत्पादन लागत और निर्माण एवं बिक्री लागत के आधार पर क्षति रहित कीमत (एनआईपी) निर्धारित की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

ड. आवेदक घरेलू उद्योग द्वारा दी गई सूचना के स्थल सत्यापन के माध्यम से आवश्यक समझी गई सीमा तक प्राधिकारी द्वारा भौतिक निरीक्षण किया गया था।केवल आवश्यक संशोधन के साथ सत्यापित सूचना, जहां भी लागू थी, पर अंतिम जांच परिणाम के प्रयोजन के लिए विश्वास किया गया है।

ढ. वर्तमानपाटनरोधी जांच, के प्रयोजन के लिए जांच की अवधि (पीओआई) 1 अक्तूबर, 2017 – 30 सितंबर, 2018 (12 माह) है।तथापि, जांच की अवधि अप्रैल, 2015 – मार्च, 2016, अप्रैल, 2016 – मार्च, 2017, अप्रैल, 2017 – मार्च, 2018 तथा जांच की अवधि मानी गई है।

ण. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को 15 जुलाई, 2019 को प्राथमिक जांच परिणाम अधिसूचित किए। प्राथमिक जांच परिणामों में रिकार्ड किए गए अनुसार प्राधिकारी ने उन पर टिप्पणियां मांगीं और प्राथमिक निर्धारण के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के विचारों को ध्यान में रखा गया है तथा अंतिम जांच परिणाम के प्रयोजन के लिए उन्हें यथासंभव हल किया गया है।

त. नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को 30 जुलाई, 2019 को आयोजित सुनवाई में मौखिक रूप से अपने विचार देने का अवसर भी प्रदान किया। उसके बाद, दूसरी सार्वजनिक सुनवाई निर्दिष्ट प्राधिकारी बदल जाने की दृष्टि से 4 दिसंबर, 2019 को हुई थी जिसमें विभिन्न पक्षकारों ने भाग लिया था। मौखिक सुनवाई में भाग लेने वाले सभी पक्षकारों को लिखित अनुरोध दायर करने और उसके बाद, यदि कोई प्रत्युत्तर है, तो उसे दायर करने का अवसर प्रदान किया गया था।

थ. जांच प्रक्रिया के दौरान घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए और संगत माने गए अनुरोधों की वर्तमान जांच के साक्ष्य के साथ समर्थित हद तक जांच की गई है और इस अंतिम जांच परिणाम में उन्हें हल किया गया है।

द. जहां कहीं किसी हितबद्ध पक्षकार ने सूचना देने से इंकार किया है अथवा अन्यथा वर्तमान जांच प्रक्रिया के दौरान आवश्यक सूचना नहीं दी है अथवा जांच में काफी बाधा डाली है, वहां प्राधिकारी ने ऐसे हितबद्ध पक्षकारों को असहयोगी माना है तथा उपलब्ध तथ्यों के आधार पर इन अंतिम जांच परिणाम को रिकार्ड किया है।

ध. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना की गोपनीयता के दावों की उनकी पर्याप्तता के संदर्भ में जांच की गई। प्राधिकारी ने संतुष्ट होने पर जहां कहीं भी उचित था, गोपनीयता के ऐसे दावों को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गोपनीय समझा है और उसे अन्य हितबद्ध पक्षकारों के समक्ष प्रकट नहीं किया है।जहां कहीं भी संभव हुआ है, वहां गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को निदेश दिया गया था कि वे गोपनीय आधार पर दायर सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रुपांतर प्रस्तुत करें और उसे नियमावली के अनुसार प्राधिकारी द्वारा रखी गई सार्वजनिक फाइल में रखा गया था।

न. उपर्युक्त नियमावली के नियम 16 के अनुसार, जांच के अनिवार्य तथ्य ज्ञात हितबद्ध पक्षकारों को 31 जनवरी, 2020 के प्रकटन विवरण द्वारा प्रकट किए गए थे और उस पर प्राधिकारी द्वारा संगत मानी गई प्राप्त टिप्पणियों को इस अंतिम जांच परिणाम में हल कर दिया गया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अधिकतर प्रकटन पश्चात अनुरोध उनके पूर्व अनुरोधों की केवल पुनरावृत्ति थे। तथापि, संगत मानी गई सीमा तक प्रकटन पश्चात अनुरोधों की इस अंतिम जांच परिणाम में जांच की जा रही है।

प. आवेदक घरेलू उद्योग तथा उत्तरदाता उत्पादकों और संबद्ध देशों के निर्यातकों द्वारा दी गई सूचना की स्थल जांच के माध्यम से वास्तविक निरीक्षण आवश्यक समझी गई सीमा तक प्राधिकारी द्वारा किया गया था। जहां भी लागू था, केवल उस सत्यापित सूचना पर आवश्यक संशोधन के साथ इस जांच परिणाम के प्रयोजन के लिए विश्वास किया गया है।

फ. इस अंतिम जांच परिणाम में *** किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई तथा प्राधिकारी द्वारा नियमावली के तहत मानी गई सूचना दर्शाते हैं।

ब. संबद्ध जांच के लिए प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = 67.43 रुपए है।

ग. विचाराधीन उत्पादन (पीयूसी) तथा समान वस्तु

5. जांच की शुरूआत के चरण में विचाराधीन उत्पाद निम्नलिखित रूप में परिभाषित किया गया था:

"एल्युमीनियम और जिंक के अलॉय से स्टील, प्लेटेड अथवा कोटेड के फ्लैट रोल्ड उत्पाद एल्युमीनियम और जिंक के इस अलॉय में एक या अधिक अतिरिक्त तत्व निहित हो सकते हैं जो अलग-अलग अथवा संयुक्त रूप से भार में 3 प्रतिशत से अधिक नहीं होंगे।

विचाराधीन उत्पाद कॉइल रूप में नहीं हो सकते हैं, चाहे वो प्लेन कोरूगेटेड अथवा प्रोफाइल्ड रूप में हों या न हों। विचाराधीन उत्पाद स्किन-पास्ड/टेम्पर मिल पर प्रसंस्कृत अथवा नॉन-स्किन-पास्ड हो सकते हैं, भले ही वे अतिरिक्त नॉन-मैटेलिक कोटिंग के साथ अथवा बिना शोधी गई सतह हों या न हों। विचाराधीन उत्पाद विभिन्न व्यापारिक नामों में आपूर्ति किया जा सकता है, परंतु वे एलु-जिंक, एल-जेडएन, जिंक-एल्युमीनियम, एल्युमीनियम-जिंक, जिंकालूम, गेल्वालूम आदि तक सीमित न हों। विचाराधीन उत्पाद क्षरण में प्रतिरोधकता देता है तथा कई अनुप्रयोगों तथा क्षेत्रों में प्रयुक्त किया जाता है, परंतु अवसंरचना परियोजनाओं, सौर विद्युत परियोजनाओं, रूफिंग, वॉलिंग डेकिंग, क्लेडिंग तथा फ्रेमिंग, व्हाइट गुड्स एवं यंत्रों, फर्नीचर एवं कलर कोटेड स्टील के लिए सबस्ट्रेट तक सीमित नहीं है।

विचाराधीन उत्पाद में निम्नलिखित उत्पाद शामिल नहीं होते हैं:

i. एल्युमीनियम को शामिल किए बिना जिंक से कोटेड फ्लैट रोल्ड स्टील उत्पाद;

ii. फ्लैट रोल्ड कलर कोटेड स्टील उत्पाद

विचाराधीन उत्पाद सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की प्रशुल्क मदों 72106100, 72125090, 72259900 और 72269990के तहत आता है। विचाराधीन उत्पाद अन्य सीमा प्रशुल्क मदों 72101290, 72103090, 72104900, 72106900, 72107000, 72109090, 72121090, 72122090, 72123090, 72124000, 72169910, 72255010, 72259100, 72259200, 72269930 आदि के तहत भी आयात किया जा रहा है। सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और वर्तमान जांच के क्षेत्र पर किसी भी तरह बाध्यकारी नहीं है।"

6. प्राधिकारी ने अपने प्राथमिक जांच परिणाम में अनंतिम रूप से यह माना कि इस्पात के फ्लैट रोल्ड उत्पाद, संबद्ध देशों से आयात किए जा रहे एल्युमीनियम तथा जिंक के अलॉय से युक्त प्लेटेड तथा कोटेड और घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित ये उत्पाद समान वस्तु हैं और तद्नुसार, एल्युमीनियम तथा जिंक के अलॉय के साथ कोटेड अथवा प्लेटेड, इस्पात के फ्लैट रोल्ड सभी उत्पादों पर अनंतिम शुल्कों की सिफारिश की गई थी। एल्युमीनियम और जिंक के इस अलॉय में एक अथवा अधिक अतिरिक्त तत्व हो सकते हैं जो अलग अथवा संयोजन में भार में 3 प्रतिशत से अधिक नहीं होंगे। तथापि, विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के संबंध में कई तर्क दिए गए हैं जो प्रकृति में पुनरावृत्ति के हैं। अतः अंतिम निर्धारण के प्रयोजन के लिए प्राधिकारी ने उनके समक्ष सभी वास्तविक तथ्यों को ध्यान में रखते हुए विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र की निम्नलिखित रूप में जांच की है।

ग.1 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

7. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद एल्युमीनियम तथा जिंक के अलॉय से कोटेड अथवा प्लेटेड, स्टील के फ्लैट रोल्ड उत्पाद हैं। एल्युमीनियम और जिंक के इस अलॉय में एक या अधिक अतिरिक्त घटक हो सकते हैं जो भार में अलग-अलग अथवा संयुक्त रूप से 3 प्रतिशत से अधिक नहीं होंगे। विचाराधीन उत्पाद क्षरण से संरक्षण देता है। विचाराधीन उत्पाद कॉइल रूप में नहीं हो सकते हैं, चाहे वो प्लेन कोरूगेटेड अथवा प्रोफाइल्ड रूप में हों या न हों। विचाराधीन उत्पाद स्किन-पास्ड/टेम्पर मिल पर प्रसंस्कृत अथवा नॉन-स्किन-पास्ड हो सकते हैं, भले ही वे अतिरिक्त नॉन-मैटेलिक कोटिंग के साथ अथवा बिना शोधी गई सतह हों या न हों। विचाराधीन उत्पाद विभिन्न व्यापारिक नामों में आपूर्ति किया जा सकता है, परंतु वे एलु-जिंक, एल-जेडएन, जिंक-एल्युमीनियम, एल्युमीनियम-जिंक, जिंकालूम, गेल्वालूम आदि तक सीमित न हों।

ख. एल्युमीनियम और जिंक कोटेड फ्लैट उत्पाद सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की प्रशुल्क मदों 72106100, 72125090, 72259900 और 72269990 के तहत आता है। तथापि, आयात सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के कुछ अन्य आईटीसी एचएस कोडों यथा 72101290, 72103090, 72104900, 72106900, 72107000, 72109090, 72121090, 72122090, 72123090, 72124000, 72169910, 72255010, 72259100, 72259200, 72269930 आदि में भी जानकारी में आए हैं।

ग. आवेदक ने दोहराया कि घरेलू उद्योग द्वारा पेश किया गया उत्पाद कोरिया गणराज्य से आयातित पोसमेक जिक्स सहित भारत को आयातित संबद्ध सामानों की समान वस्तु है।

घ. पोसमेक को हटाने के संबंध में आवेदक ने अनुरोध किया कि पोसमेक में एल्युमीनियम और जिंक, दोनों हैं और इसीलिए वे विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के अंतर्गत हैं। यह भी अनुरोध किया गया था कि गेल्वालूम वाणिज्यिक रूप से, तकनीकी रूप से पोसमेक के साथ प्रतिस्थापनीय था और समान अंतिम प्रयोग के लिए अर्थात आधार इस्पात के संरक्षण के प्रतिरोध के लिए समान ग्राहकों द्वारा प्रयुक्त किया जा रहा था। वस्तुतः पोसमेक महंगा होने के बावजूद कम कीमतों पर पेश किया जा रहा था।

ङ. आवेदक ने यह भी अनुरोध किया कि अंतर्राष्ट्रीय मानक यह निर्धारित करने के लिए असंगत थे कि क्या गेल्वालूम पोसमेक के लिए एक समान वस्तु है अथवा नहीं।

च. उत्तरदाताओं के इस तर्क के संबंध में कि आवेदक केवल .8 एमएम से 1.2 एमएम उत्पाद की आपूर्ति करने में ही सक्षम है जो कि उस रेंज से कम है जो पोसमेक पेश करता है, आवेदक ने अनुरोध किया कि वह 3 एमएम मोटाई तक के विचाराधीन उत्पाद के विनिर्माण में सक्षम है। उसने अपने तर्क के समर्थन में लेन-देन वार आयात आंकड़ों का उल्लेख किया है।

छ. इस तर्क के संबंध में कि पोसमेक में दो भिन्न विशेषताएं अर्थात सेल्फ हीलिंग सिस्टम तथा अल्कालिन प्रतिरोधकता हैं, आवेदक ने अनुरोध किया कि ग्राहक संक्षारण प्रतिरोधकता के आधारभूत गुणधर्म के लिए एल्युमीनियम तथा जिंक कोटेड उत्पाद और पोसमेक का परस्पर परिवर्तनीय रूप से प्रयोग करते आ रहे हैं। उसने यह भी अनुरोध किया कि दोनों उत्पादों की संक्षारण प्रतिरोधकता बढ़ाने के लिए एक पूर्व सावधानी के रूप में स्प्रे (एल्युमीनियम और जिंक में) प्रयुक्त किया जा सकता है।

ज. आवेदक ने यह तथ्य दोहराया कि गेल्वालूम में भी उत्कृष्ट संक्षारण प्रतिरोधकता तथा प्रमुख रख-रखाव की अपेक्षा से पूर्व लगभग 35 वर्षों के जीवनकाल की आशा है।

झ. पोसमेक के लिए पेश की गई वारंटी के संबंध में आवेदक ने अनुरोध किया कि यह एल्युमीनियम तथा जिंक कोटेड उत्पाद का बाजार हिस्सा लेने के लिए एक संवर्धनात्मक तरीका था। उसने अनुरोध किया कि अपने बेहतर निष्पादन के दावे के बावजूद पोसमेक ने अल्कालिन परिवेश के तहत प्रयोग के लिए वारंटी नहीं दी। आवेदक ने पेश की गई वारंटी में कई चिंताएं उठाईं, उनमें प्राथमिक करार की शर्तों में संशोधन करने के लिए पोस्को का अधिकार तथा किसी विवाद पर कोरिया तथा सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के अधिकार क्षेत्र के कानून होने के नाते शासी कानून थे। आवेदक ने ऐसी कई स्थितियों का उल्लेख किया है जहां वारंटी वैध नहीं थी।

ञ. आवेदक ने अनुरोध किया कि यद्यपि घरेलू उद्योग में एजेड 70 से कम के कोटिंग मास वाले विचाराधीन उत्पाद को उत्पादित करने की क्षमता था। तथापि, उसने बीआईएस के आईएस 15961:2012 का अनुपालन करने के लिए ऐसा नहीं किया जो कि 13 अगस्त, 2018 के इस्पात एवं इस्पात उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश के क्रम सं. 47 के माध्यम से अनिवार्य रूप से लागू हो गया था।

ट. इस तर्क के संबंध में कि 540 की तनन शक्ति से अधिक के एल्युमीनियम जिंक अलॉय कोटेड कॉइलों को अलग किया जाना चाहिए, आवेदक ने अनुरोध किया कि घरेलू उद्योग के पास उसकी आपूर्ति करने की क्षमता है। अतः उसे विचाराधीन उत्पाद के रूप में माना जाना चाहिए।

ठ. उत्तरदाताओं के इस तर्क के संबंध में कि विचाराधीन उत्पाद की परिभाषा नियम 2(ख) के विपरीत है क्योंकि यह व्यापक है और भिन्न विशेषताओं तथा व्यापक अनुप्रयोगों के साथ उत्पादों की पूरी रेंज को

शामिल करती है, आवेदक ने प्राधिकारी द्वारा निर्धारित विचाराधीन उत्पाद का संदर्भ दिया और उल्लेख किया कि यह अवधारणा कि एल्युमीनियम की 2-5 प्रतिशत मात्रा उत्पाद को उत्पाद क्षेत्र के अंतर्गत नहीं लाती, गलत है।

ड. इसके अतिरिक्त, डोंगकुक स्टील मिल के इस तर्क के संबंध में कि जिक्स एक समान उत्पाद नहीं है, आवेदक ने अनुरोध किया कि चूंकि जिक्स में एल्युमीनियम और जिंक दोनों हैं, अतः यह स्पष्ट रूप से विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

ढ. एसपीडीए और विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों ने एक मुद्दा उठाया है कि पोसमेक और गेल्वालूम का अंतिम प्रयोग दोनों उत्पादों के गुणधर्मों में अंतर के कारण भिन्न है। एसपीडीए ने विशेष रूप से अनुरोध किया है कि पोसमेक का प्रयोग कॉलम्स तथा ब्रेशर बनाने के लिए किया जा रहा है, जबकि गेल्वालमू का प्रयोग रैफटर्स तथा पुरलिन बनाने के लिए किया जाता है। इस संबंध में, आवेदक ने अनुरोध किया कि वे पुरलिन, रैफटर्स, ब्रेशर्स और कॉलम्स में प्रयुक्त किए जा रहे एल्युमीनियम जिंक कोटेड इस्पात का विनिर्माण और आपूर्ति कर रहे हैं। वस्तुतः सौर उद्योग गेल्वालूम की खरीद पुरलिन, रैफटर्स, कॉलम्स, ब्रेशर्स आदि सहित सोलर माउंटिंग संरचनाओं में प्रयोग के लिए करता है जो स्पष्ट रूप से यह दर्शाता है कि जेएसडब्ल्यू गेल्वालूम (गेल्वोस ब्रांड) पुरलिन, रैफटर्स, कॉलम्स, ब्रेशर्स, एंगल्स आदि सहित सोलर माउंटिंग संरचनाओं के निर्माण के लिए प्रयुक्त किया जा रहा है। इस संबंध में, आवेदक ने यह स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए 21 अक्तूबर, 2019 और 16 दिसंबर, 2019 के अपने पत्रों द्वारा प्राधिकारी को पर्याप्त साक्ष्य प्रदान किए कि भारत में दो सबसे बड़े सौर परियोजना विकासकर्ताओं ने पुरलिन, रैफटर्स, कॉलम्स, ब्रेशर्स, एंगल्स आदि सहित सोलर माउंटिंग संरचनाएं बनाने के लिए जेएसडब्ल्यू गेल्वालूम की खरीद की।

ण. आवेदक ने यह भी अनुरोध किया कि उत्तरदाता एसपीडीए साक्ष्य के साथ अपने तर्क को सिद्ध करने में विफल रहा है कि आवेदक ने विचाराधीन उत्पाद का भाग बनने वाले कुछ उत्पादों का उत्पादन नहीं किया।

त. पीसीएन वार विश्लेषण करने के लिए कुछ हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध के संबंध में आवेदक ने अनुरोध किया कि पीसीएन सिद्धांत केवल उन मामलों में अपेक्षित होता है जहां विचाराधीन उत्पाद/समान वस्तु के कई ग्रेड तथा रूप हों और इन ग्रेडों और रूपों के बीच काफी लागत एवं कीमत अंतर हो। तथापि, ये शर्तें निम्नलिखित कारणों से वर्तमान जांच में लागू नहीं हैं:

(i) घरेलू उद्योग प्राथमिक रूप से दो रूपों – सीएफ और सीओएफ में बिक्री करता है। आवेदक की बिक्री में इन दोनों उत्पादों का हिस्सा लगभग 97 प्रतिशत है और इन दोनों रूपों के बीच कीमत अंतर लगभग 2200 रूपये का है जो कि 5 प्रतिशत से अधिक नहीं है।

(ii) घरेलू उद्योग द्वारा बेचे गए विचाराधीन उत्पाद के कोटिंग ग्रेड प्राथमिक रूप से एजेड 150 और एजेड 70 हैं। आवेदक की घरेलू बिक्री में इन दोनों ग्रेडों का हिस्सा लगभग 83 प्रतिशत है और इन दोनों कोटिंग ग्रेडों के बीच कीमत अंतर 5 प्रतिशत से अधिक नहीं है।

(iii) घरेलू उद्योग 0.19 एमएम से 2.20 एमएम की रेंज की मोटाई वाले विचाराधीन उत्पाद की बिक्री करता है। इन मोटाईयों के अंतर्गत बिक्री के 85 प्रतिशत से अधिक वाले उत्पादों के बीच कीमत अंतर 5 प्रतिशत से अधिक नहीं है।

(iv) आवेदक ने कोरिया गणराज्य से आयातित पोसमेक तथा पोसमेक को छोड़कर अन्य उत्पादों की पहचान की है। आवेदक ने भारत में कोरिया गणराज्य से आने वाले दोनों उत्पादों में कोई कीमत अंतर नहीं पाया है।

थ. विचाराधीन उत्पाद क्षरण में प्रतिरोधकता देता है। विचाराधीन उत्पाद का प्रयोग अवसंरचना परियोजनाओं, सौर विद्युत परियोजनाओं, रूफिंग, वॉलिंग डेकिंग, क्लेडिंग तथा फ्रेमिंग, व्हाइट गुड्स एवं यंत्रों, फर्नीचर एवं कलर कोटेड स्टील सहित कई अनुप्रयोगों और क्षेत्रों में किया जाता है।

द. संबद्ध देशों से भारत में आयातित संबद्ध सामान और आवेदक द्वारा विनिर्मित सामान की गुणवत्ता, परिणाम और निष्पादन में कोई अंतर नहीं है। घरेलू उत्पादकों द्वारा उत्पादित संबद्ध सामान और संबद्ध देशों से आयातित संबद्ध सामान भौतिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया, प्रौद्योगिकी, प्रकार्य, प्रयोग आदि जैसे सभी

संगत मानदंडों में तुलनीय हैं। घरेलू तौर पर विनिर्मित उत्पाद और आयातित उत्पाद भारतीय ग्राहकों द्वारा परस्पर परिवर्तनीय रूप से प्रयुक्त किए जा रहे हैं।

ध. आवेदक की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार आवेदक द्वारा तथा संबद्ध देशों के निर्यातकों द्वारा लगाई गई उत्पादन प्रक्रिया में कोई प्रमुख ज्ञात अंतर नहीं है।

न. विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से अलग करने के लिए उत्पाद की गुणवत्ता मानदंड नहीं है। आवेदक द्वारा उत्पादित किए जा रहे संबद्ध सामानों कीगुणवत्ता आयातित संबद्ध सामानों के समान है।

प. भारत में संबद्ध सामानों के घरेलू उत्पादक भारत में विचाराधीन उत्पाद की पूरी मांग पूरा करने में सक्षम हैं।

फ. आवेदक 70 जीएसएम से कम संबद्ध सामानों का उत्पादन करने में सक्षम हैं। तथापि, आवेदक भारतीय मानक ब्यूरो के लागू दिशा-निर्देशों, जो कि इस्पात गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के अनुसरण में कार्यमुक्त किए जाते हैं, के कारण 70 जीएसएम से कम कोटिंग मास वाले संबद्ध सामानों का मुश्किल से ही उत्पादन करता है।

ब. दिनांक 02 अप्रैल, 2019 की जांच की शुरूआत की अधिसूचना के पैरा 4 में प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से उन्हें निकाले जाने की बात स्पष्ट की थी। पोस्को के उत्पाद पोसमेक में एल्युमीनियम और जिंक दोनों होते हैं और इसीलिए स्पष्ट रूप से विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में शामिल होता है। यह अवधारणा कि एल्युमीनियम की यह मात्रा उसे उत्पाद क्षेत्र के अंतर्गत नहीं लाती है, निम्नलिखित कारणों से गलत है:

(i) कोई भी जिंक, एल्युमीनियम और मैग्नीशियम उत्पाद एल्युमीनियम के बिना उसी क्षरण प्रतिरोधकता गुणधर्मों से विनिर्मित नहीं किया जा सकता।

(ii) पोसमेक जिंक कोटेड उत्पाद से भिन्न है क्योंकि उसकी एल्युमीनियम की मात्रा जिंक कोटेड उत्पाद की अपेक्षा बेहतर क्षरण प्रतिरोधकता देती है और इसीलिए उसे जिंक कोटेड उत्पाद से तुलनीय नहीं माना जा सकता।

(iii) भारतीय उद्योग द्वारा विनिर्मित एल्युमीनियम तथा जिंक कोटेड उत्पाद (गेल्वालूम) वाणिज्यिक रूप से, तकनीकी रूप से और विशेषता की दृष्टि से पोसमेक से प्रतिस्थापनीय है। पोसमेक का प्रयोग वह कीमत पेश कर समान अंतिम अनुप्रयोगों के लिए समान ग्राहकों द्वारा किया जा सकता है और किया जा रहा है जो भारतीय उद्योग द्वारा पेश की गई एल्युमीनियम एवं जिंक कोटेड उत्पाद की घरेलू कीमत की कटौती करती है। वस्तुतः पोसमेक मैग्नीशियम वाले उच्चतर जिंक की मात्रा के प्रयोग के बावजूद कम कीमतों पर पेश किया जा रहा है जो कि एल्युमीनियम से अधिक महंगा है।

(iv) पोसमेक और गेल्वालूम जैसे इन सभी उत्पादों के लिए प्राथमिक रूप से अपेक्षित अंतिम अनुप्रयोग आधार इस्पात के क्षरण को प्रतिरोधकता देने के लिए है और इसीलिए आसानी से प्रतिस्थापनीय है।

भ. एल्युमीनियम और जिंक कोटेड उत्पाद (गेल्वालूम) भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित होने के नाते पोसमेक की समान वस्तु है क्योंकि वह वाणिज्यिक रूप से, तकनीकी रूप से और विशेषता की दृष्टि से पोसमेक का स्थानांतरण हो सकता है। यह भी अनुरोध किया जाता है कि यह निर्धारित करने के लिए कि क्या गेल्वालूम पोसमेक के लिए समान वस्तु है अथवा नहीं, अंतर्राष्ट्रीय मानक असंगत हैं।

म. भारतीय उद्योग ने अपने ग्राहक आधार को 0.19 एमएम से 2.2 एमएम मोटाई तक के एल्युमीनियम और जिंक कोटेड उत्पादों की आपूर्ति की है। 2.2 एमएम से अधिक की मोटाई वाली सामग्री के लिए आवेदक द्वारा कोई आदेश प्राप्त नहीं किया गया है। तथापि, 3 एमएम मोटाई तक के विचाराधीन उत्पाद का विनिर्माण करने के लिए सुविधा में क्षमता है। ग्राहक द्वारा यदि कोई विशेष अपेक्षा होती है तो आवश्यक उत्पाद विकास शुरू किया जा सकता है। साथ ही, लेन-देन वार आयात आंकड़ों से यह सिद्ध है कि 3 एमएम से अधिक मोटाई वाले पोसमेक की मात्रा के आयात बहुत कम हैं।

य. ग्राहक अपने आधारभूत गुणधर्म संरक्षण प्रतिरोधकता के लिए एल्युमीनियम और जिंक कोटेड उत्पाद तथा पोसमेक का प्रयोग परस्पर परिवर्तनीय रूप से करते आ रहे हैं। विभिन्न अंतिम प्रयोगों में इन उत्पादों की

परस्पर परिवर्तनीयता के लिए पर्याप्त साक्ष्य दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, पोसमेक और एल्युमीनियम एंड जिंक, दोनों के मामले में क्षरण प्रतिरोधकता बढ़ाने के लिए पूर्व सावधानी के उपाय के लिए स्प्रे (एल्युमीनियम और जिंक से) का प्रयोग किया जा सकता है।

(कक) यह नोट करना व्यावहारिक है कि कट स्तर पर उत्पाद गेल्वालूम में भी उत्कृष्ठ क्षरण प्रतिरोधकता है। प्रमुख रख-रखाव की आवश्यकता होने से पूर्व इस उत्पाद में कम से कम 35 वर्ष की उत्कृष्ट जीवन आशा भी है।

(खख) घरेलू उद्योग में 540 और उससे अधिक की तनन शक्ति वाले एल्युमीनियम जिंक कोटेड उत्पादों की आपूर्ति करने की क्षमता है और ग्राहकों की आवश्यकता के आधार पर घरेलू उद्योग वह आपूर्ति करता है।

(गग) यह नोट किया जाता है कि पोसमेक में एचआर तथा सीआर तत्व पर जिंक-एल्युमीनियम-मैग्नीशियम कोटिंग होती है। एचआर का प्रयोग पोसमेक के विनिर्माण में सामान्य रूप से नहीं किया जा सकता। एचआर बेस में शॉर्ट ब्लास्टिंग, पिकलिंग प्रक्रिया की जानी होती है तथा क-एल्युमीनियम-मैग्नीशियम कोटिंग करने से पूर्व स्किन पास्ड मिल के माध्यम से पास किये जाने की आवश्यकता होती है। भारतीय उद्योग द्वारा विनिर्मित किए जा रहे एल्युमीनियम-जिंक कोटेड उत्पाद को एचआर बेस पोसमेक में समान उत्पाद माना जाना चाहिए क्योंकि ये उत्पाद तकनीकी रूप से, वाणिज्यिक रूप से और विशेषता की दृष्टि से एक-दूसरे के प्रतिस्थापनीय हैं। उस तत्व को ध्यान में रखते हुए जिस पर कोटिंग की जाती है, आयातित पोसमेक में विचाराधीन उत्पाद से बारीकी से मिलती हुई विशेषताएं हैं और विचाराधीन उत्पाद के लिए मांग को सीधे ही विस्थापित कर रहा है। घरेलू उद्योग ने एचआर बेस के साथ गेल्वेनाइज्ड सामग्री की आपूर्ति की है और यदि ग्राहकों की उसकी आवश्यकता होती है तो घरेलू उद्योग के पास एचआर बेस के साथ गेल्वाल्यूम सामग्री की आपूर्ति करने की भी क्षमता है।

(घघ) आवेदक ने इस संबंध में पर्याप्त साक्ष्य दिए हैं कि ग्राहक घरेलू तौर पर उत्पादित एल्युमीनियम और जिंक कोटेड उत्पादों तथा आयातित जिंक-एल्युमीनियम-मैग्नीशियम कोटेड उत्पादों का प्रयोग समान अंतिम अनुप्रयोग के लिए परस्पर परिवर्तनीय रूप से कर रहे हैं और भारतीय उद्योग द्वारा विनिर्मित संबद्ध सामानों तथा आयातित संबद्ध सामानों की गुणवत्ता समान है।

(ङङ) संबद्ध सामानों के घरेलू उत्पादक भारत में संबद्ध सामानों की कुल मांग की पूर्ति करने में सक्षम हैं। तथापि, संबद्ध देशों से आ रहे पाटित आयातों की काफी मात्रा ने भारत में बाजार हिस्सा आक्रामक रूप से लिया है। घरेलू उद्योग ने गुणवत्ता एवं वाणिज्यिक दृष्टि से सौर उद्योग को विचाराधीन उत्पाद की आपूर्ति का साक्ष्य तथा अपनी क्षमता पूरी तरह से दर्शाई है।

(चच) आवेदक द्वारा उत्पादित संबद्ध सामानों की गुणवत्ता आयातित उत्पादों के समान है। वस्तुतः ग्राहक समान अंतिम अनुप्रयोग के लिए आयातित सामानों तथा आवेदक द्वारा उत्पादित किए जा रहे सामानों का प्रयोग परस्पर परिवर्तनीय रूप से करते हैं।

(छछ) जिंक के बिना एल्युमीनियम सिलिकॉन कोटेड शीट विचाराधीन उत्पाद का भाग नहीं है क्योंकि विचाराधीन उत्पाद में केवल "एल्युमीनियम तथा जिंक के अलॉय से युक्त स्टील, प्लेटेड तथा कोटेड फ्लैट रोल्ड उत्पाद" ही शामिल हैं।

(जज) आवेदक ने अपने आवेदन पत्र में पीसीएन वार विश्लेषण का कोई प्रस्ताव नहीं किया है क्योंकि पीसीएन वार जांच वर्तमान मामले के तथ्यों में अपेक्षित नहीं है।

(झझ) दिनांक 13 अगस्त, 2018 का स्टील एवं स्टील उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2018 का क्रम संख्या 47 "हॉट डिप एल्युमीनियम-जिंक अलॉय मैटेलिक कोटेड स्टील स्ट्रिप एवं शीट" के लिए भारतीय मानक ब्यूरो के आईएस 15961:2012 को अनिवार्य रूप से लागू बनाता है। यद्यपि, घरेलू उद्योग के पास एजेड 70 से कम के कोटिंग मास वाले विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन करने की क्षमता है, तथापि वह आईएस 15961:2012 का अनुपालन करने के लिए ऐसा नहीं करता। आईएस 15961:2012 की तालिका 2 के अनुसार कोटिंग क्लास तथा न्यूनतम कोटिंग मास निम्नलिखित रूप में दिया गया है।

क्रम सं.	कोटिंग ग्लास	न्यूनतम कोटिंग मास जी/एम2		
		कुल दोनों सतह		एक सतह
		ट्रिपल स्पॉट	सिंगल स्पॉट	सिंगल स्पॉट
i)	एजेड-200	200	180	80
ii)	एजेड-150	150	135	60
iii)	एजेड-100	100	90	40
iv)	एजेड-70	70	63	28

तालिका 2 के नीचे टिप्पणी में "उपर्युक्त को छोड़कर कोटिंग भार ग्राहक और आपूर्तिकर्ता के बीच आपसी करार का मामला होगा।" आईएस 15961:2012 के"खंड 9.1" में निम्नलिखित पठित है:

"न्यूनतम कोटिंग भार 9.2 से 9.7 के अनुसार परीक्षण किए जाने पर तालिका 2 के अनुसार होगा।"

तालिका 2 के साथ पठित आईएस 15961:2012 की धारा 9.1 से निम्नलिखित निष्कर्ष निकलते हैं:

- आईएस 15961:2012, तालिका 2 के अनुसार एल्युमीनियम-जिंक कोटिंग की अनुमति देता है।
- एजेड-70 और एजेड-200 के बीच किसी अन्य अंतरवर्ती कोटिंग की अनुमति क्रेता तथा आपूर्तिकर्ता के बीच पूर्व करार के अध्यधीन दी जाती है। आईएस 15961:2012, एजेड-70 से कम की किसी कोटिंग का प्राधिकार नहीं देता।

(ञ) पोसमेक के लिए पेश की गई वारंटी केवल एल्युमीनियम एवं जिंक कोटेड उत्पाद को प्रतिस्थापित करने और अपना बाजार हिस्सा लेने के लिए एक संवर्धनात्मक तरीका है। पोसमेक के लिए पेश की गई वारंटी में नीचे दिए गए अनुसार कई चिंताएं हैं:

(i) पोस्को को करार के निबंधनों में संशोधन करने का अधिकार है।

(ii) शासी कानूनः वारंटी लगाने में कठिनाई बनाते हुए किसी विवाद पर न्यायाधिकार लेने के लिए कोरिया तथा सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के कानूनों के अनुसार वारंटी।

(iii) राख, सीमेंट, धूल अथवा जानवरों के उत्सर्जन जैसे अल्कालाइन उत्पादों से हुए संरक्षण के मामले में वारंटी वैध नहीं है (अल्कालाइन पर्यावरण के तहत बेहतर निष्पादन के पोसमेक के तर्क के बावजूद।

(iv) पोसमेक द्वारा दिए गए तर्क के अनुसार अंतिम अनुप्रयोग के लिए अर्थात मिट्टी/कंक्रीट के साथ संपर्क में संरचना सहित सौर संरचना निर्माण एवं सहायता संरचना के लिए वारंटी वैध नहीं है।

(v) कट-ऐज से रन ऑफ के कारण कज-ऐज और डिस-कलरेशन का दृश्यमान पहलू वारंटी में शामिल नहीं है (कज ऐज के मामले में बेहतर निष्पादन के पोसमेक के तर्क के बावजूद)।

(vi) उन पोस्टों के मामले में वारंटी वैध नहीं है जो सीधे ही जमीन में लाई जाती हैं और जहां पोसमेक मिट्टी के संपर्क में आता है (प्रयोक्ता के इस तर्क के बावजूद कि पोसमेक सौर उपस्करों की पोस्टों के मामले में एल्युमीनियम एवं जिंक से बेहतर निष्पादन देता है)।

(vii) यदि ग्राहक वार्षिक निरीक्षण और रख-रखाव नहीं कराता है तथा वे निरीक्षण तथा रख-रखाव पोस्को को विधिवत रूप से सूचित नहीं किया जाता है तो वारंटी वैध नहीं है।

ग.1.1 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रकटन पश्चात अनुरोध</u>

8. घरेलू उद्योग ने प्रकटन विवरण में प्रस्तावित विचाराधीन उत्पाद की पुष्टि करने के लिए प्राधिकारी से अनुरोध किया है।

ग.2 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

9. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में निर्यातकों, आयातकों, प्रयोक्ताओं और अन्य हितबद्ध पक्षकारों से युक्त अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध निम्नलिखित हैं:

क. आवेदन पत्र में परिभाषित विचाराधीन उत्पाद नियम 2(घ) के तहत मानदंडों के अनुरूप नहीं है जिसमें यह अपेक्षा है तथा निर्धारित है कि उत्पाद श्रेणी बहुत स्पष्ट होनी चाहिए। तथापि, आवेदन पत्र उत्पाद की अत्यधिक व्यापक श्रेणी पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की मांग करते हुए दायर किया गया है।

ख. उत्तरदाताओं ने प्राथमिक जांच परिणाम का संदर्भ लेते समय यह अनुरोध किया कि प्राधिकारी ने वैध कारण प्रदान किए बिना पीसीएन सिद्धांत के लिए अनुरोध की अनदेखी की है क्योंकि घरेलू उद्योग और कुछ अन्य उत्पादकों ने पीसीएन का दावा नहीं किया था।

ग. घरेलू उद्योग इस्पात मंत्रालय द्वारा जारी इस्पात एवं इस्पात उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश चलाता है जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लिखित है कि बीआईएस के तहत कोई भी उत्पादक कचरे के रूप में छोड़कर अपने गौण एवं दोषपूर्ण सामग्री की बिक्री नहीं कर सकता। निर्यातक ने अपने आरोपों को सिद्ध करने के लिए नीलामियों के दस्तावेज संलग्न किए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आवेदक गौण/दोषपूर्ण सामग्री की बिक्री/नीलामी करता है तथा उस कीमत से कम बिक्री कीमत दर्शाने के लिए अन्य प्राथमिक सामग्री के साथ आंकड़े मिला देता है जो उसे वास्तविक रूप से दर्शाने चाहिए, यदि वे अलग किए गए हों। यदि प्राथमिक तथा गौण/दोषपूर्ण सामग्री का पीसीएन-वार विश्लेषण होता तो प्रमुख विचाराधीन उत्पाद गौण विचाराधीन उत्पाद से अधिक कीमत दर्शाता। अन्य प्रयोक्ताओं ने जांच की अवधि के दौरान गौण एल्युमीनियम जिंक कॉइलों की उपयुक्त गुणवत्ताओं का आयात किया।

घ. विचाराधीन उत्पाद पर इस्पात एवं इस्पात उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश के अनिवार्य रूप से लागू होने के बाद 18 दिसंबर, 2018 से लगाई गई है जो कि जांच की अवधि के बाद की अवधि है।

ङ. पोसमेक एल्युमीनियम जिंक अलॉय फ्लैट उत्पाद की योग्यता नहीं लेता जो कि इस जांच में विचाराधीन उत्पाद है। इसके बजाए वह जिंग मैग्नीशियम अलॉट कोटेड उत्पाद है। उन्होंने अनुरोध किया कि जांच में भाग लेने का एक मात्र कारण यह था कि विचाराधीन उत्पाद के एक अपवाद अर्थात "एल्युमीनियम को जोड़े बिना जिंक युक्त फ्लैट रोल्ड स्टील उत्पाद कोटेड"में एल्युमीनियम की मौजूदगी के लिए सह्यता स्तर उल्लिखित नहीं था। इसके अतिरिक्त, पोस्को नाम एक निर्यातक के रूप में नहीं था।

च. आवेदक द्वारा दिए गए एक मात्र उत्तर के संबंध में कि आवेदक ने पोस्को सीएंडसी का नाम एक ज्ञात निर्यातक के रूप में लिया था, यह अनुरोध है कि पोस्को एंड पोस्को सीएंडसी दो भिन्न कानूनी कंपनियां हैं जो क्रमशः पोसमेक और गेल्वालूम का उत्पादन कर रही हैं जिसका कि याचिका में नाम क्यों लिया गया था। इन कंपनियों का वाणिज्यिक बीजक भी स्पष्ट रूप से पोसमेक और गेल्वालूम के रूप में उत्पाद दर्शाते हैं।

छ. आवेदक ने बार-बार बीआईएस द्वारा जारी आईएस 15961:2012 पर विश्वास किया है जिसकी प्रयोज्यता इस्पात एवं इस्पात उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2018 के अनुसरण में अनिवार्य की गई है। अतः एल्युमीनियम जिंक कोटेड फ्लैट उत्पाद को परिभाषित करने के लिए भिन्न मानक का दावा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह अनुरोध किया गया था कि इस जांच में भिन्न परिभाषा देने से विसंगति की स्थिति बढ़ेगी जहां दो भिन्न प्राधिकारियों ने भिन्न परिभाषाएं दी होतीं।

ज. प्राधिकारी ने प्राथमिक जांच परिणाम में माना कि पोसमेक को इस आधार पर "समान वस्तु" माना गया है कि इसका प्रयोग भारत में प्रयोक्ताओं द्वारा परस्पर परिवर्तनीय रूप से किया जा रहा है। इस संबंध में, यह बात दोहराई जाती है कि परस्पर परिवर्तनीयता का मूल्यांकन अधिकतर प्रयोक्ताओं के मत को ध्यान में रखते हुए ही किया जाना चाहिए। प्रयोक्ताओं का एक छोटा वर्ग रिकार्ड में उपलब्ध तथ्यों की अनदेखी करने

के लिए आधार नहीं हो सकता। यह भी उल्लेख किया गया था कि न तो रिकार्ड में परस्पर परिवर्तनीयता का कोई साक्ष्य है और न ही मौखिक सुनवाई में दिया गया कोई मत था।

झ. पोसमेक द्वारा पेश की गई वारंटी पर आवेदक की चिंता के संबंध में, यह अनुरोध किया गया था कि संविदा शर्तें जांच सं संगत नहीं थीं। उन्होंने अनुरोध किया कि उत्पाद वारंटी हमेशा सीमाओं के अध्यधीन होती है क्योंकि कोई भी उत्पाद निर्धारित प्रयोग, परिवेश और मौसम की स्थितियों के उत्पादित किया जाता है।

ञ. डोंगकुक का जिक्स पोस्को के पोसमेक के समान है और वह जिंक/मैग्नीशियम उत्पाद है।

ट. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पाद विनिर्माण अर्थात गेल्वालूम बेहतर उत्पाद यथा पोसमेक अथवा कुछ समान उत्पाद से प्रतिस्थापित किए जा सकते हैं और यह कि वह उस प्रयोक्ता उद्योग से विभिन्न आदेशों के कब्जे में था जो इन बेहतर उत्पादों से गेल्वालूम में गए हैं। उसने यह भी दावा किया कि सोलर जेनरेशन कंपनी द्वारा विनिर्माता/आयातक को जारी किए गए क्रय आदेश में गेल्वालूम/पोसमेक को परस्पर परिवर्तनीय उल्लिखित किया गया था। उत्तरादाताओं ने अनुरोध किया कि न तो घरेलू उद्योग ने दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ सार्वजनिक सुनवाई की कार्रवाई के दौरान उनके द्वारा दिए गए दावों को सिद्ध किया है और न ही उन्होंने दिनांक 07.08.2019 के अपने लिखित अनुरोधों में उसका उल्लेख किया है। घरेलू उद्योग प्रयोक्ता उद्योग से किसी पेशकश/खरीद का कोई दस्तावेजी साक्ष्य प्रदान करने में विफल रहा। यह स्पष्ट रूप से घरेलू उद्योग के दोषपूर्ण इरादा दर्शाता है जहां घरेलू उद्योग ने यह निश्चित किया था कि घरेलू उद्योग द्वारा किए गए दावे खंडन के लिए खुले नहीं हैं। सोलर जेनरेशन कंपनी द्वारा जारी क्रय आदेश के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए दावों के संबंध में उत्तरदाताओं ने अनुरोध किया कि दोनों सामग्री का उपयोग परस्पर परिवर्तनीय रूप से किया जा सकता है, परंतु केवल सोलर माउंटिंग संरचनाओं (अर्थात रैफ्टर तथा पुरलिन) के लिए। घरेलू उद्योग ने आधे सच का उल्लेख करके प्राधिकारी को भ्रमित करने का प्रयास किया कि गेल्वालूम और पोसमेक प्रतिस्थापनीय उत्पाद हैं। अपने दावे को सिद्ध करने के लिए उत्तरदाताओं ने प्रत्युत्तर के साथ पोर्टलैंड सीमेंट एसोसिएशन की अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं की रिपोर्ट संलग्न की। यह अनुरोध किया गया था कि "परस्पर परिवर्तनीयता" का मूल्यांकन अधिकतर प्रयोक्ताओं के मत पर विचार करके ही किया जाना चाहिए। और भी बात है कि चूंकि न तो रिकार्ड में परस्पर परिवर्तनीयता का ऐसा कोई साक्ष्य उपलब्ध है और न ही मौखिक सुनवाई में ऐसा कोई मत दिया गया था। इसके विपरीत, मौखिक सुनवाई में भाग लेने वाले हितबद्ध पक्षकारों ने एक मत से परस्पर परिवर्तनीयता के विरुद्ध तर्क रखे।

ठ. उत्तरादाताओं ने अनुरोध किया कि पोसमेक 3.0/समान उत्पाद प्राधिकारी द्वारा अधिसूचित संबद्ध सामान अर्थात एल्युमीनियम और जिंक कोटेड फ्लैट उत्पादों के अनुरूप नहीं हैं और इसीलिए विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से अलग किए जाने चाहिए। घरेलू उद्योग का उत्पाद एल्युमीनियम तथा जिंक कोटेड फ्लैट उत्पाद है जबकि पोसमेक एल्युमीनियम की न्यूनतम मात्रा वाला जिंक एवं मैग्नीशियम फ्लैट उत्पाद है।

ड. आवेदक का यह तर्क कि 70 जीएसएम से कम की कोटिंग वाला विचाराधीन उत्पाद घरेलू उद्योग द्वारा बीआईएस दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन के कारण मुश्किल से ही उत्पादित किया जाता है। उत्तरदाताओं ने उल्लेख किया कि बीआईएस दिशा-निर्देश का अनुपालन 13 अगस्त, 2018 के इस्पात एवं इस्पात उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2018 द्वारा 18 दिसंबर, 2018 से अनिवार्य कर दिया गया था जबकि क्षति अवधि अप्रैल, 2015 से सितंबर, 2018 है।

ढ. विचाराधीन उत्पाद आंशिक रूप से उपलब्ध बीआईएस मानकों आईएस 15961:2012 के अनुरूप है। ऐसा कोई मानक उपलब्ध नहीं है जो एक या अधिक ऐसे अतिरिक्त तत्वों से युक्त एल्युमीनियम तथा जिंक अलॉय इस्पात की अपेक्षा को शामिल करता हो, जो अलग अथवा संयोजन में भार में 3 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। पोसमेक इस्पात आईएस 15961:2012 के तहत नहीं आता और इसे वर्तमान जांच के क्षेत्राधिकार से बाहर होना चाहिए क्योंकि पोसमेक केवल जिंक कोटेड उत्पाद है और 2.5 प्रतिशत एल्युमीनियम की मौजूदगी और उस विशेषता को नहीं बदल सकती।

ण. निर्दिष्ट प्राधिकारी को यह मूल्यांकन करना है कि क्या उत्पाद समान हैं अथवा प्रतिस्थापनीय हैं। यहां उत्पाद – "पोसमेक" और "गेल्वालूम" पूरी तरह भिन्न हैं और "पोसमेक" पर पाटनरोधी शुल्क भिन्न बताना अनौचित्यपूर्ण है।

त. पोस्को (ब्रांड नाम पोसमेक), निसिन (ब्रांड नाम जेएएम), एनएसएसएमसी (ब्रांड नाम सुपर डायमा) और ए-मित्तल (ब्रांड नाम मैग्नेलिस) तथा मैग्नीशियम 1-2 प्रतिशत कोटेड स्टील [जेएफई (ब्रांड नाम इकोगल), टाटा स्टील (मैग्निक), टीकीएस (इकोप्रोटेक्ट) और वीएएस (कोरेंडर)] का विनिर्माण आवेदक द्वारा नहीं किया जाता है और इस प्रकार अलग किया जाना चाहिए।

थ. एसपीडीए "पोसमेक" का प्रयोक्ता है जबकि आवेदक "गेल्वालूम" का उत्पादक है। यह उल्लेख करना संगत है कि:

(i) "पोसमेक" और "गेल्वालूम" की कोटिंग परत का रासायनिक संघटन पूरी तरह से भिन्न है।

(ii) दोनों उत्पादों के अंतर्राष्ट्रीय मानक वर्गीकरण भिन्न हैं।

(iii) "पोसमेक" का उत्पादन भारत में नहीं किया जाता है और अंतर्राष्ट्रीय रूप से केवल चार कंपनियां मैग्नीशियम 3 प्रतिशत कोटेड स्टील का उत्पादन कर सकती हैं: पोस्को (ब्रांड नाम पोसमेक), निसिन (ब्रांड नाम जेएएम), एनएसएसएमसी (ब्रांड नाम सुपर डायमा) और ए-मित्तल (ब्रांड नाम मैग्नेलिस)।

(iv) पोसमेक का उत्पाद जीवनकाल 25 वर्ष है और गेल्वालूम के लिए वह 10 वर्ष है। इससे "पोसमेक" उत्पाद 25 वर्षों के निवेश मॉडल पर आय पर आधारित सौर परियोजनाओं के लिए उपयुक्त हो जाता है।

द. विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र बहुत व्यापक है और उसके लिए बिना किसी युक्तिसंगतता के है। आरंभिक अधिसूचना में परिभाषित किए गए अनुसार विचाराधीन उत्पाद में प्रत्येक घटक के संवर्धन पर ध्यान न देते हुए एल्युमीनियम तथा जिंक के अलॉय से स्टील, प्लेटेड तथा कोटेड फ्लैट रोल्ड उत्पादों की सभी किस्में शामिल हैं।

ध. पोसमेक (पोस्को मैग्नीशियम एल्युमीनियम अलॉय कोटेड स्टील) जो अनिवार्य रूप से 94.5 प्रतिशत जिंक तथा 3 प्रतिशत मैग्नीशियम के अलॉय और 2.5 प्रतिशत एल्युमीनियम से कोटेड होते हैं, केवल इसलिए विचाराधीन उत्पाद में शामिल हैं क्योंकि उसमें एल्युमीनियम का बहुत कम अनुपात होता है जो प्राथमिक रूप से एक जिंक कोटेड उत्पाद है।

न. पोसमेक एक जिंक एवं मैग्नीशियम कोटेड उत्पाद ("जेडएम कोटेड उत्पाद") जिसमें उसमें शामिल एल्युमीनियम की बहुत नगण्य मात्रा होती है जो मात्रा की पोसमेक को एल्युमीनियम एवं जिंक कोटेड उत्पाद में नहीं लाती।

प. विचाराधीन उत्पाद की परिभाषा एल्युमीनियम और जिंक का अलॉय होने पर आधारित है जिसमें एल्युमीनियम और जिंक दोनों की मात्राएं काफी होनी चाहिएं, यदि बराबर न हों।

फ. यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि घरेलू उत्पादकों ने जिंक कोटेड उत्पादों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से अलग करने की स्वयं ही इच्छा की है। तथापि, जिंक कोटेड उत्पादों को अलग करने से ऐसे उत्पाद में एल्युमीनियम की मात्रा के लिए दी गई कोई प्रारंभिक सीमा नहीं रही है।

ब. पोसमेक विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में नहीं आता है क्योंकि पोसमेक में विद्यमान एल्युमीनियम की मात्रा नगण्य है जो कि केवल 2.5 प्रतिशत है और जो इसे जिंक एवं मैग्नीशियम कोटेड उत्पाद बनाता है। यदि पोसमेक को इस जांच के लिए विचाराधीन उत्पाद माना जाता है तो इस प्रकार से शामिल करने से बाजार स्थितियां प्रतिकूल रूप से प्रभावित होंगी और भारतीय ग्राहकों की प्रतिस्पर्द्धात्मकता कमजोर होगी।

भ. एल्युमीनियम तथा जिंक कोटेड स्टील और जिंक एवं मैग्नीशियम कोटेड स्टील को एएसटीएम तथा यूरोपीय मानकों (ईएन) जैसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों में अलग विनिर्देशनों में वर्गीकृत किया जाता है।

म. घरेलू बाजार की मांग सौर ऊर्जा क्षेत्र में मांग के कारण काफी बढ़ी है। घरेलू उद्योग घरेलू बाजार की पूरी मांग को पूरा करने की स्थिति में नहीं है।

य. कलरशाइन मुख्य रूप से एजेड-40 पर मास कोटेड वाले विचाराधीन उत्पाद का आयात करता है जिसका उत्पादन और विनिर्माण आवेदक जेएसडब्ल्यू स्टील कोटेड प्रोडक्ट्स लिमिटेड तथा अन्य भारतीय उत्पादकों यथा टाटा स्टील लिमिटेड सहित भारतीय उत्पादकों द्वारा नहीं किया जाता है।

(कक) एचएस कोड 72106900 में एल्युमीनियम तथा सिलिकॉन कोटेड मैटेरियल शामिल है जिनका विनिर्माण घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जाता है।

(खख) जिंक और मैग्नीशियम कोटेड को 1.5 से 8 प्रतिशत तक की एल्युमीनियम और मैग्नीशियम की मात्रा तथा शेष जिंक ("एएसटीएम 1046/1046एम" के बराबर) के साथ ईएन10346(जेडएम) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जबकि एल्युमीनियम जिंक कोटेड 1.5 प्रतिशत सिलिकॉन (समतुल्य) से एएसटीएम 792/792एम से युक्त 55 प्रतिशत एल्युमीनियम अलॉइड के साथ "ईएन10346(एजेड)" के रूप में वर्गीकृत है।

(गग) वर्तमान में घरेलू उद्योग विचाराधीन उत्पाद (गेल्वालूम) की अपेक्षित गुणवत्ता तथा लागत के अनुसार सौर उद्योग की मांग को पूरा करने में सक्षम नहीं है।

(घघ) इसके अतिरिक्त, सौर उद्योग की अनुमानित वृद्धि (और एमएमएस के लिए मांग में परिणामी वृद्धि जिसमें से विचाराधीन उत्पाद प्राथमिक कच्ची सामग्री है) नुमाइशी है।

(ङङ) इनपुट/कच्ची सामग्री की लागत में किसी भारी वृद्धि का इन परियोजनाओं की निष्पादन लागत पर काफी प्रभाव होगा और अंतिम रूप से प्रशुल्क में वृद्धि होगी जो भारत के नागरिकों पर जाएगी।

(चच) यथा अपेक्षित मिन एजेड-20 स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं के पास उपलब्ध नहीं है। आयातित उत्पाद स्किम पास्ड है जो एफजी में बेहतर गुणवत्ता देता है और घरेलू उत्पाद की अपेक्षा गुणवत्ता में काफी कम विसंगतियां हैं।

(छछ) पोसमेक की मोटाई दर (मोटाई 1.2-एमएम में विशेष रूप से) इस उत्पाद को लागत एवं समय प्रभावी दोनों बनाती है।

(i) उदाहरण के लिए सौर संरचना निर्माताओं को कॉलमों की संख्या कम करने तथा निर्माण का समय बचाने के लिए 2 एमएम-4 एमएम मोटी इस्पात सामग्री की आवश्यकता होती है।

(ii) गेल्वालूम जो केवल 0.8 एमएम से 1.2 एमएम तक उत्पादित किया जाता है, व्यापक सौर पैनल के सपोर्ट बनाने तथा भारी पवन भार के समुचित स्रोत के रूप में नहीं माना जाता है।

(जज) जेडएम कोटेड स्टील के रूप में पोसमेक में गेल्वालूम (एजेड कोटेड) की तुलना में दो विशिष्ट क्षरणरोधी गुणधर्म होते हैं। एक "सेल्फ-हीलिंग सिस्टम" और दूसरा "अल्कालाइन प्रतिरोध" हैः

(iii) "सेल्फ-हीलिंग सिस्टम" ऐज पर "रेड रस्ट" से क्षरण को रोकता है और "ऐज" प्रत्येक क्षरण बनता है जब कॉइल और शीट मैटेरियल काटा जाता है, स्टेम किया जाता है और यहां तक कि स्क्रैच किया जाता है।

(iv) गेल्वालूम और एजेड कोटेड में सेल्फ हीलिंग प्रणाली नहीं होती है जबकि पोसमेक जैसे जेडएम कोटेड स्टील में वह जिंक और मैग्नीशियम घटकों को कारण होती है। एल्युमीनियम की स्वल्प मात्रा केवल तकनीकी कारणों से अपेक्षित होती है जब उत्पाद जिंक कोटेड होता है।

(v) गेल्वालूम/ एजेड कोटेड स्टील निर्माताओं द्वारा पोसमेक/जेडएम कोटेड स्टील का प्रतिस्थापन नहीं माना जाता है क्योंकि गेल्वालूम का प्रयोग करने से लाभ मे हानि होती है क्योंकि ऐज इतनी कट ऑफ होनी चाहिए जितनी वह परिवर्तित उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित कर सके।

(vi) सौर विद्युत उत्पादक इसका प्रयोग करने में उदासीन होते हैं क्योंकि सौर परियोजना के लिए 25 वर्ष के वारंटीशुदा टिकाऊपन की अपेक्षा होती है। वे सुरक्षा की वारंटी चाहते हैं और बार-बार मरम्मत/बदलने के बिना सौर ऊर्जा संरचना की लंबी लाइन चाहते हैं।

(vii) "अल्कालाइन रेसिसटेंस" में क्या होता है, गेल्वालूम प्रयोक्ताओं की वेबसाइट यह दर्शाती है कि गेल्वालूम का प्रयोग कंक्रीट ग्राउंड अथवा फार्म जैसे अल्कालाइन पर्यावरण में नहीं किया जाना चाहिए जहां सामग्री कृषि रसायनों तथा अन्य में रखी जाती है क्योंकि उस पर्यावरण में कोटिंग भार की हानि का चक्र कम हो जाता है। इसके विपरीत, पोसमेक तथा जिंक कोटेड स्टील भी उसी पर्यावरण में अधिक लंबे समय तक क्षरण को रोक सकते हैं।

(viii) प्री-पेंटेड तथा कलर कोटेड एल्युमीनियम जिंक अलॉय कोटेड स्टील शीट्स (प्री-कोटेड एसजीएल शीट) अर्थात विभिन्न मोटाई तथा चौड़ाई वाले प्री-पेंटेड गेल्वालूम कॉइल जांच में शामिल नहीं हैं और उसे अलग रखा जाना चाहिए।

ग.2.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रकटन पश्चात अनुरोध</u>

10. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रकटन पश्चात अनुरोध निम्नलिखित हैं:

क) भारत में आयातित किए जा रहे उत्पाद विभिन्न ग्रेडों, श्रेणियों और रेंजों, जो कीमत को प्रभावित करते हैं, विचाराधीन उत्पाद के लिए पीसीएन वार विश्लेषण इस जांच में अनिवार्य था।

ख) घरेलू उद्योग स्पष्ट रूप से पीसीएन वार विश्लेषण नहीं चाहता क्योंकि वह विभिन्न ग्रेड नहीं बनाता। तथापि, सभी उत्पादकों, विशेष रूप से कोरिया के उत्पादकों ने वे आंकड़ा आधार प्रस्तुत किए हैं जो उनके द्वारा आंतरिक रूप से अपनाए गए पीसीएन हैं। यह प्राधिकारी के पास उपलब्ध आंकड़ों से सिद्ध है कि भारत को निर्यातित किए जा रहे विभिन्न ग्रेडों के बीच कीमतों में काफी अंतर है।

ग) केवल इस कारण कि याचिकाकर्ता "ने पीसीएन वार विश्लेषण का प्रस्ताव नहीं किया है" में यह निर्धारित करने के लिए आधार नहीं हो सकता कि क्या इस प्राधिकारी को पीसीएन वार प्रस्तुत किए जाने वाले आंकड़ों के लिए अनुरोध करना चाहिए।

घ) विगत में जांचें हुई हैं, यथा (1) एलास्टॉमेरिक यार्न, (2) फ्लैक्स यार्न और (3) एल्युमीनियम फॉइल, जहां प्राधिकारी ने उत्पादकों/निर्यातकों के विशेष अनुरोध पर पीसीएन अधिसूचित करने का निर्णय लिया, यहां तक कि यद्यपि उसके लिए याचिकाकर्ता कंपनियों द्वारा अनुरोध नहीं किया गया था।

ङ) पीसीएन सिद्धांत को न अपनाने से निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत, दोनों में कीमत का भारी ह्रास होगा।

च) पीसीएन वार विश्लेषण पोस्को के लिए और अधिक अनिवार्य हो जाता है क्योंकि यह प्राधिकारी पोस्को और उसके संबंधित उत्पादक, पोस्को सीएंडसी को एक समूह के रूप में मान रहे हैं। रिकार्ड से यह सिद्ध है कि पोस्को का उत्पाद पोसमेक जिंक मैग्नीशियम उत्पाद है जबकि पोस्को सीएंडसी का उत्पाद अल्जास्ता गेल्वालूम है। अतः इन दोनों भिन्न उत्पादों को एक ही ग्रेड मानना तथा पोस्को समूह में इन दो कंपनियों के लिए भारित औसत निकालना गलत होगा।

छ) "जीजीएल स्ट्रक्चरल-150" उत्पाद का भारत में लगभग 99 प्रतिशत हिस्सा है। तथापि, घरेलू (कोरिया) बाजार में "जीजीएल स्ट्रक्चरल-150" का बिक्री हिस्सा 0.04 प्रतिशत (=23 मी. टन/60,286 मी. टन) था। अतः पीसीएन वार विश्लेषण करना स्पष्ट है।

ज) डोंगकुक जिंक तथा मैग्नीशियम कोटेड जिक्स का उत्पादक है जिसे 94 प्रतिशत जिंक और 4 प्रतिशत एल्युमीनियम अलॉय तथा 2 प्रतिशत मैग्नीशियम से कोट किया जाता है तथा जेडएम उत्पाद कहा जाता है। डोंगकुक ने अपने उत्पाद के संबंध में विस्तृत अनुरोध किया है कि जिक्स कैसे इस जांच में विचाराधीन उत्पाद की "समान वस्तु" नहीं है।

झ) पोस्को जिंक तथा मैग्नीशियम कोटेड पोसमेक (पोस्को मैग्नीशियम एल्युमीनियम अलॉय कोटेड स्टील) का उत्पादक है जिसमें 94.5 प्रतिशत जिंक तथा 3 प्रतिशत मैग्नीशियम अलॉय और 2.5 प्रतिशत एल्युमीनियम होता है। जांच की अवधि के दौरान पोसमेक की सभी बिक्रियां पोस्को द्वारा कोरिया में

दो असंबद्ध व्यापारियों यथा सैमसंग सीएंडटी कारपोरेशन तथा जीएस ग्लोबल को की गई हैं। पोस्को ने अपनी संबद्ध कंपनियों के माध्यम से या सीधे ही भारत को कोई निर्यात नहीं किए हैं।

ञ) समान उत्पाद होने के नाते इस उत्पाद से संबंधित इस जांच में हितबद्ध पक्षकारों को ऐसे कोई "रिकार्ड" और/अथवा "साक्ष्य" सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं कराए गए हैं।

ग.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

11. विचाराधीन उत्पाद अर्थात समान वस्तु संबंधी मुद्दों के संबंध में प्रकटन पश्चात अनुरोधों सहित जांच प्रक्रिया के दौरान घरेलू उद्योग तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों की निम्नलिखित रूप में जांच की गई है:

क. जहां तक पोसमेक को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से अलग करने का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि गेल्वालूम के प्रयोक्ता अपने अंतिम अनुप्रयोगों के लिए पोसमेक का प्रयोग प्रतिस्थापनीय रूप से करते हैं। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उपलब्ध कराए गए रिकार्ड से यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि एल्युमीनियम तथा जिंक कोटेड फ्लैट स्टील उत्पादों के प्रयोक्ता संबद्ध देशों से निर्यातकों द्वारा उत्पादित एवं बेचे गए पोसमेक और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित तथा बेचे गए गेल्वालूम का भी परस्पर परिवर्तनीय रूप से प्रयोग करते हैं। यद्यपि, घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित तथा बेचे गए संबद्ध सामानों का रासायनिक संघटन संबद्ध देशों से आयातित पोसमेक से भिन्न है, तथापि भारत में प्रयोक्ताओं द्वारा उनका प्रयोग परस्पर परिवर्तनीय रूप से किया जा रहा है। इस प्रकार, रिकार्ड की जांच तथा घरेलू उद्योग द्वारा दिए गए साक्ष्य के आधार पर यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित किया जा रहा एल्युमीनियम एवं जिंक कोटेड उत्पाद पोसमेक की समान वस्तु है और वाणिज्यिक एवं तकनीकी रूप से पोसमेक को प्रतिस्थापित कर सकता है।

जिक्स को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से अलग करने के संबंध में यह नोट किया जाता है कि यह मुद्दा पोसमेक से संबंधित मुद्दे की ही तरह है। रिकार्ड तथा घरेलू उद्योग द्वारा दिए गए साक्ष्य की जांच करने पर यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित किए जा रहे एल्युमीनियम तथा जिंक कोटेड उत्पाद जिक्स की समान वस्तु है और वह जिक्स को वाणिज्यिक एवं तकनीकी रूप से प्रतिस्थापित कर सकता है।

ख. एसपीडीए के इन अनुरोधों के संबंध में कि पोसमेक और गेल्वालूम का प्रयोग दोनों उत्पादों के गुणधर्मों में अंतर के कारण भिन्न है तथा पोसमेक का प्रयोग कॉलमों तथा ब्रेशरों के निर्माण के लिए प्रयुक्त किया जा रहा है जबकि गेल्वालूम का प्रयोग रैफटर्स तथा पुरलिन के निर्माण के लिए किया जाता है, घरेलू उद्योग ने यह दर्शाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य दिए हैं कि जेएसडब्ल्यू के गेल्वालूम का प्रयोग पुरलिन्स, रैफटर्स, कॉलम्स, ब्रेशर्स, एंगल आदि सहित सोलर माउंटिंग संरचनाओं के निर्माण के लिए किया जा रहा है। प्राधिकारी ने इस मुद्दे की विस्तार से जांच की है और प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत रिकार्ड से यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग उसी अनुप्रयोग के लिए सोलर मॉड्यूलों में प्रयोग के लिए एल्युमीनियम तथा जिंक कोटेड स्टील उत्पादों का विनिर्माण एवं आपूर्ति कर रहा है जहां पोसमेक का प्रयोग किया जा रहा है। तद्नुसार, यह स्पष्ट है कि पोसमेक और गेल्वालूम का अंतिम प्रयोग समान है तथा दोनों उत्पादों का समान अंतिम प्रयोग अनुप्रयोगों के लिए परस्पर परिवर्तनीय रूप से किया जा रहा है।

ग. कुछ हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध के संबंध में कि सोलर मॉडलों में प्रयोग के लिए आयातित संबद्ध सामानों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से अलग किया जाना चाहिए, यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग सोलर मॉडलों में भी प्रयोग के लिए संबद्ध सामानों की आपूर्ति करता है।

घ. 70 जीएसएम से कम कोटिंग मास वाले विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन और बिक्री न करने के घरेलू उद्योग के मुद्दे पर यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग इस्पात गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के अनुसरण में बीआईएस दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन के कारण इन विशिष्ट उत्पादों का उत्पादन मुश्किल से ही कर रहा है।

ङ. विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के अंतर्गत जिंक को जोड़े बिना एल्युमीनियम से युक्त फ्लैट रोल्ड स्टील उत्पादों के संबंध में कुछ हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों के संबंध में यह नोट किया जाता है कि उसे विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से अलग कर दिया गया है।

च. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए इस अनुरोध के संबंध में कि प्री-पेंटेड तथा कलर कोटेड एल्युमीनियम जिंक अलॉय कोटेड स्टील शीट्स (प्री-कोटेड एसजीएल शीट) अर्थात विभिन्न मोटाई तथा चौड़ाई वाले प्री-पेंटेड गेल्वालूम कॉइल जांच में शामिल नहीं हैं और उसे अलग रखा जाना चाहिए, यह नोट किया जाता है कि पेंटेड तथा कलर कोटेड एल्युमीनियम जिंक अलॉय कोटेड स्टील शीट्स (प्री-कोटेड एसजीएल शीट) को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से अलग किया गया है।

छ. कुछ हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए इन अनुरोधों के संबंध में कि विचाराधीन उत्पाद के एचएस कोड बहुत व्यापक हैं, यह नोट किया जाता है कि विचाराधीन उत्पाद के लिए उल्लिखित सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और वर्तमान जांच के क्षेत्र पर किसी भी तरह बाध्यकारी नहीं है। इस जांच के लिए विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र उपयुक्त शीर्ष के तहत स्पष्ट रूप से उल्लिखित है।

ज. कुछ हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए इन अनुरोधों के संबंध में कि प्राधिकारी ने पाटन मार्जिन के निर्धारण के लिए पीसीएन आधारित विश्लेषण नहीं किया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पीसीएन सिद्धांत केवल उन मामलों में अपेक्षित है जहां विचाराधीन उत्पाद/समान वस्तु के विभिन्न ग्रेड तथा रूप हों और इन ग्रेडों तथा रूपों के बीच काफी लागत तथा कीमत का अंतर हो। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने अपने आवेदन पत्र में किसी पीसीएन वार विश्लेषण का प्रस्ताव नहीं किया है। जांच प्रक्रिया के दौरान यह नोट किया गया था कि घरेलू उद्योग द्वारा बेचे गए घरेलू समान उत्पाद की कीमतों में काफी अंतर नहीं है। इसी प्रकार, निर्यातक के आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद प्राधिकारी उनके घरेलू बाजार में उनके द्वारा बेचे गए विचाराधीन उत्पाद तथा भारत को निर्यातों की लागतों और कीमतों में काफी अंतर नहीं पा सके। इसके अतिरिक्त, एक सहयोगी उत्पादक तथा निर्यातक ने उल्लेख किया है कि वर्तमान जांच में पीसीएन निकालने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि विभिन्न ग्रेड/पीसीएन की लागत एवं बिक्री कीमत में काफी अंतर नहीं है। तद्नुसार, विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों की जांच करने के बाद वर्तमान जांच में पीसीएन वार विश्लेषण करना उपयुक्त नहीं पाया गया है।

झ. इस तर्क के संबंध में कि पोसमेक आईएस 15961:2012 के तहत नहीं आता और उसे विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से अलग किया जाना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद किसी बीआईएस मानक के आधार पर परिभाषित नहीं किया गया है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि नियमावली के तहत ऐसी कोई आवश्यकता नहीं है कि विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र बीआईएस मानक के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

ञ. कुछ हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए इस अनुरोध के संबंध में कि विचाराधीन उत्पाद काफी व्यापक और अस्पष्ट है, यह नोट किया जाता है कि विचाराधीन उत्पाद को संबद्ध देशों से आयातों, तथा घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री के मद्देनजर उपयुक्त रूप से परिभाषित किया गया है। प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर निष्कर्ष निकालने से पूर्व सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्कों की पूरी तरह से जांच की है।

ग.4 <u>विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र एवं समान वस्तु</u>

12. विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों तथा रिकार्ड में उपलब्ध सूचना के आधार पर प्राधिकारी अनंतिम रूप से यह मानते हैं कि विचाराधीन उत्पाद निम्नलिखित है:

"एल्युमीनियम और जिंक के अलॉय से स्टील, प्लेटेड अथवा कोटेड के फ्लैट रोल्ड उत्पाद है। एल्युमीनियम और जिंक के इस अलॉय में एक या अधिक अतिरिक्त तत्व निहित हो सकते हैं जो अलग-अलग अथवा संयुक्त रूप से भार में 3 प्रतिशत से अधिक नहीं होंगे।"

इसके अतिरिक्त, विचाराधीन उत्पाद कॉइल रूप में नहीं हो सकते हैं, चाहे वो प्लेन कोरूगेटेड अथवा प्रोफाइल्ड रूप में हों या न हों। विचाराधीन उत्पाद स्किन-पास्ड/टेम्पर मिल पर प्रसंस्कृत अथवा नॉन-स्किन-पास्ड हो सकते हैं, भले ही वे अतिरिक्त नॉन-मैटेलिक कोटिंग के साथ अथवा बिना शोधी गई सतह हों या न हों। विचाराधीन उत्पाद विभिन्न व्यापारिक नामों में आपूर्ति किया जा सकता है, परंतु वे एलु-जिंक, एल-जेडएन, जिंक-एल्युमीनियम, एल्युमीनियम-जिंक, जिंकालूम, गेल्वालूम आदि तक सीमित न हों। यह नोट किया जाता है कि विचाराधीन उत्पाद क्षरण में प्रतिरोधकता देता है तथा कई अनुप्रयोगों तथा क्षेत्रों में प्रयुक्त किया जाता है, परंतु अवसंरचना परियोजनाओं, सौर विद्युत परियोजनाओं, रूफिंग, वॉलिंग डेकिंग,

क्लेडिंग तथा फ्रेमिंग, व्हाइट गुड्स एवं यंत्रों, फर्नीचर एवं कलर कोटेड स्टील के लिए सबस्ट्रेट तक सीमित नहीं है। विचाराधीन उत्पाद में निम्नलिखित उत्पाद शामिल नहीं होते हैं:

i. एल्युमीनियम को शामिल किए बिना जिंक से कोटेड फ्लैट रोल्ड स्टील उत्पाद;

ii. जिंक मिलाए बिना एल्युमीनियम के साथ कोटेड फ्लैट रोल्ड स्टील उत्पाद

iii. प्री-पेंटेड तथा कलर कोटेड एल्युमीनियम जिंक अलॉय कोटेड स्टील शीट्स (प्री-कोटेड एसजीएल शीट)

13. विचाराधीन उत्पाद सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की प्रशुल्क मदों 72106100, 72125090, 72259900 और 72269990 के तहत आता है। विचाराधीन उत्पाद अन्य सीमा प्रशुल्क मदों 72101290, 72103090, 72104900, 72106900, 72107000, 72109090, 72121090, 72122090, 72123090, 72124000, 72169910, 72255010, 72259100, 72259200, 72269930 आदि के तहत भी आयात किया जा रहा है। सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और वर्तमान जांच के क्षेत्र पर किसी भी तरह बाध्यकारी नहीं है।"

14. समान वस्तु के संबंध में नियमावली के नियम 2(घ) में निम्नलिखित प्रावधान है - "समान वस्तु" का अभिप्राय उस वस्तु से है जो भारत में पाटित का जा रही अथवा उस वस्तु के अभाव में दूसरी वस्तु के लिए जांचाधीन वस्तु के हर प्रकार से समान अथवा मिलती जुलती हो जो यद्यपि हर प्रकार से समान न हो, जिसमें जांचाधीन वस्तु से निकटता से मिलती जुलती विशेषताएं हों। रिकार्ड में उपलब्ध सूचना पर विचार करने के बाद प्राधिकारी का यह मत है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामान रासायनिक विशेषताओं, प्रकार्य एवं प्रयोग, उत्पादन विशिष्टियों, वितरण एवं विपणन तथा सामानों के प्रशुल्क वर्गीकरण की दृष्टि से विचाराधीन उत्पाद से तुलनीय हैं। ये दोनों तकनीकी एवं वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं। इस प्रकार, प्राधिकारी का यह मत है कि आवेदक घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामान विचाराधीन उत्पाद की समान वस्तु हैं जो कि नियमावली के अनुसार संबद्ध देशों से आयातित किया जाता है। प्राधिकारी ने नोट किया है कि घरेलू उद्योग समान वस्तु का उत्पादन कर रहा है और सोलर मॉडलों में भी प्रयोग के लिए उसकी आपूर्ति कर रहा है।

घ. घरेलू उद्योग का क्षेत्र तथा आधार

15. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध आवेदन मैसर्स जेएसडब्ल्यू स्टील कोटेड प्रोडक्ट्स लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है। आवेदक के अलावा भारत में विचाराधीन उत्पाद के तीन अन्य उत्पादक अर्थात मैसर्स टाटा ब्लू स्कोप स्टील प्रा. लि., मैसर्स टाटा स्टील बीएसएल लिमिटेड और मैसर्स एशियन कलर कोटेड इस्पात लि. हैं। यह दावा किया गया था कि मैसर्स एशियन कलर कोटेड इस्पात लि. ने 2017 से आगे से विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन नहीं कर रहा है।

घ.1 घरेलू अद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

16. घरेलू उद्योग के क्षेत्र और आधार के संबंध में जांच प्रक्रिया के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध निम्नलिखित हैं:

क. आवेदन पत्र मैसर्स जेएसडब्ल्यू स्टील कोटेड प्रोडक्ट्स लिमिटेड द्वारा दायर किया गया था जो भारत में संबद्ध सामानों का उत्पादक है। विचाराधीन उत्पाद के तीन अन्य ज्ञात उत्पादक हैं अर्थात मैसर्स टाटा ब्लू स्कोप स्टील प्रा. लि., मैसर्स टाटा स्टील बीएसएल लिमिटेड और मैसर्स एशियन कलर कोटेड इस्पात लि.।

ख. आवेदक ने विचाराधीन उत्पाद का आयात नहीं किया है और भारत में किसी आयातक अथवा संबद्ध देशों से किसी निर्यातक से संबंधित नहीं है। आवेदक का विचाराधीन उत्पाद के कुल भारतीय उत्पादन में प्रमुख अनुपात है।

ग. इस तर्क के संबंध में कि किसी अन्य विनिर्माता से सहायता के बिना चार विनिर्माताओं में से एक घरेलू उद्योग नहीं हो सकता, आवेदक ने अनुरोध किया कि उसका संबद्ध सामानों के कुल घरेलू उत्पादन में 60 प्रतिशत से अधिक का हिस्सा है। अतः वह नियमावली के नियम 5(3)(क) और नियम 5(3)(ख) में दिए गए

25 प्रतिशत तथा 50 प्रतिशत परीक्षणों, दोनों को पूरा करता हुआ माना जाता है। यह भी अनुरोध किया गया था कि उत्तरदाता यह दर्शाने के लिए कोई साक्ष्य देने में विफल रहे कि आवेदक का संबद्ध सामानों के कुल घरेलू उत्पादन में प्रमुख अनुपात नहीं है।

घ. आवेदक ने उन मामलों का उल्लेख किया है जहां प्राधिकारी ने बिना किसी समर्थक के एक आवेदक को उसका तर्क सिद्ध करने के लिए घरेलू उद्योग माना है। ये मामले निम्नलिखित थे:

i. *चीन जन. गण, यूरोपीय संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "कोटेड पेपर"।*

ii. *चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित 4, 4 डायमीनोस्टिलबेन 2, 2 डायसल्फोनिक एसिड (डीएएसडीए)।*

घ.1.1 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रकटन पश्चात अनुरोध

17. घरेलू उद्योग ने प्राधिकारी से यह पुष्टि करने का अनुरोध किया है कि वे नियमावली के नियम 2(ख) और नियम 5(3) के अनुसार घरेलू उद्योग की आधार अपेक्षा को पूरा करते हैं तथा घरेलू उद्योग हैं।

घ.2 <u>विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध</u>

18. घरेलू उद्योग के क्षेत्र और आधार के संबंध में विभिन्न अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. वर्तमान आवेदन पत्र एक कंपनी द्वारा किया गया है और "एल्युमीनियम एवं जिंकके अलॉय से कोटेड अथवा प्लेटेड स्टील के फ्लैट रोल्ड उत्पाद के अन्य विनिर्माताओं द्वारा इसका समर्थन नहीं किया गया है। एल्युमीनियम एवं जिंक के इस अलॉय में एक या अधिक अतिरिक्त घटक हो सकते हैं जो अलग अथवा संयुक्त रूप से भार में 3 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।" आवेदक स्वीकार करते हैं कि निम्नलिखित कंपनियां समान विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन करती हैं:

(i) टाटा स्टील बीएसएल लिमिटेड;

(ii) टाटा ब्लू स्कोप स्टील प्रा. लिमिटेड;

(iii) एशियन कलर कोटेड इस्पात लिमिटेड

ख. उपर्युक्त विनिर्माताओं में से किसी भी विनिर्माता ने आवेदक के आवेदन पत्र का समर्थन नहीं किया है। यह अनुरोध है कि चार विनिर्माताओं में से एक विनिर्माता पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के तहत "घरेलू उद्योग" नहीं बन सकता।

ग. नियम 2(ख) का पहला घटक अर्थात "समान वस्तु का विनिर्माता" अनुपस्थित है क्योंकि आवेदक कुछ विचाराधीन उत्पाद विशेष रूप से "पोसमेक" का उत्पादन भी नहीं करता और आवेदक द्वारा उत्पादित उत्पाद "पोसमेक" के अर्थक्षम प्रतिस्थापन भी नहीं है।

घ. आवेदक ने अन्य विनिर्माताओं द्वारा उत्पादन के मूल्यांकन के लिए झूठा आधार दर्शाया है क्योंकि चार विनिर्माताओं में से केवल एक ने आवेदन पत्र दायर किया है। यद्यपि, अन्य विनिर्माताओं का उत्पादन काफी है। यह विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया जाता है कि अन्य विनिर्माताओं के उत्पादन के संबंध में प्राधिकृत आंकड़ों के अभाव में आवेदक को पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के तहत घरेलू उद्योग नहीं माना जा सकता।

ङ. अन्य विनिर्माताओं द्वारा उत्पादन के मूल्यांकन के लिए अस्पष्ट आधार दिया गया है और निम्नलिखित रूप में उल्लिखित किया गया है:

"संबंधित उत्पादकों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर। प्राधिकारी संबंधित स्रोतों से इसका सत्यापन कर सकते हैं।"

घ.2.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रकटन पश्चात अनुरोध</u>

19. इस संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई टिप्पणियां नहीं की गई हैं।

घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

20. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में निम्नलिखित प्रावधान हैः

"घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में "घरेलू उद्योग" पद का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।

21. प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह आवेदन मैसर्स जेएसडब्ल्यू स्टील कोटेड प्रोडक्ट्स लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है जो भारत मे संबद्ध सामानों का प्रमुख उत्पादक है। भारत में विचाराधीन उत्पाद के तीन अन्य ज्ञात उत्पादक हैं अर्थात मैसर्स टाटा ब्लू स्कोप स्टील प्रा. लि., मैसर्स टाटा स्टील बीएसएल लिमिटेड और मैसर्स एशियन कलर कोटेड इस्पात लि.।

22. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक कंपनी ने न तो संबद्ध सामानों का आयात किया है और न ही वे संबद्ध सामानों के किसी आयातक अथवा निर्यातक से संबद्ध हैं। रिकार्ड में उपलब्ध साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि आवेदक का भारत में संबद्ध सामानों के कुल उत्पादन में प्रमुख अनुपात (60 प्रतिशत से अधिक) है। अतः प्राधिकारी मानते हैं कि इस जांच के प्रयोजन के लिए आवेदक आधार की अपेक्षाओं को पूरा करती है और पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) तथा नियम 5(3) के अनुसार घरेलू उद्योग है।

ङ. गोपनीयता से संबंधित मुद्दे

ङ.1 घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध

23. गोपनीयता के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. उत्तरदाताओं के इस तर्क के संबंध में कि आवेदक ने कुछ पहलुओं के संबंध में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है, आवेदक ने अनुरोध किया कि नियमावली के नियम 7 तथा 07 सितंबर, 2018 की व्यापार सूचना संख्या 10/2018 के अनुसार वास्तविक आंकड़ों का प्रकटन अपेक्षित नहीं है और केवल कुछ मानदंडों के संबंध में केवल प्रवृत्तियों को प्रकट किए जाने की आवश्यकता है। आवेदक ने यह भी अनुरोध किया कि उन्होंने आवेदन पत्र के अगोपनीय रूपांतर में उपर्युक्त आंकड़े सूचीबद्ध रूप में दिए हैं।

ख. डोंगकुक ग्रुप ने उत्पादकों, निर्यातकों और संबंधित आयातकों ने विभिन्न सूचना के संबंध में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है जो कि न तो व्यापार संवेदी है और न ही उन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डालने में सक्षम है। डोंगकुक स्टील मिल कं. लि., कोरिया गणराज्य ने निम्नलिखित के संबंध में गोपनीयता का दावा किया है:

(i) निर्यात बिक्री तथा गृह बाजार में बिक्री के लिए विपणन के चैनल, भारत को निर्यात के लिए वितरण चैनल गोपनीय रखे गए हैं जिसके कारण उन पक्षकारों की पहचान नहीं की जा सकती जिनके माध्यम से भारत को निर्यात होते हैं।

(ii) भारत को निर्यात बिक्री के लिए बिक्री वार्ता प्रक्रिया, दावा किए गए व्यय, गृह बाजार में बिक्री के लिए वितरण चैनलों के ब्यौरे गृह बाजार में बिक्री के लिए बिक्री वार्ता प्रक्रिया को गोपनीय नहीं रखा जा सकता।

(iii) विनिर्माण प्रक्रिया बीजक के बाद/बिक्री छूट अथवा घरेलू ग्राहकों को दी गई वर्ष के अंत में छूट गोपनीय नहीं रखी जा सकती।

(iv) डोंगकुक स्टील मिल कं. लि. द्वारा अगोपनीय रुपांतर में परिशिष्टों 6, 7, 8 और 9 को पूरी तरह गोपनीय माना गया है। इन परिशिष्टों तथा प्रदर्शों को न दिए जाने के अभाव में आवेदक यह सुनिश्चित करने की स्थिति में नहीं हैं कि कौन से परिशिष्ट और प्रदर्श हैं, उन्हें गोपनीय क्यों माना जा रहा है, उनका सार संभव क्यों नहीं है।

ग. ह्योसंग टीएनसी कारपोरेशन, कोरिया ने निम्नलिखित के संबंध में गोपनीयता का दावा किया है:

(i) बेचे गए उत्पादों की सूची, कंपनी के विश्वव्यापी कारपोरेट ढांचे एवं संबद्धों के ब्यौरे, मूल कंपनियों सहित दिए जाने चाहिए और उन्हें गोपनीय नहीं रखा जा सकता।

(ii) भारत को निर्यात के लिए वितरण चैनल गोपनीय रखे गए हैं जिसके कारण उन पक्षकारों की पहचान नहीं की जा सकती जिनके माध्यम से भारत को निर्यात होते हैं। यह सूचना गोपनीय नहीं रखी जा सकती।

घ. डोंगकुक स्टील इंडिया प्रा. लि. ने निम्नलिखित के संबंध में गोपनीयता का दावा किया है:

(i) शेयरधारकों की सूची, कंपनी द्वारा बेचे गए उत्पादों की सूची दी जानी चाहिए। यह सूचना गोपनीय नहीं रखी जा सकती।

(ii) वितरण चैनल और संबद्ध पक्षकार की सूचना गोपनीय नहीं रखी जा सकती क्योंकि वितरण चैनल अनिवार्य रूप से प्रकट किया जाना होता है।

(iii) बिक्री वार्ता प्रक्रिया।

ङ. उपर्युक्त के मद्देनजर, डोंगकुक ग्रुप में उत्पादकों, निर्यातकों और संबंधित आयातकों को असहयोगी माना जाना चाहिए क्योंकि वे अगोपनीय रुपांतर में अनिवार्य सूचना प्रकट करने में विफल रहे हैं और साथ ही उन्होंने 07 सितंबर, 2018 की व्यापार सूचना संख्या 10/2018 का उल्लंघन भी किया है।

च. डोंगबू ग्रुप ने उत्पादक एवं निर्यातक ने विभिन्न सूचना के संबंध में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है जो कि न तो व्यापार संवेदी है और न ही उन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डालने में सक्षम है। डोंगबू स्टील एंड इनचियोन कोरिया ने निम्नलिखित के संबंध में गोपनीयता का दावा किया है:

(i) मूल शेयरधारकों की सूची, डोंगबू स्टील और इनचियोन द्वारा बेचे गए सभी उत्पादों की सूची दी जानी चाहिए। यह सूचना गोपनीय नहीं रखी जा सकती।

(ii) कंपनी का विश्वव्यापी कारपोरेट ढांचा तथा संबद्ध, मूल कंपनियों तथा अन्य संबंधित कंपनियों सहित दिया जाना चाहिए।

(iii) गृह बाजार में बिक्री के लिए वितरण चैनलों के ब्यौरे।

(iv) घरेलू ग्राहकों को दी गई बीजक के बाद/बिक्री छूट अथवा वर्ष के अंत में छूट।

(v) विनिर्माण प्रक्रिया तथा उत्पादन प्रवाह का चार्ट।

(vi) डोंगबू स्टील एंड इनचियोन द्वारा अगोपनीय रुपांतर में परिशिष्ट 6, 7, 8 और 9 को गोपनीय माना गया है। इन परिशिष्टों तथा प्रदर्शों को न दिए जाने के अभाव में हम यह सुनिश्चित करने की स्थिति में नहीं हैं कि कौन से परिशिष्ट और प्रदर्श हैं, उन्हें गोपनीय क्यों माना जा रहा है, उनका सार संभव क्यों नहीं है।

छ. उपर्युक्त के मद्देनजर, डोंगबू ग्रुप ने उत्पादकों और निर्यातकों को असहयोगी माना जाना चाहिए क्योंकि वे अगोपनीय रुपांतर में अनिवार्य सूचना प्रकट करने में विफल रहे हैं और साथ ही उन्होंने 07 सितंबर, 2018 की व्यापार सूचना संख्या 10/2018 का उल्लंघन भी किया है।

ज. जीएस ग्लोबल कारपोरेशन ने विभिन्न सूचना के संबंध में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है जो कि न तो व्यापार संवेदी है और न ही उन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डालने में सक्षम है। आवेदक जीएस ग्लोबल कारपोरेशन के लिए गोपनीयता से संबंधित मुद्दों की जांच की है और वह निम्नलिखित रूप में उल्लिखित है:

(i) मूल शेयरधारकों की सूची दी जानी चाहिए।

(ii) जीएस ग्लोबल कारपोरेशन द्वारा बेचे गए सभी उत्पादों की सूची दी जानी चाहिए।

(iii) जीएस ग्लोबल कारपोरेशन द्वारा संबंधित कंपनियों की सूची दी गई है, परंतु उनके टेलीफोन, फैक्स नंबर और ई-मेल पते नहीं दिए गए हैं। प्रत्येक कंपनी के क्रियाकलाप तथा इसके ब्यौरे कि वे भारत को विचाराधीन उत्पाद के निर्यात में शामिल हैं अथवा नहीं, भी दिए जाने चाहिए।

(iv) कंपनी की वित्तीय एवं लागत लेखांकन प्रणाली।

(v) भारत को निर्यात के लिए वितरण चैनल गोपनीय रखे गए हैं जिसके कारण उन पक्षकारों की पहचान नहीं की जा सकती जिनके माध्यम से भारत को निर्यात किए जाते हैं।

(vi) भारत को निर्यात की बिक्री के लिए बिक्री वार्ता प्रक्रिया।

(vii) गृह बाजार में बिक्री के लिए वितरण चैनलों के ब्यौरे।

(viii) गृह बाजार में बिक्री के लिए बिक्री वार्ता प्रक्रिया।

(ix) भारत में संबंधित पक्षकार का नाम।

झ. उपर्युक्त के मद्देनजर, जीएस ग्लोबल कारपोरेशन को असहयोगी माना जाना चाहिए क्योंकि वे अगोपनीय रुपांतर में अनिवार्य सूचना प्रकट करने में विफल रहे हैं और साथ ही उन्होंने 07 सितंबर, 2018 की व्यापार सूचना संख्या 10/2018 का उल्लंघन भी किया है।

ञ. पोस्को ग्रुप में उत्पादकों, निर्यातकों और संबंधित आयातकों ने विभिन्न सूचना के संबंध में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है जो कि न तो व्यापार संवेदी है और न ही उन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डालने में सक्षम है। पोस्को ने निम्नलिखित मुद्दों के संबंध में गोपनीयता का दावा किया है:

(i) पोस्को द्वारा संबंधित कंपनियों की सूची दी गई है, परंतु उनके टेलीफोन, फैक्स नंबर और ई-मेल पते नहीं दिए गए हैं। प्रत्येक कंपनी के क्रियाकलाप तथा इसके ब्यौरे कि वे भारत को विचाराधीन उत्पाद के निर्यात में शामिल हैं अथवा नहीं, भी दिए जाने चाहिए।

(ii) पोस्को ने अनुरोध किया है कि वह जिंक, एल्युमीनियम और मैग्नीशियम कोटेड स्टील उत्पादों, जिन्हें "पोसेएमएसी" कहा जाता है, का उत्पादन करता है जो कि विचाराधीन उत्पाद से भिन्न है। अपने दावे के समर्थन में पोस्को ने प्रदर्श बी-1 में पोसमेक और विशिष्ट एल्युमीनियम जिंक कोटेड स्टील के बीच तुलना दर्शाते हुए अपने उत्पाद के ब्रोशर में दिया है। तथापि, यह उत्पाद ब्रोशर अगोपनीय रुपांतर में नहीं दिया गया है। उत्पाद ब्रोशर के अभाव में आवेदक इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी दायर करने में सक्षम नहीं होगा।

(iii) भारत को निर्यात के लिए वितरण चैनल गोपनीय रखे गए हैं जिसके कारण उन पक्षकारों की पहचान नहीं की जा सकती जिसके माध्यम से भारत को निर्यात किए जाते हैं।

(iv) भारत को निर्यात बिक्री के लिए बिक्री वार्ता प्रक्रिया, गृह बाजार में बिक्री के लिए वितरण चैनलों के ब्यौरे और गृह देश में बिक्री के लिए बिक्री वार्ता प्रक्रिया।

(v) उत्पादन प्रक्रिया में प्रयुक्त कच्ची सामग्री का नाम परिशिष्टों 1, 3क, 4क, 4ख, 6, 7, 8, 9, 10, 11 और प्रदर्श बी-1, डी-1, जी-1, जी-2, ई-1, एफ-1, एफ-2 अगोपनीय रुपांतर में पोस्को द्वारा नहीं दिए गए हैं। इन परिशिष्टों और प्रदर्शों को न दिए जाने के अभाव में आवेदक यह सुनिश्चित करने की स्थिति में नहीं हैं कि इन परिशिष्टों और प्रदर्शों में क्या है, उन्हें गोपनीय क्यों माना जा रहा है और उनका सार संभव क्यों नहीं है।

ट. उपर्युक्त के मद्देनजर, पोस्को ग्रुप में उत्पादकों और निर्यातकों एवं संबंधित आयातकों को असहयोगी माना जाना चाहिए क्योंकि वे अगोपनीय रुपांतर में अनिवार्य सूचना प्रकट करने में विफल रहे हैं और साथ ही उन्होंने 07 सितंबर, 2018 की व्यापार सूचना संख्या 10/2018 का उल्लंघन भी किया है।

ङ.2 उत्पादकों, निर्यातकों और आयातकों से युक्त अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुरोध

24. गोपनीयता के मुद्दे के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. प्रभावित पक्षकार को पूरे साक्ष्य का प्रकटन करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का अनिवार्य घटक है।

ख. याचिका के अगोपनीय रुपांतर के संबंध में यह अनुरोध किया गया था कि हितबद्ध पक्षकार अपने रक्षा के अधिकार को पूरी तरह से कार्यान्वित नहीं कर पाए क्योंकि याचिका में दिए गए महत्वपूर्ण आंकड़े याचिका के अगोपनीय रुपांतर में संक्षिप्त रूप से सूचीबद्ध नहीं थे। इसके अतिरिक्त, गोपनीयता के कारण दर्शाने वाली व्यापार सूचना के तहत अपेक्षित औचित्य की कोई तालिका याचिका के भाग के रूप में नहीं दी गई है। अतः याचिका का अगोपनीय रुपांतर नियमावली के नियम 7 तथा 09 दिसंबर, 2013 की व्यापार सूचना संख्या 1/2013 में निर्धारित मानक को पूरा करने में विफल रही।

ग. घरेलू उद्योग ने अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है और अपूर्ण याचिका दायर की है। घरेलू उद्योग लागत संबंधी कोई सूचना प्रस्तुत करने में विफल रहा तथा आवेदक अपने दावों के लिए औचित्य दर्शाने में विफल रहा। घरेलू उद्योग को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि वे अगोपनीय सार के साथ सूचना दें क्योंकि क्षति से संबंधित कई तर्क इन दस्तावेजों के आधार पर थे।

घ. घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित पहलुओं के संबंध में गोपनीयता का दावा किया है:

(i) आवेदक तथा विचाराधीन उत्पाद के अन्य प्रमुख उत्पादकों के उत्पादन आंकड़े।

(ii) पाटन मार्जिन अथवा कारखानागत निर्यात कीमत।

(iii) संगत वर्षों के लिए आवेदक तथा अन्य उत्पादकों की घरेलू बिक्री।

(iv) संगत वर्षों के लिए कैप्टिव खपत।

(v) संगत वर्षों के लिए आवेदक तथा अन्य उत्पादकों का बाजार हिस्सा।

(vi) आवेदक की घरेलू बिक्री कीमत।

(vii) चीन जन. गण., वियतनाम और कोरिया गणराज्य से उत्पादकों की घरेलू बिक्री कीमत।

(viii) संगत वर्षों के लिए आवेदक के लिए विचाराधीन उत्पाद की निर्माण तथा बिक्री लागत।

(ix) संगत वर्षों के लिए आवेदक का क्षमता उपयोग।

(x) संगत वर्षों के लिए आवेदक लाभ/हानि। समुचित अगोपनीय रुपांतर के अभाव में उत्तरदाता हितबद्ध पक्षकारों के अधिकारों का भारी रूप से पूर्वाग्रह किया गया है।

ङ. उपर्युक्त के संबंध में पूरेप्रकटन के अभाव में हितों की रक्षा करना संभव नहीं है।

च. आवेदक पाटनरोधी नियमावली के नियम 7 तथा डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 6.5 के अनुसार गोपनीयता का दावा करने के लिए "अच्छा कारण" दर्शाने में विफल रहा है।

ङ.3 <u>घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रकटन पश्चात अनुरोध</u>

25. इस संबंध में किसी भी पक्षकार द्वारा प्रकटन पश्चात अनुरोध नहीं किए गए हैं।

ङ.4 प्राधिकारी द्वारा जांच

26. सूचना की गोपनीयता के संबंध में नियमावली के नियम 7 में निम्नलिखित प्रावधान है:

"गोपनीय सूचना: (1) नियम 6 के उपनियमों (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट

होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में निहित किसी बात को होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट हो कि गोपनीयता के लिए अनुरोध न्यायसंगत नहीं अथवा सूचना प्रदाता सूचना को सार्वजनिक करने अथवा इसको सामान्य तौर पर अथवा संक्षिप्त रूप में उसे प्रकट करने के लिए अनिच्छुक हो, तो ऐसी सूचना की उपेक्षा की जा सकती है।

27. विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना का अगोपनीय रुपांतर निरीक्षण के लिए विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत उत्तर के अगोपनीय रुपांतर से युक्त सार्वजनिक फाइल के माध्यम से सभी हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध कराया गया था।

28. प्राधिकारी द्वारा गोपनीयता के संबंध में घरेलू उद्योग और अन्य विरोधी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों की संगत समझी गई सीमा तक जांच की गई है। निर्यातकों द्वारा अत्यधिक गोपनीयता के दावों के संबंध में यह नोट किया जाता है कि उत्तरदाता निर्यातकों को निर्यातक प्रश्नावली में उल्लिखित स्वरूप और तरीके में अपेक्षित सूचना मंगाते हुए कमी वाले पत्र जारी किए गए थे। इन निर्यातकों से कहा गया था कि वे व्यापार सूचना संख्या 10/2018 में दिए गए अनुसार प्रपत्र और तरीके में कुछ अगोपनीय सूचना (दायर की गई गोपनीय सूचना की) प्रस्तुत करें। यह नोट किया जाता है कि कमी वाले पत्र जारी करने के बाद हितबद्ध पक्षकारों ने अपने उत्तर प्रस्तुत किए जिन्हें पुनः सभी हितबद्ध पक्षकारों की सूचना के लिए सार्वजनिक फाइल में रखा गया था। प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दायर उत्तरों के संबंध में गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि सभी हितबद्ध पक्षकारों ने अपनी व्यापार संबंधी संवेदनशील सूचना गोपनीय होने का दावा किया है।

च. <u>सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत तथा पाटन मार्जिन का निर्धारण</u>

च.1 <u>घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध</u>

29. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. काफी सरकारी प्रभाव आदि के कारण चीन जन. गण. में इस्पात उद्योग में काफी बाजार ह्रास विद्यमान हैं। अतः घरेलू उद्योग तब तक सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए चीन जन. गण. में विद्यमान लागतों एवं कीमतों को स्वीकार न करने के लिए प्राधिकारी से अनुरोध करते हैं, जब तक चीन जन. गण. में उत्पादक/निर्यातक यह दर्शाने में सक्षम न हों कि उनकी लागतों और कीमतों का ह्रास नहीं है। घरेलू उद्योग अनुरोध करता है कि यूरोपीय आयोग ("ईसी") ने अपनी हाल में प्रकाशित रिपोर्ट में बाजार ह्रास की जांच की है जो चीन जन. गण. में विशिष्ट क्षेत्रों में मौजूद है जिनमें यूरोपीय आयोग ने यह पाया है कि चीन जन. गण. में भूमि, ऊर्जा, पूंजी, कच्ची सामग्री और श्रम से संबंधित देशव्यापी बाजार ह्रास मौजूद हैं।

ख. यदि संबंधित पक्षकार भारत में संबद्ध सामानों की पुनः बिक्री उसी रूप में अथवा बहुत कम संशोधनों के बाद करते हैं और उन्हें हानि होती है तो प्राधिकारी को निवल निर्यात कीमत तथा आयातों के पहुँच मूल्य में उपयुक्त समायोजन करने चाहिए। यह प्राधिकारी की सतत परिपाटी रही है, जैसा कि चीन जन. गण. से ग्लास फाइबर से संबंधित पाटनरोधी जांच में देखा जा सकता है। यदि पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन निर्धारित करते समय प्राधिकारी द्वारा उपयुक्त समायोजन नहीं किए जाते हैं तो उच्चतर कीमत पर आयात करने तथा कम कीमत पर पुनः बिक्री करने की परिपाटी का यह प्रकार विदेशी निर्यातकों के लिए बाहर जाने का एक मार्ग बन जाएगा और इससे निर्यातकों द्वारा शुल्क से बचाव अथवा शुल्क की प्रवंचना की जाएगी।

ग. पोस्को एवं पोस्को सीएंडसी के इस तर्क के संबंध में कि उन पर अनुपयुक्त रूप से उच्च प्राथमिक शुल्क लगाया गया है, आवेदक ने अनुरोध किया कि निर्दिष्ट प्राधिकारी ने उनके लिए पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन

परिकलित करने के लिए संबंधित आयातक को हुई हानि के लिए उपयुक्त रूप से समायोजन किए हैं। सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की धारा 9क तथा नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 5 का संदर्भ देते हुए घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया कि पाटन मार्जिन के निर्धारण के लिए संबद्ध पक्षकारों के लिए निर्यात कीमत उस कीमत के आधार पर निर्मित की जानी है जिस पर आयातित वस्तु स्वतंत्र क्रेता को (आयात तथा पुनः बिक्री के बीच किए गए और लाभ के लिए शुल्कों तथा करों सहित लागत के लिए) उचित अनुमति के बाद पहले बेचे गई है। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि कोरिया गणराज्य के निर्यातक भारत में अपने संबद्ध पक्षकारों को उच्च कीमतों पर संबद्ध सामानों का निर्यात कर रहे हैं और संबद्ध आयातक पाटनरोधी जांच की स्थिति में नोटिस से बचने के लिए आयात कीमतों से कम कीमतों पर असंबद्ध ग्राहकों को संबद्ध सामानों की बिक्री कर रहे हैं।

घ. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया कि निर्दिष्ट प्राधिकारी ने प्राथमिक जांच परिणाम में अलग पाटन मार्जिन के संबंध में मैसर्स डोंगबू स्टील कं. लि. के अनुरोध को सही रद्द किया है क्योंकि चेन में संबंधित व्यापारियों ने उत्तर नहीं दिया है और वह प्राधिकारी की विगत परिपाटी के अनुरूप है। आवेदक ने ऑस्ट्रेलिया तथा चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "लो ऐश मेटालर्जिकल कोक" के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच के मामले का संदर्भ दिया है जिसमें यह पाया कि चूंकि भारतीय ग्राहक तक पूरी मूल्य श्रृंखला के लिए अनिवार्य सूचना, भारतीय ग्राहकों को निर्यात करते समय असंबद्ध व्यापारी द्वारा दावा किए गए समायोजन उस बिक्री के निबंधन एवं शर्तें जांच के लिए उपलब्ध नहीं हैं, अतः प्राधिकारी अलग पाटन मार्जिन निर्धारित करने की स्थिति में नहीं हैं। आवेदक ने उन जांचों का संदर्भ भी दिया है जहां निर्दिष्ट प्राधिकारी ने पूरी मूल्य श्रृंखला तक दी गई सूचना के अभाव में अलग पाटन मार्जिन नहीं दिया है। ये निम्नलिखित हैं:

i. *इंडोनेशिया, थाइलैंड और सिंगापुर के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "अनकोटेड कॉपियर पेपर"।*

ii. *मलेशिया, चीन जन. गण., चीनी तैपई और संयुक्त राज्य अमेरिका के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "सोलर सेल चाहे वे आंशिक रूप से असेंबल किए गए हों अथवा नहीं अथवा पूर्णतः से मॉडलों में हों अथवा पैनलों में हों अथवा ग्लास पर हों अथवा कुछ अन्य उपयुक्त रूपों में हों"; और*

iii. *ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय संघ और सिंगापुर के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "फ्लेक्सिबल स्लेबस्टॉक पॉलयॉल"।*

ङ. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया कि प्राधिकारी को इस तथ्य का सत्यापन करना चाहिए कि शुकन ट्रेडिंग एंड प्राइम रिसोर्स के प्रश्नावली के उत्तरों के अभाव में डोंगबू ने भारत को अपने 85 प्रतिशत निर्यात की सूचना दी है या नहीं। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया कि मैनुअल का पैरा 12.20 अपने आप में विरोधाभासी है। पैरा 12.20 के आरंभ में प्राधिकारी उत्तरदाता उत्पादक के लिए अपने सभी निर्यातकों, व्यापारियों, आयातकों आदि सहित पूर्ण उत्तर दायर करना अनिवार्य बनाते हैं, जो भारत को विचाराधीन उत्पादों के प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से निर्यातों में पाटन मार्जिन की अलग दर लेने के लिए शामिल हैं। उसके बाद पैरा 12.20 की मद (iv) में यह उल्लेख किया गया है कि यदि भारत को निर्यातों की कुल मात्रा के 30 प्रतिशत से अधिक हिस्से वाले असंबद्ध निर्यातक सहयोग नहीं करते तो उत्तरदाता उत्पादक को असहयोग माना जाए। जैसा कि देखा जा सकता है कि दोनों विवरण एक दूसरे के विरोधाभासी हैं।

च. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया कि मैनुअल उस समय जारी किया गया था जब प्राधिकारी उत्पादक एवं निर्यातक के लिए, दोनों को एक साथ लेकर, शुल्क के संयुक्त रूप की सिफारिश किया करते थे। एक उदाहरण देखें। उत्पादक क तीन भिन्न व्यापारियों ख, ग और घ के माध्यम से भारत को निर्यात करता है। ग जांच में भाग नहीं लेता और अन्य पक्षकार विधिवत रूप से सहयोग करते हैं। पूर्व के परिदृश्य में यदि भारतीय प्राधिकारी इन पक्षकारों को सहयोगी मानेंगे तो निर्यातक ख और ग के साथ उत्पादक क के संयोजन के लिए अलग शुल्क दर निर्धारित की जाएगी। निर्यातक ग के माध्यम से उत्पादक क द्वारा किया गया कोई भी निर्यात उच्च अवशिष्ट शुल्क के अध्यधीन होगा। तथापि, प्राधिकारी ने अब अपनी परिपाटी बदली है और केवल उत्पादक विशिष्ट शुल्क की सिफारिश करते हैं। अब नई परिपाटी में यदि भारतीय प्राधिकारी इन पक्षकारों को सहयोगी मानते हैं तो फिर अलग शुल्क दर केवल उत्पादक क के लिए निर्धारित की जाएगी।

यहां तक कि यदि उत्पादक क निर्यातक ग के माध्यम से निर्यात करता है तो इस अलग शुल्क दर का लाभ उपलब्ध होगा। घरेलू उद्योग अनुरोध करता है कि मैनुअल में निर्धारित परिपाटी वर्तमान परिवर्तित परिदृश्य में लागू नहीं हो सकती जब प्राधिकारी ने शुल्क तालिका में शुल्क प्रदान करने के तरीके को बदल कर दिया है।

छ. डोंगबू ने अनुरोध किया है कि प्राथमिक जांच परिणाम जारी करने के बाद मैसर्स शकुन ट्रेडिंग ने अपनी प्रश्नावली के उत्तर दायर किए हैं। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया कि प्राधिकारी को इस आधार पर मैसर्स शकुन ट्रेडिंग द्वारा दायर प्रश्नावली के उत्तर को रद्द करना चाहिए कि वह उत्तर जांच के बहुत ही देरी के चरण में दायर किए गए हैं क्योंकि प्राधिकारी ने पहले ही प्रश्नावली के उत्तर प्राधिकारी के समक्ष दायर करने के लिए सभी हितबद्ध पक्षकारों को पूरा समय दिया था। यह भी अनुरोध किया गया था कि डोंगबू अपने अपने लिखित अनुरोधों में स्वयं ही स्वीकार किया है कि यहां तक कि मैसर्स शकुन ट्रेडिंग द्वारा अब दायर प्रश्नावली के उत्तर में कमी है और वह अपूर्ण है। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया कि मैनुअल के पैरा 12.20 में यह स्पष्ट रूप से उल्लिखित है कि "यदि असंबद्ध कंपनियों से सूचना पूर्ण नहीं है तो उत्तर रद्द किया जा सकता है।" यह स्पष्ट रूप से उल्लिखित है कि यदि उत्पादक के असंबद्ध व्यापारी द्वारा पूर्ण उत्तर दायर नहीं किया जाता है तो प्राधिकारी उत्पादक के उत्तर को रद्द कर देंगे। यदि प्राधिकारी प्राथमिक जांच परिणाम के बाद कमी वाले प्रश्नावली के उत्तर स्वीकार करते हैं और मैसर्स शकुन ट्रेडिंग द्वारा दी गई सूचना पर विचार करते हैं तो प्राधिकारी एक बहुत ही बुरा पूर्वोदाहरण निर्धारित करेंगे। प्राधिकारी ने चीन जन. गण. और जापान के मूल के अथवा वहां से निर्यातित सभी प्रकार के 1, 1, 1, 2-टेट्राफ्लोरोथीन अथवा आर-134ए के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच में अंतिम परिणाम के पैरा 26(viii) और 29(ix) में इस आधार पर प्रश्नावली के उत्तर रद्द किए थे कि प्रश्नावली के उत्तर प्राथमिक जांच परिणाम के बाद दायर किए गए हैं। प्राधिकारी ने चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "पैरासिटामॉल" के आयातों पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की दूसरी निर्णायक समीक्षा जांच के अंतिम जांच परिणाम में निम्नलिखित टिप्पणी की:

"20. प्राधिकारी नोट करते हैं कि मैसर्स हेबेईजिहेंग (ग्रुप) फार्मास्युटिकल कं. लि. ने उत्तर काफी देरी से दायर किए और देरी से उत्तर प्रस्तुत करने के लिए कोई उपयुक्त तथा संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया। यह नोट किया जाता है कि किसी जांच में भाग लेने का अधिकार असीमित नहीं हो सकता।"

ज. उपर्युक्त के मद्देनजर, प्राधिकारी को मैसर्स शकुन ट्रेडिंग द्वारा दायर उत्तर को रद्द करना चाहिए और डोंगबू स्टील को अलग शुल्क दर प्रदान नहीं करनी चाहिए।

झ. जांच की अवधि के दौरान डोंगकुक ने भारत में अपने संबंधित आयातक (डोंगकुक स्टील इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) को सीधे निर्यात किए। कुछ निर्यात असंबद्ध कोरियाई निर्यातकों यथा – ह्योसंग टीएनसी कारपोरेशन और एसके नेटवर्क्स के माध्यम से भी किए गए हैं। एसके नेटवर्क्स ने निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर दायर नहीं किए हैं। एसके नेटवर्क्स से प्रश्नावली के उत्तर के अभाव में भारत में पूरी निर्यात श्रृंखला उपलब्ध नहीं है और तद्नुसार पूरे समूह द्वारा दायर उत्तर को रद्द किया जाना चाहिए।

ञ. डोंगकुक ने अन्य आपूर्तिकर्ता (पोस्को हो सकता है) से भी विचाराधीन उत्पाद की खरीद की है। यह सत्यापित किया जाना चाहिए कि क्या अन्य उत्पादकों से डोंगकुक द्वारा खरीदा गया विचाराधीन उत्पाद भारत को निर्यात किया गया है अथवा नहीं। यदि डोंगकुक ने भारत को किसी अन्य उत्पादक द्वारा विनिर्मित उत्पाद का निर्यात किया है और उस उत्पादक ने जांच में भाग नहीं लिया है तो पूरे समूह द्वारा दायर पूरा उत्तर रद्द किया जाना चाहिए।

ट. डोंगकुक स्टील इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (संबद्ध आयातक) द्वारा दायर उत्तर से यह देखा जा सकता है कि उसको वर्ष 2017-18 के दौरान हानियां (अन्य आय तथा मालसूची में परिवर्तनों के समायोजन के बाद) हो रही थीं। वर्ष 2017-18 के लिए डोंगकुक स्टील इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को हुई हानियां निम्नलिखित रूप में देखी जा सकती हैं:

विवरण	राशि (लाख रुपये)
कर पूर्व लाभ	925
अन्य आय	293
मालसूची में परिवर्तन	-3,646
लाभ/हानि	-3,014

ठ. उन्होंने प्राधिकारी से अनुरोध किया है कि वे कृपया संबद्ध आयातकों को हुई हानियों के प्रभाव की विस्तार से जांच करें और डोंगकुक स्टील मिल कंपनी के लिए कारखानागत निर्यात कीमत और पहुँच मूल्य निर्धारित करते समय उपयुक्त समायोजन करें।

ड. भारत में निर्यात कीमत के परिकलन के लिए प्रश्न ई.11 के उत्तर में पोस्को ने (क) समुद्री भाड़ा, (ख) अंतर्देशीय परिवहन, (ग) लदान शुल्क, (घ) पैकेजिंग लागत और (ङ) ऋण व्यय के निमित्त कटौतियों का दावा किया है। तथापि, प्रश्न एफ.10 के उत्तर में सामान्य मूल्य के परिकलन के लिए पोस्को ने (क) अंतर्देशीय परिवहन, (ख) भंडारण व्यय, (ग) सार संभाल शुल्क, (घ) ऋण व्यय और (ङ) पैकेजिंग लागत तथा (च) वारंटी व्यय के निमित्त कटौतियों का दावा किया है।

(i) घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि सामान्य मूल्य का निर्धारण करते समय वारंटी व्यय के प्रति अतिरिक्त कटौती का दावा किया गया है। उन्होंने यह भी अनुरोध किया है कि पोस्को ने यह स्पष्ट करते हुए विस्तृत अनुरोध किए हैं कि उनके द्वारा भारत को निर्यातित पोसमेक (जिंक एल्युमीनियम और मैंग्नीशियम कोटेड स्टील) आवेदक द्वारा आपूर्ति किए गए एल्युमीनियम-जिंक कोटेड स्टील से भिन्न क्यों है। उनके द्वारा उल्लिखित एक सबसे महत्वपूर्ण अंतर यह है कि वे भारत को निर्यातित पोसमेक पर 25 वर्ष की वारंटी दे रहे हैं। अतः यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि पोस्को ने अपने अनुरोधों में अथवा प्रश्नावली के उत्तर में गलत तथ्य उल्लिखित किए हैं। यदि वे वास्तव में भारत को निर्यातों पर 25 वर्ष की वारंटी दे रहे हैं तो फिर उन्हें भारत को निर्यात के लिए वारंटी व्यय कटौती के रूप में दर्शाना चाहिए था। यदि वे 25 वर्ष की वारंटी नहीं दे रहे हैं तो फिर उन्हें भारत को उनके द्वारा निर्यातित पोसमेक और आवेदक द्वारा आपूर्ति किए गए एल्युमीनियम जिंक कोटेड स्टील के बीच अंतरों का उल्लेख करते हुए ऐसा अनुरोध नहीं करना चाहिए था।

(ii) इसके अतिरिक्त, पोस्को ने सामान्य मूल्य से भंडारण व्यय के निमित्त अतिरिक्त कटौती का दावा भी किया है जबकि ऐसी किसी कटौती का दावा निर्यात कीमत से नहीं किया गया है।

(iii) पोस्को ने बैंक प्रभारों के लिए निर्यात कीमत से किसी कटौती का दावा नहीं किया है, अतः उन्होंने प्राधिकारी से अनुरोध किया है कि वे भारत में पोस्को की निर्यात कीमत से वारंटी व्यय, भंडारण व्यय और बैंक प्रभारों के निमित्त उपयुक्त समायोजन करें। इसी प्रकार, संबंधित उत्पादक मैसर्स पोस्को कोटेड एंड कलर स्टील कं. लि. की निर्यात कीमत से भी समायोजन किए जाने चाहिए।

ढ. घरेलू उद्योग ने उल्लेख किया कि वे समझते हैं कि पोस्को ने घरेलू बाजार में अपने संबद्ध पक्षकार को बिक्री की है। तथापि, परिशिष्ट 4ग में (स्वतंत्र ग्राहकों को संबद्ध ग्राहकों द्वारा पुनः बिक्री) कोई सूचना नहीं दी गई है।

ण. पोस्को इंडिया होल्डिंग प्रा. लि. (संबद्ध आयातक) द्वारा दायर उत्तर से यह देखा जा सकता है कि उसे वर्ष 2017-18 के दौरान हानियां (अन्य आय तथा मालसूची में परिवर्तन के समायोजन के बाद) हो रही थीं। वर्ष 2017-18 के लिए पोस्को इंडिया होल्डिंग प्रा. लि. को हुई हानियां निम्नलिखित रूप में देखी जा सकती हैं:

विवरण	राशि (लाख रुपये)
कर पूर्व लाभ	7,961
अन्य आय	409
मालसूची में परिवर्तन	-8,063
लाभ/हानि	-511

त. इसके अतिरिक्त, मैसर्स पोस्को आईएपीसी द्वारा दायर उत्तर से भी यह देखा जा सकता है कि उसको वर्ष 2016-17 के दौरान हानियां हुई थीं। प्राधिकारी को संबंधित आयातकों को हुई हानियों के प्रभाव की विस्तार से जांच करनी चाहिए और पोस्को तथा पोस्को कोटेड एंड कलर स्टील कं. लि. के लिए कारखानागत निर्यात कीमत तथा पहुँच मूल्य निर्धारित करते समय उपयुक्त समायोजन करना चाहिए।

थ. झेजियांग होडा न्यू मैटेरियल्स कं. लि. ने बैंक प्रभारों के लिए निर्यात कीमत से किसी कटौती का दावा नहीं किया है, अतः प्राधिकारी को भारत में झेजियांग होडा न्यू मैटेरियल्स कं. लि. की निर्यात कीमत से बैंक प्रभारों के निमित्त उपयुक्त समायोजन करना चाहिए।

द. झेजियांग होडा न्यू मैटेरियल्स कं. लि. ने घरेलू बाजार में अपने संबद्ध पक्षकार को बिक्री की है। तथापि, परिशिष्ट 4ग में (स्वतंत्र ग्राहकों को संबद्ध ग्राहकों द्वारा पुनः बिक्री) कोई सूचना नहीं दी गई है।

ध. यह अनुरोध किया जाता है कि प्राधिकारी इसकी जांच करें कि क्या निर्यातक/व्यापारी मैसर्स मॉरूबेनी इटोचू स्टील पीटीई. लि. ने उपयुक्त लाभ अर्जित किए हैं और भारत में निर्यातों के लिए अपनी पूरी लागत वसूल की है अथवा नहीं। यदि निर्यातक/व्यापारी को उपयुक्त लाभ अर्जित नहीं किए हैं तो फिर हम प्राधिकारी से अनुरोध करते हैं कि वे कारखानागत निर्यात कीमत और पहुँच मूल्य निर्धारित करते समय उपयुक्त समायोजन करें।

न. यह अनुरोध किया जाता है कि प्राधिकारीइस बात की जांच करें कि क्या निर्यातक/व्यापारी मैसर्स वीना वन स्टील मैन्युफैक्चरिंग ने उपयुक्त लाभ अर्जित किए हैं और भारत में निर्यातों के लिए अपनी पूरी लागत वसूल की है अथवा नहीं। यदि निर्यातक/व्यापारी को उपयुक्त लाभ अर्जित नहीं किए हैं तो फिर हम प्राधिकारी से अनुरोध करते हैं कि वे कारखानागत निर्यात कीमत और पहुँच मूल्य निर्धारित करते समय उपयुक्त समायोजन करें।

प. स्टिंको कं. लि. द्वारा दायर उत्तर के अनुसार उसने भारतीय ग्राहकों को सीधे ही तथा तीसरे देशों में आधारित असंबद्ध व्यापारिक कंपनियों के माध्यम से विचाराधीन उत्पाद का निर्यात किया है। घरेलू उद्योग प्राधिकारी से अनुरोध करता है कि वे कृपया इस बात की जांच करें कि क्या जिसके माध्यम से स्टिंको कं. लि. ने भारत को विचाराधीन उत्पाद का निर्यात किया है, उस व्यापारी ने भाग लिया है अथवा नहीं। यदि व्यापारियों ने भाग नहीं लिया है तो फिर प्राधिकारी को स्टिंको कं. लि. तथा जिस संबद्ध उत्पादक के माध्यम से स्टिंको कं. लि. ने विचाराधीन उत्पाद की खरीद की है, उसे असहयोगी मानना चाहिए।

फ. यह नोट किया जाना चाहिए कि डोंगकुक स्टील इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जीएस ग्लोबल कारपोरेशन का एक संबद्ध पक्षकार है। इस तथ्य का सत्यापन वर्ष 2017 की वार्षिक रिपोर्ट (पृष्ठ 61, मद 12 देखें) से किया जा सकता है। तद्नुसार, उत्पादक तथा निर्यातक (डोंगकुक स्टील मिल कंपनी और जीएस ग्लोबल कारपोरेशन) दोंनों संबद्ध हैं। अतः प्राधिकारी इस तथ्य का सत्यापन करें और क्या जीएस ग्लोबल कारपोरेशन द्वारा उसे प्रकट किया गया है अथवा नहीं। यदि यह तथ्य प्रकट नहीं किया गया है तो फिर जीएस ग्लोबल कारपोरेशन को असहयोगी माना जाना चाहिए।

ब. प्राधिकारी इस बात का सत्यापन करें कि क्या जीएस ग्लोबल ने उपयुक्त लाभ अर्जित किया है तथा अपनी लागत वसूल की है अथवा नहीं।

भ. शंघाई शिजिंग इंटरनेशनल ट्रेडिंग कं. लि. ने घरेलू बाजार में बिक्री की है। तथापि, भाग-III खंड-एफ (घरेलू बिक्री) में कोई सूचना नहीं दी गई है।

म. घरेलू उद्योग प्राधिकारी से अनुरोध करता है कि वे इस बात की जांच करें कि क्या निर्यातक/व्यापारी मैसर्स शंघाई शिजिंग इंटरनेशनल ट्रेडिंग कं. लि. ने उपयुक्त लाभ अर्जित किया है और भारत में निर्यात के लिए अपनी पूरी लागत वसूल की है अथवा नहीं। यदि निर्यातक/व्यापारी ने उपयुक्त लाभ अर्जित नहीं किया है तो फिर हम प्राधिकारी से अनुरोध करते हैं कि वे कारखानागत निर्यात कीमत और पहुँच मूल्य निर्धारित करते समय उपयुक्त समायोजन करें।

च.1.1 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रकटन पश्चात अनुरोध</u>

30. निम्नलिखित प्रकटन पश्चात अनुरोध घरेलू उद्योग किए गए हैं :

क) प्राधिकारी द्वारा जारी प्राथमिक जांच परिणामों में प्रकटन विवरण में निर्धारित पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन की तुलना करने पर यह नोट किया जा सकता है कि पाटन और क्षति मार्जिन कम हुए हैं, अनुरोध है कि प्राधिकारी परिकलित मार्जिनों की पुनः जांच करें क्योंकि गिरावट अनावश्यक प्रतीत होती है।

ख) प्राधिकारी ने निर्यात श्रृंखला के असहयोगी भाग के लिए एनईपी और पहुँच मूल्य निर्मित करने के लिए प्रचालन परिपाटी पुस्तिका (ओपी मैनुअल) में परिकल्पित प्रक्रिया को नहीं अपनाया है। यह उल्लिखित है कि निर्यातकों और असंबद्ध व्यापारियों के असहयोग पर सामान्य नियम पूरे उत्तर को रद्द करने का है। तथापि, प्राधिकारी ने निर्यातकों को बनाया गया अपवाद उसके लिए कोई कारण दिए बिना प्रदान किया है।

ग) प्राधिकारी ने ओपी मैनुअल में दिए गए अनुसार निर्यातक श्रृंखला के किसी भी असहयोगी भाग के लिए निर्यात कीमत तथा पहुँच मूल्य निर्मित नहीं किया है। उन्होंने निर्यात कीमत और पहुँच मूल्य का परिकलन केवल उन्हें प्राप्त अपूर्ण उत्तर के आधार पर किया है। उपर्युक्त प्रक्रिया न अपनाकर और केवल निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत अपूर्ण सूचना पर विश्वास कर परिकलिपत पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन काफी कम हो गया है।

घ) प्राधिकारी ने डोंगबू का उत्तर काफी अपूर्ण होने के बावजूद उसे स्वीकार करने का कोई तर्क नहीं दिया है। अनुरोध है कि डोंगबू का उत्तर रद्द किया जाना चाहिए क्योंकि श्रृंखला में जुड़े व्यापारियों ने उत्तर नहीं दिया है और यह प्राधिकारी की विगत परिपाटी के अनुरूप भी है।

ङ) अनुरोध है कि नाम किम के उत्तर को पूर्णतः रद्द किया जाना चाहिए और उनके लिए कोई अलग शुल्क निर्धारित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने प्रमाणित दस्तावेज नहीं दिए हैं।

च) यह देखा जाता है कि डोंगबू ने अंतर्देशीय परिवहन, ऋण लागत, भुगतान छूट और वारंटी व्यय के निमित्त समायोजनों का दावा किया है जिनकी प्राधिकारी द्वारा अनुमति दी गई है। यह अस्पष्ट है कि प्राधिकारी द्वारा उनकी सतत परिपाटी के विरुद्ध वारंटी व्यय समायोजन की अनुमति क्यों दी गई है।

च.2 <u>घरेलू उद्योग को छोड़कर विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुरोध</u>

31. निम्नलिखित अनुरोध अन्य इच्छुक पार्टियों द्वारा की गई हैं

क. आवेदक उन स्रोतों को बताने में विफल रहा है जिन पर पाटन मार्जिन के निर्धारण के लिए विश्वास किया गया है। नोट करने योग्य उदाहरण निम्नलिखित हैं:

(i) आवेदक वियतनाम अथवा चीन जन. गण. को "गैर बाजार अर्थव्यवस्था" मानने के लिए कोई औचित्य देने में विफल रहा है।

(ii) आवेदक उल्लेख करता है कि उसके पास कोरिया गणराज्य में घरेलू बिक्री कीमतों के संबंध में सूचना नहीं है।

ख. आवेदन पत्र को रद्द किया जाना चाहिए क्योंकि आवेदक ने कोरी अवधारणाएं दी हैं और पाटन निर्धारित करने के लिए स्रोतहीन आंकड़ों पर विश्वास किया है।

ग. भारत में आयातित किए जा रहे उत्पाद विभिन्न ग्रेडों, श्रेणियों और रेंजों में हैं जो कीमत को प्रभावित करते हैं। इन श्रेणियों के बीच अंतर काफी है और उसके अनदेखी नहीं की जा सकती। प्रस्तुत किए गए निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर तथा आयातक प्रश्नावली के उत्तर उत्पादकों तथा निर्यातकों द्वारा रखे जा रहे पीसीएन सिद्धांत के आधार पर तैयार किए गए हैं। तथापि, प्राधिकारी ने प्राथमिक जांच परिणाम में पीसीएन वार तुलना करने के लिए उत्पादकों के अनुरोध की अनदेखी की है और इसके बजाए एकल पीसीएन का प्रयोग किया है।

घ. प्राधिकारी ने इस आधार पर डोंगबू को अलग पाटन मार्जिन प्रदान करने से इंकार किया है कि मैसर्स स्टिंको द्वारा किए गए निर्यातों की काफी मात्रा को हिसाब में नहीं लिया गया है। प्राधिकारी ने मैसर्स स्टिंको को जांच से अलग किया है और माना है कि स्टिंको को अलग करने के परिणामस्वरूप डोंगबू और उसके अन्य व्यापारियों द्वारा दायर उत्तर में ली गई निर्यात मात्रा काफी नहीं है। डोंगबू ने केवल असंबद्ध निर्यातकों के माध्यम से निर्यात किया है और इन सभी असंबद्ध निर्यातकों (केवल प्राइम रिसोर्स के अपवाद के साथ) का भारत को डोंगबू के निर्यात में लगभग 99 प्रतिशत हिस्सा है। यह भी अनुरोध किया जाता है कि भारत को

स्टिंको के उसके असंबद्ध निर्यातक शकुन ट्रेडिंग के माध्यम से निर्यात में भारत को डोंगबू के निर्यात के 15 प्रतिशत से कम हिस्सा है।

ङ. डोंगबू द्वारा विचाराधीन उत्पाद के हिसाब में न लिया गया निर्यात गैर-प्रतिभागी व्यापारी के माध्यम से बहुत कम है। निर्यात कीमत के परिकलन के लिए डोंगबू की आपूर्ति श्रृंखला के 85 प्रतिशत से अधिक और कीमत इस प्राधिकारी के पास उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, स्टिंको के असंबद्ध व्यापारी की प्रतिभागिता का अभाव डोंगबू तथा उसके सभी व्यापारियों, जिनके माध्यम से डोंगबू ने सीधे ही व्यापार किया है, द्वारा दायर उत्तरों को रद्द करने की सीमा तक "काफी" नहीं माना जा सकता।

च. यह भी अनुरोध किया गया है कि डोंगबू ने उन असंबद्ध और दूरस्थ निर्यातक की प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए सभी उपयुक्त प्रयास किए थे, परंतु विफल रहा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वह अपने सीधे असंबद्ध निर्यातकों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करने की उपयुक्त रूप से उम्मीद कर सकता था, न कि उसके असंबद्ध व्यापारी के असंबद्ध व्यापारी की, जिसका उस पर नियंत्रण नहीं था। डोंगबू ने उल्लेख किया कि डोंगबू और उसके निर्यातकों, जिन्होंने जांच में पूरी तरह से सहयोग किया है, को इस आधार पर इस जांच से अलग करना उचित नहीं होगा। अनुरोध है कि यह भावी जांच के लिए एक बुरा पूर्वोदाहरण निर्धारित करेगा तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के सिद्धांत के विपरीत है।

छ. डोंगबू ने यह भी अनुरोध किया कि प्राधिकारी ने उसके व्यापारी द्वारा असहयोग के कारण उत्पादकों द्वारा दायर उत्तर को रद्द किया था। तथापि, यह हमेशा सीधे असंबद्ध व्यापारी के संबंध में रहा है। इस प्रकार का दायित्व किसी असंबद्ध व्यापारी पर कभी नहीं लगाया गया है। डोंगबू ने अपने तर्क को सिद्ध करने के लिए "इंडोनेशिया, थाइलैंड और सिंगापुर के मूल के अथवा वहां से निर्यातित अनकोटेड कॉपियर पेपर" के मामले का उल्लेख किया है कि असंबद्ध व्यापारी की प्रतिभागिता विवश करने का दायित्व उन असंबद्ध व्यापारियों के संबंध में ही हो सकता है जिन परउत्पादक से दबाव डालने मे सक्षम होने की उम्मीद की जाती है न कि असंबद्ध व्यापारी के असंबद्ध व्यापारी पर जिसके साथ डोंगबू ने सीधे ही कभी व्यवहार नहीं किया।

ज. यह भी अनुरोध किया गया था कि असंबद्ध व्यापारी स्टिंको की प्रतिभागिता काफी नहीं मानी जा सकती क्योंकि डोंगबू द्वारा विचाराधीन उत्पाद का हिसाब में न लिया गया निर्यात गैर प्रतिभागी व्यापारी के माध्यम से बहुत कम है।

झ. डोंगबू के विरुद्ध आवेदक द्वारा उठाया गया एक मात्र मुद्दा "श्रृंखला से जुड़े व्यापारी" द्वारा उत्तर दायर न करना था। इस संबंध में यह बात दोहराई जाती है कि उनके उनके कोई संबद्ध व्यापारी नहीं थे। सभी निर्यात असंबद्ध व्यापारियों के माध्यम से किए गए थे जिन्होंने प्राइम रिसोर्स, कोरिया गणराज्य को छोड़कर जांच में पूरी तरह से भाग लिया था।

ञ. यह पूरी तरह से अनुचित होगा, यदि डोंगबू और उसके सभी निर्यातकों, जिन्होंने इस जांच में पूरी तरह से सहयोग किया है, केवल इस कारण इस जांच से अलग किए जाएं कि प्रतिभागी असंबद्ध व्यापारी का कोई असंबद्ध व्यापारी जांच में भाग नहीं ले पाता। उन्होंने अनुरोध किया कि इस तरह के जांच परिणाम से भावी जांचों के लिए केवल एक बुरा पूर्वोदाहरण ही निर्धारित नहीं होगा बल्कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापारी के सुस्थापित सिद्धांतों के विपरीत भी होगा।

ट. प्राधिकारी को अभ्यावेदन में मैसर्स डोंगबू स्टील ने प्राधिकारी का ध्यान प्राधिकारी की उस परिपाटी की ओर आकर्षित किया है जिसमें वे उल्लेख करते हैं कि जांच में भाग न लेने वाले असंबद्ध व्यापारियों के भारत को निर्यातों के हिस्से के मामले में संबंधित उत्पादक द्वारा भारत को निर्यातों की कुल मात्रा का 30 प्रतिशत से अधिक है तो उत्तरदाता उत्पादक को असहयोगी माना जाए तथा पूरा उत्तर रद्द किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में भारतीय ग्राहकों को उत्पादक से 70 प्रतिशत से अधिक मूल्य श्रृंखला का अनुपालन किया गया है और डोंगबू की आपूर्ति श्रृंखला के 85 प्रतिशत से अधिक तथा कीमत प्राधिकारी के पास उपलब्ध है, अतः उनका उत्तर रद्द किया जाना चाहिए।

ठ. उन्होंने यह भी अभ्यावेदन किया है कि मैसर्स डोंगबू भारत में गेल्वालूम की स्टील की प्रीमियम गुणवत्ता का ही निर्यात करता है और उनके सभी चैनलों से उनके उत्पादों की औसत कीमत *** अमेरिकी डॉलर/मी. टन है और इस कीमत से वे भारत में संबद्ध सामानों का पाटन नहीं कर सकते।

ड. प्राधिकारी ने निर्यात कीमत के गलत विश्लेषण के कारण पोस्को पर उच्च प्राथमिक शुल्क अनुपयुक्त रूप से लगाये थे। प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई पद्धति यह थी कि उन्होंने उनके संबद्ध आयातकों को उनकी निर्यात कीमत और पहुँच मूल्य के विरुद्ध हुई तथाकथित "हानि" को समायोजित किया। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी ने उन मात्राओं तक संबद्ध आयातकों की तथाकथित "हानि" समायोजित की थी जो असंबद्ध आयातकों को सीधे ही निर्यात की गई जहां संबद्ध आयातकों को तथाकथित रूप से "हानि" होने का कोई प्रभाव नहीं हो सकता।

ढ. इसके अतिरिक्त, यह अनुरोध किया गया था कि यह मानते हुए कि हानि को उनकी निर्यात कीमत के विरुद्ध समायोजित किया जा सकता था, प्राधिकारी ने कुल निर्यातों (विचाराधीन उत्पाद और गैर-विचाराधीन उत्पाद सहित) के लिए संबद्ध आयातकों की खरीद कीमत और उनकी बिक्री कीमत (केवल विचाराधीन उत्पाद के लिए) की तुलना करने में गलती की।

ण. यह अनुरोध किया गया था कि प्राधिकारी को वीना वन स्टील मैन्युफैक्चरिंग कारपोरेशन की आंशिक हानि को उसकी कारखानागत निर्यात कीमत का परिकलन करते समय नहीं घटाना चाहिए था क्योंकि आंशिक हानि बिक्री तथा वितरण व्यय के कारण थी जिसे पहले ही परिशिष्ट-3क में कम कर दिया गया था। प्राधिकारी से अनुरोध किया गया था कि वे समायोजनों सहित वास्तविक घरेलू बिक्री और भारत को निर्यात बिक्री के आंकड़ों पर विचार करते हुए पाटन एवं क्षति मार्जिन का परिकलन करें।

त. आवेदक के तर्क के संबंध में प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे यह मालूम करें कि क्या तेय नाम तथा वीना वन ने अपने संबद्ध ग्राहकों को निकटस्थ पर बिक्री की है अथवा नहीं, उत्तरदाताओं ने अनुरोध किया कि केवल तेय नाम ने संबद्ध और असंबद्ध दोनों ग्राहकों को संबद्ध सामानों की बिक्री की है तथा संबद्ध पक्षकारों के साथ लेन-देन निकटस्थ पर किए गए थे।

थ. यह अनुरोध किया गया था कि पाटन एवं क्षति मार्जिन का मूल्यांकन वर्तमान में असंगत आंकड़ों के आधार पर किया गया है। उत्तरदाताओं ने यह भी अनुरोध किया कि आवेदक उनके द्वारा वहन की गई आयात लागत और अन्य प्रभारों को शामिल करने के लिए आयात कीमत से कम तथा अपर्याप्त होने पर संबद्ध आयातकों की कीमत के अपने आरोप को साक्ष्य के साथ सिद्ध करने में विफल रहा।

द. आवेदक ने यह तर्क दिया है कि पोस्को इंडिया होल्डिंग प्रा. लि. को मालसूची में अन्य आय समायोजित करने और परिवर्तनों के बाद हानियां हुईं। यह तर्क केवल आधारहीन और गलत नहीं है। आवेदक ने कर पूर्व लाभ से "अन्य आय" तथा "मालसूची में परिवर्तन" को गलत कम किया है। इस संबध में, यह अनुरोध किया गया था कि मालसूची में परिवर्तन पहले ही पोस्को इंडिया होल्डिंग प्रा. लि. के लेखापरीक्षित आय विवरण में बेचे गए सामान की लागत (सीओजीएस) में पहले ही दर्शा दिए गए हैं।

ध. यदि आवेदक के तर्क को स्वीकार किया जाता है और मालसूची में परिवर्तनों को कर पूर्व लाभ से कम किया जाता है तो इससे लाभ से "दोगुनी कटौती" होगी। इसके अतिरिक्त, यदि अन्य आय को कर पूर्व लाभ से घटाया जाता है तो यह कटौती लाभ/ हानि का परिकलन करने के लिए असंगत होगी क्योंकि "अन्य व्यय"पहले ही निवल लाभ का परिकलन करने के लिए "व्यय" के रूप में पुनः माने गए हैं। अतः संगत होने के लिए "अन्य व्यय" को "आय" के रूप में माना जाना चाहिए।

न. कुछ निर्यातकों द्वारा यह अनुरोध किया गया है कि वर्तमान जांच में पीसीएन निकालने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि विभिन्न ग्रेड/पीसीएन की लागत तथा बिक्री कीमत में काफी अंतर नहीं है।

प. टोंग डोंग ए ने अनुरोध किया कि प्रतिभागी उत्पादक तथा उसके संबद्ध व्यापारी अर्थात मैसर्स मरोबेनी इतोचु स्टील प्रा. लि., सिंगापुर के निर्यातों के पहुँच मूल्य का परिकलन करते समय डीजीटीआर में टोंग डोंग ए की भारत को सीधे ही निर्यात कीमत तथा सीधे निर्यातों के सीआईएफ मूल्य के बजाए मरोबेनी इतोचु को निर्यात कीमत तथा मरोबेनी इतोचु द्वारा निर्यातों की कीमत गलत अपनाई है।

फ. मैसर्स तेय नाम ने प्राधिकारी से वीना वन स्टील मैन्युफैक्चरिंग कारपोरेशन की हानि का उसकी कारखानागत निर्यात कीमत का परिकलन करते समय कम न करने का अनुरोध किया है क्योंकि वह हानि

बिक्री एवं वितरण व्ययों के कारण थी जो पहले ही परिशिष्ट-3क में घटा दिए गए हैं। इस प्रकार, हानि को घटाने का अर्थ निर्यात कीमत से पुनः बिक्री तथा वितरण व्ययों के भाग को घटाना होगा और वे गलत परिणाम देंगे। उन्होंने प्राधिकारी से निर्यात बिक्री के लिए उपर्युक्त संबद्ध सामानों की खरीद पर दिए गए वैट की वैट वापसी समायोजित करने का भी अनुरोध किया है।

च.2.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रकटन पश्चात अनुरोध</u>

32. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित प्रकटन पश्चात अनुरोध किए हैं:

क. डोंगबू स्टील कं. लि. के लिए उच्च पाटन एवं क्षति मार्जिन अनुपयुक्त रूप से निर्धारित किए गए हैं।

ख. प्राधिकारी ने उसके संबद्ध आयातक को निर्यात कीमत के विरुद्ध हुई तथाकथित "हानि"समायोजित की है। अनुरोध है कि इस प्रकार का समायोजन पूर्णतः आधारहीन और इस निर्दिष्ट प्राधिकारी की स्थापित विगत परिपाटी के विरुद्ध है।

ग. पोस्को द्वारा सभी बिक्रियां स्वतंत्र व्यापारी कंपनी को की गई हैं और पोस्को तथा उसके संबद्ध आयातक के बीच एक भी सीधी बिक्री नहीं हुई है। इन स्वतंत्र निर्यातकों ने पोस्को एशिया, हांगकांग को उत्पादों की बिक्री की है तथा आयातक पोस्को इंडिया होल्डिंग्स है, दोनों पोस्को की संबद्ध कंपनियां हैं। तथापि, ये असंबद्ध निर्यातकों द्वारा की गई स्वतंत्र बिक्रियां हैं तथा निकटस्थ कीमतों पर हैं।

घ. यह भी नोट किया जाता है कि यूरोपीय संघ और यूनाइटेड स्टेट्स में सहित एक वैश्विक परिपाटी के रूप में निर्यात कीमत का मूल्यांकन हमेशा किसी स्वतंत्र निर्यातक को पहली बिक्री के चरण पर किया जाता है।

ङ. घरेलू उद्योग ने यह तर्क दिया है कि पोस्को इंडिया होल्डिंग्स प्रा. लि. को "अन्य आय" और "मालसूची में परिवर्तन" में समायोजन करने के बाद हानियां हुईं। यह तर्क आधारहीन और गलत है। अनुरोध है कि मालसूची में परिवर्तन पोस्को इंडिया होल्डिंग्स प्रा. लि. के लेखापरीक्षित विवरण में बेचे गए सामानों की लागत में मालसूची में परिवर्तन पहले ही दर्शा दिए गए हैं। यदि घरेलू उद्योग का तर्क स्वीकार किया जाता है और मालसूची में परिवर्तन कर पूर्व लाभ से कम किए जाते हैं तो इससे लाभ से "दोगुनी कटौती" होगी। इसके अतिरिक्त, यदि अन्य आय को कर पूर्व लाभ से घटाया जाता है तो यह कटौती लाभ/हानि का परिकलन करने के लिए असंगत होगी क्योंकि "अन्य व्यय" पहले ही निवल लाभ का परिकलन करने के लिए "व्यय" के रूप में पुनः माने गए हैं। अतः संगत होने के लिए "अन्य व्यय" को "आय" के रूप में माना जाना चाहिए।

च. आवेदक का एनएसआर काफी पाटन मार्जिन, क्षति मार्जिन और हानि में वृद्धि के बावजूद एनआईपी से अधिक है।

छ. वियतनाम एक बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश है, परंतु उसे गैर बाजार अर्थव्यवस्था माना गया है।

ज. पाटन मार्जिन और निर्यात कीमत के परिकलन में परिकलन संबंधी त्रुटियां प्रतीत होती हैं।

झ. मैसर्स वीना वन स्टील मैन्युफैक्चरिंग कारपोरेशन ने निर्यातों और घरेलू बिक्री के लिए अपनी संबद्ध कंपनी अर्थात मैसर्स तेय नाम मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेडिंग कं. लि. से संबद्ध सामानों की खरीद की। यद्यपि, खरीद पर वैट है तथापि निर्यात बिक्री पर कोई वैट नहीं है जो कि पूरे विश्व में एक सामान्य परिपाटी है। मैसर्स वीना वन स्टील मैन्युफैक्चरिंग कारपोरेशन ने निर्यात बिक्री के लिए संबद्ध सामानों की खरीद पर दिए गए वैट की वैट वापसी प्राप्त की। ऐसी स्थिति में यह तर्क कि वैट सामान्य मूल्य और निवल निर्यात कीमत के निर्धारण में शामिल नहीं किया गया है और इस प्रकार सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत की तुलना व्यापार के उसी स्तर पर की गई है, उपयुक्त नहीं है।

ञ. ओपी मैनुअल में यह प्रावधान है कि किसी भी प्रकार का निर्यात प्रोत्साहन अथवा शुल्क वापसी को निवल निर्यात कीमत का परिकलन करते समय समायोजित किए जाने की आवश्यकता होती है। संबद्ध सामानों की खरीद पर दिए गए वैट की वापसी केवल निर्यात बिक्री पर उपलब्ध है। अतः यह एक प्रकार का निर्यात

प्रोत्साहन है। अतः निवल निर्यात कीमत का परिकलन करते समय इसे समायोजित किए जाने की आवश्यकता है।

ट. प्रकटन विवरण के पैरा 4(छ)(xvi) में सैमसंग सीएंडटी कारपोरेशन का नाम मैसर्स पोस्को सैमसंग सीएंडटी कारपोरेशन के रूप में गलत उल्लिखित किया गया है और उसे ठीक किया जाए।

प्राधिकारी द्वारा जांच

33. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन से संबंधित प्रकटन पश्चात अनुरोधों सहित जांच प्रक्रिया के दौरान घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों का इस भाग में समाधान कर दिया गया है।

34. प्राधिकारी ने जांच प्रक्रिया के दौरान संबद्ध देशों के उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा दायर उत्तर के आधार पर उनके संबंध में सामान्य मूल्य/निर्मित सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन निर्धारित किया है।

35. कुछ हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए इन अनुरोधों के संबंध में कि प्राधिकारी ने पाटन मार्जिन के निर्धारण के लिए पीसीएन आधारित विश्लेषण नहीं किया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पीसीएन सिद्धांत केवल उन मामलों में अपेक्षित है जहां विचाराधीन उत्पाद/समान वस्तु के विविध ग्रेडतथा ग्रेड हों और इन ग्रेडों तथा रुपों के बीच काफी लागत तथा कीमत अंतर हो। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने अपने आवेदन पत्र में किसी पीसीएन वार विश्लेषण का प्रस्ताव नहीं किया है और अपने अनुरोधों में उसके लिए कोई कारण नहीं दिए हैं।प्राधिकारी ने वर्तमान मामले में पीसीएन वार पाटन मार्जिन विश्लेषण का प्रस्ताव न करने के लिए इस अंतिम जांच परिणाम के पैरा 9 में घरेलू उद्योग द्वारा दिए गए कारणों की जांच की है और प्राधिकारी ने उसे वैध पाया है। तद्नुसार, विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों की जांच करने के बाद वर्तमान जांच में सहयोगी उत्पादकों तथा निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन के निर्धारण के लिए पीसीएन वार विश्लेषण करना उपयुक्त नहीं पाया गया है।

36. विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों की जांच करने के बाद प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के निर्धारण के लिए पूरे विचाराधीन उत्पाद को एक उत्पाद के रूप में हिसाब में लिया है।

37. उत्तरदाता उत्पादकों तथा निर्यातकों के सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के निर्धारण में उठाये गये मुद्दों के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के संबंध में उनकी सहयोगी उत्पादकों तथा निर्यातकों का अलग पाटन मार्जिन निर्धारित करने के संबंध में जांच की गई है।

38. बिक्री तथा वितरण के कारण हानि को समायोजित न करने के संबंध में तेय नाम/ वीना वन द्वारा किए गए अनुरोधों के संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि उसकी विस्तृत जांच की गई है और प्राधिकारी द्वारा उस पर समुचित रूप से विचार किया गया है। पाटन मार्जिन के परिकलन में व्यय के समायोजन के संबंध में यह नोट किया जाता है कि वैट सामान्य मूल्य और निवल निर्यात कीमत के निर्धारण में शामिल नहीं किया गया है और इस प्रकार सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत की तुलना व्यापार के समान स्तर पर की गई है।

39. पाटन मार्जिन निर्धारित करने के प्रयोजन के लिए विभिन्न समायोजनों के संबंध में पोस्को के अनुरोध के संबंध में यह अनुरोध है कि पोस्को, कोरिया गणराज्य द्वारा घरेलू बिक्री में भंडारण व्यय तथा वारंटी व्यय की कोई कटौती उसके गृह बाजार में सामान्य मूल्य के निर्धारण के प्रयोजन के लिए नहीं दी गई है। यह भी नोट किया जाता है कि पोस्को कोटेड एंड कलर स्टील कं. लि. द्वारा अपनी घरेलू बिक्रियों में इस प्रकार की कटौतियों का दावा नहीं किया गया है। बैंक प्रभारों के संबंध में यह नोट किया जाता है कि पोस्को कोटेड एंड कलर स्टील कं. लि. ने बैंक प्रभारों का दावा किया है और कारखानागत निर्यात कीमत निकालने के लिए उसे समायोजित किया गाय है।

40. मैसर्स पोस्को द्वारा संबद्ध पक्षकार को संबद्ध सामानों की बिक्री के संबंध में यह नोट किया जाता है कि निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर के भाग के रूप में परिशिष्ट-4ख में सूचित किए गए अनुसार पोस्को ने संबद्ध पक्षकार को घरेलू बिक्री की है, परंतु चूंकि इन सामानों की पुनः बिक्री नहीं की गई है, अतः पोस्को, कोरिया गणराज्य द्वारा परिशिष्ट-4ग दायर नहीं किया गया है।

41. इन अनुरोधों के संबंध में कि चीन जन. गण. से निर्यातों के मामले में निर्यात कीमत से कोई बैंक प्रभार नहीं घटाए गए हैं, यह नोट किया जाता है कि संशोधित परिशिष्ट-3क के अनुसार बैंक प्रभार निवल निर्यात कीमत निकालने के लिए उनकी निर्यात कीमत से घटाए गए हैं।

42. इन अनुरोधों के संबंध में कि मैसर्स झेजियांग हौदा न्यू मैटेरियल्स कं. लि. ने घरेलू बाजार में अपने संबद्ध पक्षकार को बिक्री की है और परिशिष्ट-4ग में कोई सूचना स्वतंत्र उपभोक्ताओं को संबद्ध उपभोक्ताओं द्वारा पुनः बिक्री नहीं दी गई है, यह नोट किया जाता है कि जांच की अवधि के दौरान झेजियांग हौदा न्यू मैटेरियल्स कं. लि., चीन जन. गण. ने अपने संबद्ध पक्षकार, यथा – होंगझोऊ पुइन मेटल मैटेरियल्स कं. लि., चीन को घरेलू बाजार में संबद्ध सामानों की बिक्री की। तथापि, गझोऊ पुइन मेटल मैटेरियल्स कं. लि. द्वारा मैसर्स झेजियांग हौदा न्यू मैटेरियल्स कं. लि. से खरीदे गए संबद्ध सामान गृह बाजार में पुनः नहीं बेचे गए हैं।

43. इन अनुरोधों के संबंध में कि क्या मैसर्स मरोबेनी इटोचू स्टील प्रा. लि., एक निर्यातक/व्यापारी ने उपयुक्त लाभ अर्जित किए हैं और भारत को निर्यात के लिए अपनी पूरी लागत वसूल की है, यह नोट किया जाता है कि मरोबेनी इटोचू स्टील प्रा. लि. द्वारा भारत को बेचे गए उत्पाद ने भारत को निर्यातित विचाराधीन उत्पाद के कारण उपयुक्त लाभ अर्जित किया है।

44. इन अनुरोधों के संबंध में कि क्या निर्यातक/व्यापारी मैसर्स वीना वन मैन्युफैक्चरिंग ने उपयुक्त लाभ अर्जित किए हैं और भारत को निर्यातों के लिए अपनी पूरी लागत वसूल की है या नहीं, यह नोट किया जाता है कि निर्यातक/व्यापारी ने भारत को निर्यातित विचाराधीन उत्पाद के कारण उपयुक्त लाभ अर्जित किए हैं।

45. इन अनुरोधों के संबंध में कि क्या जीएस ग्लोबल, कोरिया गणराज्य और शंघाई शिजिंग इंटरनेशनल ट्रेडिंग कं. लि., चीन जन. गण. ने उपयुक्त लाभ अर्जित किए हैं और अपनी पूरी लागत वसूल की है, यह नोट किया जाता है कि जीएस ग्लोबल और शंघाई शिजिंग इंटरनेशनल ट्रेडिंग कं. लि. ने भारत को निर्यातित विचाराधीन उत्पाद के कारण उपयुक्त लाभ अर्जित किए हैं।

46. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए इन अनुरोधों के संबंध में कि कुछ पक्षकारों के लिए और वियतनाम के लिए "सभी अन्य" श्रेणी के लिए पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन प्रकटन विवरण में काफी कम किया गया है, यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी ने विधिवत सत्यापित आंकड़ों और सूचना के आधार पर तथा पाटनरोधी नियमावली के साथ अधिनियम की धारा 9क के अनुसार सभी पक्षकारों के लिए अंतिम जांच परिणाम में पाटन मार्जिन तथा क्षति मार्जिन निर्धारित किया है। प्राधिकारी ने वियतनाम और कोरिया गणराज्य के लिए "सभी अन्य" श्रेणी में उपयुक्त संशोधन किए हैं।

47. पोस्को ने अनुरोध किया है कि पोस्को का उत्पाद पोसमेक एक जिंक मैग्नीशियम उत्पाद है जबकि पोस्को सीएंडसी का उत्पाद अलजस्ता गेल्वालूम है और प्राधिकारी ने इन दोनों भिन्न उत्पादों को एक ही ग्रेड में माना है तथा पोस्को समूह में इन दोनों कंपनियों के लिए भारित औसत निकाला है। इस संबंध में, यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी ने पोस्को के उत्पाद पोसमेक और पोस्को सीएंडसी के उत्पाद अलजस्ता को पाटन मार्जिन निर्धारित करते समय एक ही उत्पाद नहीं माना है। प्राधिकारी ने पोस्को और पोस्को सीएंडसी के लिए उनके व्यक्तिगत आंकड़ों के आधार पर पृथक पाटन मार्जिन का परिकलन किया है और उन दोनों के लिए एक साथ लेकर भारित औसत पाटन मार्जिन का परिकलन किया है।

48. प्राधिकारी ने वियतनाम को एक बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश माना है, जैसा कि कुछ हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए दावों का विरोध किया गया कि वियतनाम को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश माना गया है। वस्तुतः प्राधिकारी ने 3 मई, 2019 के पत्र द्वारा सूचित किया कि वियतनाम के उत्पादकों/निर्यातकों को पूरक प्रश्नावली में सूचना प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है, जैसा कि गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश के उत्पादकों और निर्यातकों से अपेक्षित है। प्राधिकारी ने अपनी वेबसाइट पर इस संबंध में उसे सार्वजनिक करते हुए स्पष्टीकरण भी प्रस्तुत किया था।

49. पोस्को ने अनुरोध किया है कि पोस्को कोरिया असंबद्ध व्यापारी कंपनियों को संबद्ध सामानों की बिक्री करता है और उसके बाद ये असंबद्ध व्यापारिक कंपनियां भारत में पोस्को की संबद्ध कंपनियों को निर्यात करती हैं। ये बिक्रियां असंबद्ध कंपनियों द्वारा की गई स्वतंत्र बिक्रियां हैं और इसीलिए हानियों के लिए समायोजन पोस्को की निर्माण कीमत में नहीं किया जाना चाहिए। इस संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस स्थिति को अनुकूल रूप से देखते हुए निर्यात श्रृंखला का आरंभिक स्थल पोस्को कोरिया है और भारत में अंतिम लाभार्थी/आयातक पोस्को की संबद्ध कंपनी है। केवल इस कारण कि असंबद्ध व्यापारिक कंपनियों को बीच में शामिल किया गया है, यह नहीं कहा जा सकता कि आयात और निर्यात लेन-देन असंबद्ध पक्षकारों

के बीच हैं। यदि यह तर्क स्वीकार किया जाए तो इससे विदेशी निर्यातकों को ऐसी प्रतिपूरक व्यवस्थाओं में प्रवेश करने की अनुमति होगी और अंततः निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन में गिरावट आएगी।

50. 9 क (1) (ग) के अधीन, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है :

i. व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उपनियम (6) के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा

ii. जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रकिया में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगाः-

क. समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप-धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा

ख. उपधारा- (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उद्गम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत;

51. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को यह सलाह देते हुए प्रश्नावलियां भेजीं कि वे प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र और तरीके में सूचना दें। निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यतकों ने निर्धारित प्रश्नावली के उत्तर दायर करते हुए इस जांच में सहयोग किया हैः

1. मैसर्सझेजियांग होडा न्यू मैटेरियल्स कं. लि.,चीन जन. गण. (झेजियांग)
2. मैसर्सशंघाई शिजिंग इंटरनेशनल ट्रेडिंग कं. लि., चीन जन. गण. (शंघाई शिजिंग)
3. मैसर्सपोस्को एशिया कंपनी लि.,चीन जन. गण.
4. मैसर्सटे नाम स्टील मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेडिंग कं. लि., वियतनाम(तेय नाम)
5. मैसर्सवीना वन स्टील मैन्युफैक्चरिंग कारपोरेशन, वियतनाम (वीना वन)
6. मैसर्सहाओसेन ग्रुप जेएससी (एचएसजी), वियतनाम
7. मैसर्सहाओसेनघे एन वन मेंबर एलएलसी (एचएसएनए), वियतनाम
8. मैसर्सटोन डोंग ए कारपोरेशन, वियतनाम (टोम डोंग)
9. मैसर्समरूबेनी – इटोचू स्टील पीटीई. लि., वियतनाम
10. मैसर्सपोस्को, कोरिया गणराज्य
11. मैसर्सपोस्को कोटेड एंड कलर, कोरिया गणराज्य (पोस्को सीएंडसी)
12. मैसर्सडोंगबू स्टील एंड इनचियोन, कोरिया गणराज्य (डोंगबू)
13. मैसर्सडोंगकुक स्टील मिल कं. लि., कोरिया गणराज्य (डोंगकुक)
14. मैसर्सजीएस ग्लोबल कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य
15. मैसर्सपोस्को सैमसंग सीएंडटी कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य

16. मैसर्स पोस्को इंटरनेशनल कारपोरेशन(पूर्व में पोस्कोदेवूकारपोरेशनके रूप में ज्ञात),कोरिया गणराज्य

17. मैसर्सह्योसंग टीएनसी कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य

18. मैसर्सस्टिंको कं. लि., कोरिया गणराज्य (स्टिंको)

च.4.1 <u>चीन जन. गण. में संबद्ध सामानों के उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य</u>

52. डब्ल्यूटीओ में चाइनीज एसेसन प्रोटोकोल के अनुच्छेद 15 में निम्नलिखित प्रावधान हैः

"जीएटीटी का अनुच्छेद-VI, टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौता, 1994 ("पाटनरोधी समझौता") के अनुच्छेद-VI के कार्यान्वयन पर समझौता तथा एससीएम समझौता निम्नलिखित के अनुरूप डब्ल्यूटीओ सदस्यों में चीन मूल के आयातों वाली कार्यवाहियों पर लागू होंगेः

(क) जीएटीटी के अनुच्छेद-VI और पाटनरोधी समझौते के तहत मूल्य की तुलना का निर्धारण करने में आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन उद्योग के लिए चीन के मूल्यों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे या उस पद्धति को उपयोग करेंगे जो निम्नलिखित के आधार पर चीन में घरेलू मूल्यों अथवा लागतें के साथ सख्ती से तुलना करने में आधारित नहीं हैः

(i) यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो निर्यात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन के मूल्यों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त अनुपालन पर आधारित नहीं है, यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग हैं।

(ख) एससीएम समझौते के पैरा II, III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क), 14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राजयसहायता को बताते समय एससीएम समझौते के प्रासंगिक प्रावधान लागू होंगे, तथापि, उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों, तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए तब पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखती है और चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में, जहां व्यवहार्य हो, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों का उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को ठीक करना चाहिए।

(ग) आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैरा (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी कार्य समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को कमिटी ऑन सब्सिडीज और काउंटर वेलिंग मैसर्स के लिए अधिसूचित करेगा।

(घ) आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य को राष्ट्रीय कानून के तहत चीन ने एक बार यह सुनिश्चित कर लिया है कि यह एक बाजार अर्थव्यवस्था है, तो उप पैराग्राफ के प्रावधान (क) समाप्त कर दिए जाएंगे, बशर्ते आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में प्राप्ति की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ (क)(ii) के प्रावधान प्राप्ति की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त होंगे। इसके अलावा, आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण

में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं, उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

53. यह नोट किया जाता है कि 11.12.2016 को अनुच्छेद 15(क)(ii) के प्रावधान यद्यपि समाप्त हो गए हैं, तथापि अभिगम नयाचार के 15(क)(i) के तहत दायित्वों के साथ पठित डब्ल्यूटीओ के अनुच्छेद 2.2.1.1 के अंतर्गत प्रावधान बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार के स्तर का दावा करने के संबंध में पूरक प्रश्नावली में दी जाने वाली सूचना/आंकड़ों के माध्यम से भारत की नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 8 में निर्धारित मानदंड को पूरा किए जाने की अपेक्षा है। यह नोट किया जाता है कि चूंकि किसी भी उत्तरदाता उत्पादक, चीन जन. गण. से निर्यातक ने अतिरिक्त प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है। अतः सामान्य मूल्य का परिकलन नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 के प्रावधानों के अनुसार किया जाना अपेक्षित है।

<u>चीन जन. गण. में सहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत का निर्धारण</u>

<u>झेजियांगहौदा न्यू मेटेरियल्स कं. लिमि. ("हौदा")</u>

54. झेजियांगहौदा न्यू मेटेरियल्स कं. लिमि. ("हौदा") की स्थापना 25 जुलाई 2003 को की गई थी, हौदा एक देयता वाली कंपनी है जिसे चीन जन. गण. के कंपनी कानून के अनुसार निगमित किया गया है।

<u>सामान्य मूल्य का निर्धारण</u>

55. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि चीन जन. गण. के किसी भी उत्पादक/ निर्यातक ने पूरक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है जिसमें उनसे नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 8 में यथाउल्लिखित अनुमानों का खंडन करने के लिए कहा गया था। इन परिस्थितियों में प्राधिकारी को इस संबंध में इस नियमावली के पैरा 7 के अनुसार कार्यवाही करनी होती है।

56. उपयुक्त को देखते हुए भारत में चीन जन. गण. से आयात किये गये विचाराधीन उत्पादन के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण प्राधिकारी के पास उपलब्ध तथ्यों के आधार पर किया जाता है। बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक खर्चे और उचित लाभ मार्जिन के लिए उचित वृद्धि के बाद घरेलू उद्योग के लिए यथा अनुकूलित उत्पादन की लागत पर विचार किया गया है। तदनुसार, जांच की अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद के लिए चीन जन. गण. में पाटन मार्जिन तालिका में दिये गये अनुसार सभी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य तय किया गया है।

<u>झेजियांगहौदा न्यू मेटेरियल्स कं. लिमि. ("हौदा"), चीन जन. गण. के लिए निर्यात कीमत</u>

57. भारत में उत्तरदाता निर्यातक से संबद्ध सामानों की निर्यात कीमत के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि मैसर्स झेजियांगहौदा न्यू मेटेरियल्स कं. लिमि., चीन जन. गण. ने भारत में संबद्ध सामानों का निर्यात किया है और निर्यातक की प्रश्नावली के उत्तर के परिशिष्ट 3क में सूचना दी है। निर्यातक ने यह भी स्पष्ट किया है कि परिशिष्ट 3ख और 3ग उनके मामले में लागू नहीं होते हैं क्योंकि संबद्ध भारतीय ग्राहकों को कोई बिक्री नहीं है और हौदा नेव्यापारिक कंपनी के माध्यम से भारत को संबद्ध सामानों का निर्यात नहीं किया। प्राधिकारी ने संबद्ध निर्यातक द्वारा दावा किए गए अनुसार समायोजनों को स्वीकार किया है।

58. यह नोट किया जाता है कि जांच की अवधि के दौरान मैसर्स झेजियांगहौदा न्यूमेटेरियल्स कं. लिमि.चीन जन. गण. ने *** यू एस डालर के मूल्य के *** मी. टनसंबद्ध सामानों का भारत को सीधे ही निर्यात किया। निर्यातक ने समुद्री भाड़े, बीमा, अंतर्देशीय भाड़े, पत्तन और अन्य संबंधित खर्चे तथा गैर वापसी योग्य मूल्यवर्धित कर के आधार पर समायोजनों का दावा किया हैजिनकी अनुमति दी गई है। इन समायोजनों के बाद निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

चीन जन. गण. के अन्य उत्पादकऔर निर्यातक

चीन जन. गण. के सभी असहयोगी निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन

59. चीन जन. गण. के अन्य असहयोगी निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमतों का निर्धारण चीन जन. गण. से सहयोगी निर्यातकों के आंकड़ों को ध्यान में रखकर सर्वोत्तम उपलब्ध तथ्यों के अनुसार किया गया है और उसका उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

च.4.2 वियतनाम में सहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत का निर्धारण

वियतनाम में उत्पादकों और निर्यातकों के सामान्य मूल्य का निर्धारण

मैसर्स टोन डोंग ए (टीडीए) कारपोरेशन, वियतनाम

60. यह नोट किया जाता है कि मैसर्स टोन डोंग ए कं. लिमि. (इसके पश्चात् 'कंपनी', 'टोन डोंग ए' अथवा 'टी डी ए' के रूप में भी उल्लिखित) को डॉग ए कं. लिमि. के रूप में वियतनाम के सामाजिक गणराज्य के उपक्रम के कानून के अंतर्गत निगमित किया गया था। कंपनी का 2005 में फिर से नाम टोन डोंग ए कंपनी लिमि. के रूप में रखा गया था और 2009 में टॉग डॉग ए कारपोरेशन के रूप में फिर से नाम रखा गया था।

सामान्य मूल्य

61. प्रस्तुत किये गये उत्तर से यह नोट किया जाता है कि उन्होंने निर्यात की प्रश्नावली से प्रपत्र 4क, 4ख और 4ग में उन्होंने घरेलू बिक्री के संबंध में सूचना दी है। उत्तर से यह भी नोट किया जाता है कि जांच की अवधि के दौरान मैसर्स टीडीए ने संबंधित और असंबद्ध ग्राहकों को घरेलू बाजार में *** वी एन डी के बीजक मूल्य के संबद्ध वस्तुओं का *** मी. टन की बिक्री की है। उनके उत्तर के आधार पर, यह नोट किया जाता है कि उनकी घरेलू बिक्री घरेलू बाजार में पर्याप्त मात्रा में हुई है। सामान्यमूल्य का निर्धारण करने के उद्देश्य से, प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन की लागत के संबंध में घरेलू बिक्री लेन देन करते हुए लाभ का निर्धारण करने के लिए व्यापार जांच की सामान्य कार्य प्रणाली अपनाई है। यदि लाभ कमाने वाले लेन देन 80 प्रतिशत से अधिक हो तब प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए घरेलू बाजार में सभी लेन देनों पर विचार किया है। जहां लाभप्रद लेन देन 80 प्रतिशत से कम है, केवल लाभप्रद घरेलू बिक्री पर विचार सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए किया जाता है। व्यापार की सामान्य कार्यप्रणाली जांच के आधार पर लाभप्रद बिक्रियों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए विचार किया गया है क्योंकि लाभप्रद बिक्री 80 प्रतिशत से कम थी।

62. मैसर्स टीडीए ने बीमा, अंतर्देशीय परिवहन और ऋण लागत के निमित्त समायोजनों का दावा किया है जिनकी अनुमति दी गई है। तदनुसार, मैसर्स टोन डोंग एकारपोरेशन, वियतनाम के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण किया गया है और उसे पाटन मार्जिन तालिका में दिया गया है।

निर्यात कीमत

63. यह नोट किया जाता है कि मैसर्स टोन डोंग एकारपोरेशन, वियतनाम ने सीधे तौर पर विचाराधीन उत्पाद का *** मी. टन, मैसर्स मारूबेनु-इटोचू स्टील प्रा. लिमि., सिंगापुर के माध्यम से *** मी. टन और मेकस्टील इंटरनेशनल फार ईस्ट लिमि. के माध्यम से *** मी. टन निर्यात किया है। मैसर्स टोन डोंग एकारपोरेशन, वियतनाम में प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है। प्रश्नावली का अलग उत्तर इसकी असंबद्ध ट्रेडिंग कंपनी, नामत: मैसर्स मारूबेनु-इटोचू स्टील प्रा. लिमि., सिंगापुर द्वारा प्रस्तुत किया गया है। इसके अलावा, यह नोट किया जाता है कि मैसर्स मेकस्टील इंटरनेशनल फार ईस्ट लिमि. ने प्राधिकारी के समक्ष निर्यात की प्रश्नावली का अपना उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है।

64. चूंकि, उत्पादक और इसके असंबद्ध सहयोगी व्यापारियों द्वारा जिन्होंने प्राधिकारी के समक्ष उत्तर प्रस्तुत किया है, द्वारा निर्यातों की मात्रा को पर्याप्त माना गया है और वह 70प्रतिशत से अधिक है, उत्पादक और

सहयोगी व्यापारियों द्वारा प्रस्तुत सूचना पर निर्यात कीमत का निर्धारण करने के लिए विचार किया गया है।

65. समुद्री भाड़े, बीमा, अंतर्देशीय भाड़े, पत्तन और अन्य संबंधित खर्चों के निमित्त समायोजनों की अनुमति दी गई है। इन समायोजनों के बाद निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

मैसर्स होआसेन ग्रुप (एच एस जी), और मैसर्स होआसेन नग्ने एन वन मेम्बर लिमिटेड लाइबलिटिज कं. (एच एस एन ए) वियतनाम

66. मैसर्स होआ सेन ग्रुप (एच एस जी), वियतनाम ने अपनी संबंधित कंपनी मैसर्स होआ सेन ग्रुप (एच एस जी), और मैसर्स होआसेननग्ने एन वन मेम्बर लिमिटेड लाइबलिटिज कं. (एच एस एन ए) वियतनाम के साथ प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है। होआ सेन ग्रुप ("एच एस जी") हो ची मिह सिटी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध एक ज्वाइंट स्टॉक कंपनी है। एच एस एन ए के 100 प्रतिशत का स्वामित्व होआ सेन ग्रुप ज्वाइंट स्टॉक कंपनी ("एच एस जी")। दोनों एच एस जी और इसकी संबंधित कंपनी एच एस एन ए संबद्ध वस्तुओं का उत्पादक है। हालांकि, केवल एच एस जी ने जांच की अवधि के दौरान भारत में संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया है।

सामान्य मूल्य

67. इस पर यह नोट किया जाता है कि मैसर्स होआ सेन ग्रुप (एच एस जी), वियतनाम ने जांच की अवधि की दौरान वियतनाम में संबंधित और असंबद्ध दोनों ग्राहकों को घरेलू बाजार में *** वी एन डी के विगत मूल्य के संबद्ध वस्तुओं का *** मी. टन की बिक्री की है। उनके उत्तर के आधार पर यह नोट किया जाता है कि उनकी घरेलू बिक्री घरेलू बाजार में पर्याप्त मात्रा में हुई है। सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के उद्देश्य से, प्राधिकारी ने असंबद्ध पक्षकारों को की गई घरेलू बिक्री के लिए ही सामान्य प्रक्रिया का व्यापार परीक्षण किया क्योंकि संबद्ध पक्षकारों को कीमतें संबद्ध सामानों की उत्पाद लागत के संदर्भ में लाभदायक घरेलू बिक्री लेन देन का निर्धारण करने के लिए संबद्ध पक्षकारों को कीमतों से काफी कम हैं।यदि लाभ कमाने वाले लेन देन 80 प्रतिशत से अधिक हों तब प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए घरेलू बाजार में सभी लेन देनों पर विचार किया है और उन मामलों में जहां लाभप्रद लेन देन 80 प्रतिशत से कम है, केवल लाभप्रद घरेलू बिक्री पर विचार सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए किया जाता है। व्यापार जांच की सामान्य कार्यप्रणाली जांच के आधार पर लाभप्रद बिक्रियों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए विचार किया गया है क्योंकि लाभप्रद बिक्री 80 प्रतिशत से कम थी।

68. मैसर्स होआ सेन ग्रुप (एच एस जी), वियतनाम ने बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, ऋण लागत और अन्य खर्चों के निमित्त समायोजनों का दावा किया है जिनकी अनुमति दी गई है। तदनुसार, एच एस जी, वियतनाम के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण किया गया है और उसे पाटन मार्जिन तालिका में दिया गया है।

मैसर्स होआ सेन ग्रुप (एच एस जी), वियतनाम और मैसर्स होआसेननग्ने एन वन मेम्बर लिमिटेड लाइबिलिटिज कं. (एच एस एन ए) वियतनाम के लिए निर्यात कीमत

69. यह नोट किया जाता है कि मैसर्स होआ सेन ग्रुप (एच एस जी), वियतनाम ने 4 भिन्न व्यापारियों, यथा – मैसर्स थाइसेनकुरूप मैटेरियल्स ट्रेडिंग एशिया पीटीई. लि., सिंगापुर, मैसर्स डीप सी वेंचर्स लिमिटेड, मैसर्स फ्यूचर मैटेरियल्स इंडस्ट्री (एचके) कं. लि., हांगकांग और मैसर्स जीप्वाइंट डेवलेपमेंट लिमिटेड के माध्यम से सीधे ही *** मी. टन के विचाराधीन उत्पाद का *** मी. टन निर्यात किया है।मैसर्स होआ सेन ग्रुप (एच एस जी), वियतनाम ने प्रश्नावली का उत्तर दायर किया है।

70. यह भी नोट किया जाता है कि इन 4 व्यापारियों, यथा - मैसर्स थाइसेनकुरूप मैटेरियल्स ट्रेडिंग एशिया पीटीई. लि., सिंगापुर, मैसर्स डीप सी वेंचर्स लिमिटेड, मैसर्स फ्यूचर मैटेरियल्स इंडस्ट्री (एचके) कं. लि., हांगकांग और मैसर्स जीप्वाइंट डेवलेपमेंट लिमिटेड ने प्राधिकारी के पास अपनी निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर दायर नहीं किए हैं।

71. चूंकि, उत्पादक/निर्यातक द्वारा निर्यात की मात्रा 70 प्रतिशत से अधिक है, अतः उत्पादक/निर्यातक द्वारा प्रस्तुत सूचना पर निर्यात कीमत निकालने के लिए ध्यान दिया गया है।

72. समुद्री भाड़े, बीमा, अंतर्देशीय भाड़े, पत्तन और अन्य संबंधित खर्चों के निमित्त समायोजनों की अनुमति दी गई है। यथानिर्धारित निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

तेय नाम स्टील मैनिफेक्चरिंग एंड ट्रेडंग कं. लिमि. (तेय नाम) एंड विना वन स्टील मैनिफेक्चरिंग कारपोरेशन (वीना वन), वियतनाम

73. तेय नाम स्टील मैनिफेक्चरिंग एंड ट्रेडंग कं. लिमि. (इसके पश्चात् "तेय नाम अथवा कंपनी" के रूप में संदर्भित) की स्थापना 15 मार्च, 2016 को एक प्रा. कं. लिमि. के रूप में की गई थी। यह विचाराधीन उत्पाद के निर्माण और निर्यात में लगा हुआ है। वीना वन स्टील मैनिफेक्चरिंग कारपोरेशन (वीना वन), वियतनाम एक संबंधित कंपनी है क्योंकि दोनों कंपनियों के साझा शेयर होल्डर हैं। वीना वन स्टील मैनिफेक्चरिंग कारपोरेशन विचाराधीन उत्पाद की बिक्री में लगा हुआ है।

सामान्य मूल्य

74. यह नोट किया जाता है कि मैसर्स तेय नाम स्टील में संबंधित उत्पाद की बिक्री सीधे तौर पर और वीना वन के माध्यम से घरेलू बाजार में ग्राहकों को की है। यह नोट किया जाता है कि मैसर्स तेय नाम एंड वीना वन, वियतनाम ने जांच की अवधि के दौरान वियतनाम में संबंधित और असंबद्ध दोनों ग्राहकों को घरेलू बाजार में *** वी एन डी बीजक मूल्य के संबद्ध वस्तुओं का *** मी. टन बिक्री की है। उनके उत्तर के आधार पर उनके द्वारा प्रस्तुत की गई कुछ सूचना के संबंध में उत्तर देने वाले उत्पादक को न्यूनता संबंधी पत्र जारी किया गया था। उन्होंने अपने उत्तर के संबंध में उठाई गई कमियों के उत्तर प्रस्तुत कर दिए।उनके उत्तर के आधार पर, यह नोट किया जाता है कि उनकी घरेलू बिक्री घरेलू बाजार में पर्याप्त मात्रा में हुई है। सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के उद्देश्य से, प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तुओं की उत्पादन की लागत के संबंध में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री लेन देन का निर्धारण करने के लिए व्यापार की सामान्य कार्यप्रणाली जांच की है। यदि लाभ कमाने वाले लेन देन 80 प्रतिशत से अधिक हों तब प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए घरेलू बाजार में सभी लेन देनों पर विचार किया है और उन मामलों में जहां लाभप्रद लेन देन 80 प्रतिशत से कम है, केवल लाभप्रद घरेलू बिक्री पर विचार सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए किया जाता है। व्यापार जांच की सामान्य कार्यप्रणाली जांच के आधार पर लाभप्रद बिक्रियों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए विचार किया गया है क्योंकि लाभप्रद बिक्री 80 प्रतिशत से अधिक था।

75. मैसर्स तेय नाम स्टील, वियतनाम ने ऋण लागत के निमित्त समायोजनों का दावा किया है जिनकी अनुमति दी गई है। तदनुसार, तेय नाम स्टील, वियतनाम के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण किया गया है और उसे पाटन मार्जिन तालिका में दिया गया है।

निर्यात कीमत

76. कंपनी ने संबंधित उत्पादत का वीना वन के माध्यम से सीधे तौर पर भारत में ग्राहकों को निर्यात किया है। जांच की अवधि के दौरान दोनों कंपनियों ने असंबद्ध भारतीय ग्राहकों को वी एन डी *** के निवल बीजक मूल्य के साथ प्रत्यक्ष तौर पर *** मी. टन बेचा है। समुद्री भाड़े, बीमा, पत्तन और अन्य संबंधित खर्चों, ऋण लागत और बैंक प्रभारों के निमित्त समायोजनों की अनुमति दी गई है। यथानिर्धारित निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

नेम किम स्टील ज्वाइंट स्टॉक कंपनी, वियतनाम

77. नाम किम स्टील एक संयुक्त स्टॉक कंपनी है। यह नोट किया जाता है कि नाम किम स्टील स्थानीय बाजार में स्वतंत्र ग्राहकों को विचाराधीन उत्पाद की भारी मात्रा में बिक्री करता है। नाम किम स्टील द्वारा किए गए विचाराधीन उत्पाद के सभी घरेलू बिक्री लेन देन अपने स्थानीय ग्राहकों को सीधे तौर पर किये जाते हैं।

सामान्य मूल्य

78. उनके उत्तर से यह नोट किया जाता है कि मैसर्स नाम किम स्टील ने जांच की अवधि की दौरान घरेलू बाजार में *** वी एन डी के निवल बीजक मूल्य पर *** मी. टन की बिक्री की है। उत्तर से यह भी नोट किया जाता है कि उनकी प्रमुख बिक्रियां उनके घरेलू बाजार में असंबद्ध ग्राहकों को की जाती थीं और घरेलू बिक्री का केवल एक छोटा-सा हिस्सा आंतरिक खपत के लिए संबंधित कंपनी को किया जाता था। उनके उत्तर के आधार परएक कमी वाला पत्र उनके द्वारा दायर कुछ सूचनाओं के संबंध में उत्तरदाता उत्पादक को जारी किया गया था। विशेष रूप से, उत्पादक को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जहां भी अपेक्षित हो, वहां परिशिष्टों में प्रस्तुत सूचना के संबंध में वियतनाम के व्यवहारी लेखाकार से प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए कहा गया था। तथापि, वह उपलब्ध नहीं कराया गया। यद्यपि, मैसर्स नाम किम स्टील द्वारा दायर सूचना के संबंध में सत्यापन किया गया था और एक सत्यापन रिपोर्ट पक्षकार को भी जारी की गई थी। तथापि, व्यवहारी लेखाकार से प्रमाण-पत्र अब भी अनुस्मारकों के बावजूद प्राधिकारी को उपलब्ध नहीं कराया गया था। उपर्युक्त के मद्देनजर, मैसर्स नाम किम स्टील द्वारा दावा किए गए सामान्य मूल्य पर विचार न करने का निर्णय लिया गया है। अतः मैसर्स नाम किम स्टील के सामान्य मूल्य पर सर्वोत्तम उपलब्ध तथ्यों पर विचार किया गया है।

निर्यात कीमत

79. उत्तर से यह नोट किया जाता है कि कंपनी ने संबंधित उत्पाद की बिक्री सीधे तौर पर भारत में ग्राहकों को की है। जांच की अवधि के दौरान यह नोट किया जाता है कि कंपनी ने असंबद्ध भारतीय ग्राहकों को *** मी. टन की बिक्री की है। समुद्री भाड़े, अंतर्देशीय भाड़े,बीमा, ऋण लागत, पैकिंग लागत और पत्त्न एवं अन्य संबंधित खर्चों के निमित्त समायोजनों की अनुमति दी गई है। यथानिर्धारित निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

च.4.3 वियतनाम के अन्य उत्पादक और निर्यातक

वियतनाम के सभी असहयोगी निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन

80. वियतनाम के अन्य असहयोगी निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमतों का निर्धारण देशविशेष से पहले ही निर्यातकों के लिए जांच किये गये आंकड़ों पर विचार करते हुए सर्वोत्तम उपलब्ध तथ्यों के अनुसार किया गया है और उसका उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

कोरिया गणराज्य के सहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत का निर्धारण

पोस्को,कोरिया गणराज्य

81. पोस्को कोरिया में एक सूचीबद्ध कंपनी (संयुक्त स्टॉक कारपोरेशन) है। उत्तर से यह नोट किया जाता है कि मैसर्स पोस्को ने अपने घरेलू बाजार में अपने ग्राहकों को सीधे तौर पर और मैसर्स पोस्को इंटरनेशनल कारपोरेशन लि. (पूर्व में पोस्को देवू कारपोरेशन के नाम से ज्ञात), कोरिया गणराज्य के माध्यम से भी संबद्ध वस्तुओं की अधिकांश बिक्री की है।

सामान्य मूल्य

82. उत्तर से यह नोट किया जाता है कि पोस्को, कोरिया गणराज्य ने जांच की अवधि के दौरान घरेलू बाजार में *** मी. टन के आर डब्ल्यू के विगत मूल्य से संबद्ध वस्तुओं का *** मी. टन की बिक्री की है। उनके उत्तर के आधार पर यह नोट किया जाता है उनके उनके उत्तर के आधार पर यह नोट किया जाता है कि उनकी घरेलू बिक्री घरेलू बाजार में पर्याप्त मात्रा में हुई है। उनके उत्तर के आधार पर उनके द्वारा प्रस्तुत की गई कुछ सूचना के संबंध में उत्तर देने वाले उत्पादक को कमियों संबंधी पत्र जारी किया गया था। सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के उद्देश्य से, प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तुओं की उत्पादन की लागत के संबंध में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री लेन देन का निर्धारण करने के लिए व्यापार की सामान्य कार्यप्रणाली जांच की है। यदि लाभ कमाने वाले लेन देन 80 प्रतिशत से अधिक हों तब प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए घरेलू बाजार में सभी लेन देनों पर विचार किया है और उन मामलों में जहां लाभप्रद लेन देन 80 प्रतिशत से

कम है, केवल लाभप्रद घरेलू बिक्री पर विचार सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए किया जाता है। इस मामले में, व्यापार जांच की सामान्य कार्यप्रणाली जांच के आधार पर लाभप्रद बिक्रियों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए विचार किया गया है क्योंकि लाभप्रद बिक्री 80 प्रतिशत से अधिक था।

83. मैसर्स पोस्को, कोरिया गणराज्य ने भाड़े से संबंधित खर्चे, वेयरहाउसिंग से संबंधित खर्चे, संचालन शुल्क, ऋण लागत, पैकिंग लागत और वारंटी खर्चे के आधार पर समायोजनों का दावा किया है। इस उत्तर की जांच करने के बाद, वारंटी और वेयरहाउसिंग खर्चों का समयोजन सामान्य मूल्य तय करने के लिए नहीं किया गया है। अन्य समायोजनों पर विचार किया गया है। तदनुसार, मैसर्स पोस्को, कोरिया गणराज्य के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण किया गया है और उसका उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

<u>पोस्को, कोरिया गणराज्यके लिए निर्यात कीमत</u>

84. मैसर्स पोस्को, कोरिया गणराज्य ने मैसर्स जी एस ग्लोबल कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य और मैसर्स सेमसंग सी एंड टी कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य के माध्यम से विचाराधीन उत्पाद का क्रमश: *** मी. टन और *** मी. टन का निर्यात किया है। इन असंबद्ध व्यापारियों ने आगे एक संबंधित व्यापारी नामत: पोस्को एशिया, हॉग कॉग के माध्यम से भारत में विचाराधीन उत्पाद का निर्यात किया है। उपर्युक्त सभी उत्पादक/ निर्यातकों/ व्यापारियों ने निर्यातक की प्रश्नावली का अलग उत्तर प्रस्तुत किया है।

85. यह भी नोट किया जाता है कि संबंधित व्यापारियों/ निर्यातकों ने पोस्को, कोरिया गणराज्य से संबंधित संसाधकों/ आयातकों नामत: पोस्को आई ए पी सी, इण्डिया, पोस्को आई डी पी सी, इंडिया, पोस्को आई सी पी सी इंडिया और पोस्को आई पी पी सी इंडिया को संबद्ध वस्तुओं की बिक्री की है। ये सभी संबंधित पक्षकारों ने आयातकों/ अंतिम उपभोक्ता की प्रश्नावली का उत्तर भी प्रस्तुत किया है।

86. भारत में उपर्युक्त पोस्को की सहायक कंपनियों द्वारा प्रस्तुत किये गये उत्तर से यह भी नोट किया जाता है कि उन्होंने एक साथ उपर्युक्त अलग अलग व्यापार माध्यमों से अपनी मूल कंपनी अर्थात पोस्को से आयात किये गये संबद्ध वस्तुओं की बिक्री के दौरान घाटा उठाया है। किसी संबद्ध वस्तुओं की इनकी बिक्री कीमत उनकी खरीद कीमत से कम है जिसने इन सहायक कंपनियों की आयात कीमतें और एस जी ए शामिल थे, उनकी पहुंच कीमत और निवल निर्यात कीमत से उपयुक्त समायोजन किया गया है। इसके अतिरिक्त, समुद्री भाड़े, अंतर्देशीय भाड़े,बीमा, ऋण लागत, पैकिंग लागत औरपत्तनतथा अन्य संबंधित खर्चों के निमित्त समायोजनों की अनुमति दी गई है। यथानिर्धारित निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

<u>"पोस्को कोटेड एंड कलर स्टील कं. लिमि." (पोस्को सी एंड सी), कोरिया गणराज्य</u>

87. यह नोट किया जाता है मैसर्स पोस्को सी एंड सी, कोरिया गणराज्य पोस्को समूह का एक हिस्सा है।

<u>पोस्को सी एंड सी, कोरिया गणराज्य के लिए सामान्य मूल्य</u>

88. यह नोट किया जाता है कि जांच की अवधि के दौरान, पोस्को सी एंड सी ने घरेलू बाजार बाजार में *** मी. टन के आर डब्ल्यू के बीजक मूल्य के संबद्ध वस्तुओं का *** मी. टन बेचा है। इन वस्तुओं को संबंधित और असंबद्ध दोनों ग्राहकों को *** मी. टन और *** मी. टन की बिक्री की गई है। उनके उत्तर के आधार पर उनके द्वारा प्रस्तुत की गई कुछ सूचना के संबंध में उत्तर देने वाले उत्पादक को न्यूनता संबंधी पत्र जारी किया गया था।उन्होंने कमी संबंधी पत्र का उत्तर प्रस्तुत किया।उनके उत्तरों के आधार पर, यह नोट किया जाता है कि उनकी घरेलू बिक्री घरेलू बाजार में पर्याप्त मात्रा में हुई है। सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के उद्देश्य से, प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तुओं की उत्पादन की लागत के संबंध में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री लेन देन का निर्धारण करने के लिए व्यापार की सामान्य कार्यप्रणाली जांच की है। यदि लाभ कमाने वाले लेन देन 80 प्रतिशत से अधिक हों तब प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए घरेलू बाजार में सभी लेन देनों पर विचार किया है और उन मामलों में जहां लाभप्रद लेन देन 80 प्रतिशत से कम है, केवल लाभप्रद घरेलू

बिक्री पर विचार सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए किया जाता है। व्यापार जांच की सामान्य कार्यप्रणाली जांच के आधार पर लाभप्रद बिक्रियों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए विचार किया गया है क्योंकि लाभप्रद बिक्री 80 प्रतिशत से अधिक था।

89. मैसर्स पोस्को सी एंड सी कोरिया, जन. गण. ने अंतर्देशीय भाड़े, ऋण लागत और दावे से संबंधित खर्चे के कारण समायोजनों का दावा किया है। तदनुसार, मैसर्स पोस्को सी एंड सी, कोरिया गणराज्य के लिए भारित औसत सामान्य मूल्य का निर्धारण किया गया है और इसका उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

<u>पोस्को सी एंड सी, कोरिया गणराज्य, के लिए निर्यात कीमत</u>

90. मैसर्स पोस्को सी एंड सी कोरिया गणराज्य ने मैसर्स पोस्को एशिया कंपनी, हॉग कॉग (संबंधित कंपनी) और मैसर्स पोस्को इंटरनेशनल, कोरिया गणराज्य (संबंधित कंपनी) के माध्यम से विचाराधीन उत्पाद का *** मी. टन और *** मी. टन का निर्यात किया है। मैसर्स पोस्को सी एंड सी, कोरिया गणराज्य ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है और अलग अलग प्रश्नावलियां इसकी संबंधित ट्रेडिंग कंपनियों नामत: मैसर्स पोस्को इंटरनेशनल कारपोरेशन (भूतपूर्व पोस्को डेबू कारपोरेशन), कोरिया गणराज्यऔर मैसर्स पोस्को एशिया कंपनी, हॉग कॉग द्वारा प्रस्तुत किया गया है। इसके अलावा, यह भी नोट किया जाता है कि पोस्को इंटरनेशनल कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य और मैसर्स पोस्को एशिया कंपनी, हांगकांग ने संबद्ध भारतीय कंपनियोंनामत: आई ए पी सी, आई पी पी सी, आई सी पी सी और आई डी पी सी को संबद्ध सामानों काभारी हिस्सा बेचा है।

91. भारत में उपर्युक्त पोस्को की सहायक कंपनियों द्वारा प्रस्तुत किये गये उत्तर से यह भी नोट किया जाता है कि उन्होंने एक साथ उपर्युक्त अलग अलग व्यापार माध्यमों से अपनी मूल कंपनी अर्थात पोस्को सी एंड सी से आयात किये गये संबद्ध वस्तुओं की बिक्री के दौरान घाटा उठाया है। किसी संबद्ध वस्तुओं की इनकी बिक्री कीमत उनकी खरीद कीमत से कम है जिसने इन सहायक कंपनियों की आयात कीमतें और एस जी ए शामिल थे, उनकी पहुंच कीमत और निवल निर्यात कीमत से उपयुक्तसमायोजन किया गया है। इसके अलावा, समुद्री भाड़े, अंतर्देशीय भाड़े,बीमा, ऋण लागत, पैकिंग लागत, पत्तन और अन्य संबंधित खर्चों के निमित्त समायोजनों की अनुमति दी गई है। यथानिर्धारित निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

92. समुद्री भाड़े, अंतर्देशीय भाड़े, ऋण लागत और पत्तन तथा अन्य संबंधित खर्चों के निमित्त समायोजनों की अनुमति दी गई है। यथानिर्धारित निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

<u>मैसर्स डोंगकुक स्टील मिल कं. लिमि., कोरिया गणराज्य</u>

<u>मैसर्स डोंगकुक स्टील मिल कं. लिमि., कोरिया गणराज्य के लिए सामान्य मूल्य</u>

93. उत्तर से यह नोट किया जाता है कि मैसर्स डोंगकुक स्टील मिल कं. लिमि., कोरिया गणराज्य ने जांच की अवधि के दौरान घरेलू बाजार में असंबद्ध ग्राहकों को *** के आर डब्ल्यू बीजक मूल्य के संबद्ध वस्तुओं का *** मी. टन की बिक्री की है। उनके उत्तर के आधार पर उनके द्वारा प्रस्तुत की गई कुछ सूचना के संबंध में उत्तर देने वाले उत्पादक को न्यूनता संबंधी पत्र जारी किया गया था। उनके उत्तर के आधार परयह नोट किया जाता है कि उनकी घरेलू बिक्री घरेलू बाजार में पर्याप्त मात्रा में हुई है। सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के उद्देश्य से, प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तुओं की उत्पादन की लागत के संबंध में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री लेन देन का निर्धारण करने के लिए व्यापार की सामान्य कार्यप्रणाली की जांच की है। यदि लाभ कमाने वाले लेन देन 80 प्रतिशत से अधिक हों तब प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए घरेलू बाजार में सभी लेन देनों पर विचार किया है और उन मामलों में जहां लाभप्रद लेन देन 80 प्रतिशत से कम है, केवल लाभप्रद घरेलू बिक्री पर विचार सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए किया जाता है। व्यापार जांच

की सामान्यकार्यप्रणाली जांच के आधार पर लाभप्रद घरेलू बिक्रियों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए विचार किया गया है क्योंकि लाभप्रद बिक्री 80 प्रतिशत से कम थी।

94. मैसर्स डोंगकुक स्टील मिल कं. लिमि., कोरिया गणराज्य ने छूट (शीघ्र भुगतान के कारण छूट), अंतर्देशीय ढुलाई, ऋण लागत, पैकिंग से संबंधित खर्चे और दावे से संबंधित खर्चे के आधार पर समायोजनों का दावा किया है जिस पर विचार किया गया है। तदनुसार, मैसर्स डोंगकुक स्टील मिल कं. लिमि., कोरिया गणराज्य के लिए भारित औसत सामान्य मूल्य का निर्धारण किया गया है और उसका उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

<u>मैसर्स डोंगकुक स्टील मिल कं. लिमि., कोरिया गणराज्य के लिए निर्यात कीमत</u>

95. मैसर्स डोंगकुक स्टील मिल कं. लिमि., कोरिया गणराज्य ने भारत में इसकी सहायक कंपनी अर्थात मैसर्स डोंगकुक स्टील इंडिया प्रा. लिमि.को सीधे *** मी. टन विचाराधीन उत्पाद का निर्यात किया है जिसमें अपने क्रम में भारत में असंबद्ध उपभोक्ताओं को मैसर्स ह्यिोसुंग टी एन सी, कोरिया गणराज्य के माध्यम से *** मी. टन संबद्ध वस्तुओं को बेचा है जिसने क्रम में मैसर्स डोंगकुक स्टील इंडिया प्रा. लिमि., इण्डिया को संबद्ध वस्तु भी बेची है और एस के नेटवर्क, कोरिया गणराज्य के माध्यम से *** मी. टन बेचा है। मैसर्स डोंगकुक स्टील मिल कं. लिमि., कोरिया गणराज्य ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है और एक अलग प्रश्नावली इसकी असंबद्ध ट्रेडिंग कंपनियों नामत: मैसर्स ह्यिोसुग टी एन सी, कोरिया गणराज्य और मैसर्स डोंगकुक स्टील इंडिया प्रा. लिमि. के द्वारा प्रस्तुत की गई है। आगे यह नोट किया जाता है कि मैसर्स एस के नेटवर्क, कोरिया गणराज्य ने प्राधिकारी के पास निर्यातक की प्रश्नावली का अपना उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है।

96. चूंकि उत्पादक और इसके असंबद्ध सहयोगी व्यापारियों द्वारा निर्यातों की मात्रा पर्याप्त है अत: उत्पादक और सहयोगी निर्यातकों द्वारा रिपोर्ट की गई निर्यात की मात्रा पर निर्यात कीमत का निर्धारण करने के लिए विचार नहीं किया गया है।

97. भारत में मैसर्स डोंगकुक स्टील इण्डिया प्रा. लिमि. के द्वारा प्रस्तुत किये गये उत्तर से यह भी नोट किया जाता है कि उन्होंने एक साथ उपर्युक्त अलग अलग व्यापार माध्यमों से अपनी मूल कंपनी अर्थात मैसर्स डोंगकुक स्टील मिल कं. लिमि. से आयात किये गये संबद्ध वस्तुओं की बिक्री के दौरान घाटा उठाया है। किसी संबद्ध वस्तुओं की इनकी बिक्री कीमत उनकी खरीद कीमत से कम है जिसने इन सहायक कंपनियों की आयात कीमतें और एस जी ए शामिल थे, उनकी पहुंच कीमत और निवल निर्यात कीमत से उपयुक्त समायोजन किया गया है। इसके अलावा, समुद्री भाड़े, अंतर्देशीय भाड़े,बीमा, ऋण लागत, पैकिंग लागत, पत्तन और अन्य संबंधित खर्चों के निमित्त समायोजनों की अनुमति दी गई है। यथानिर्धारित निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

98. समुद्री भाड़े, अंतर्देशीय भाड़ेऔर बीमा, ऋण लागत, पैकिंग लागत और पत्तन एवं अन्य संबंधित खर्चों के निमित्त समायोजनों की अनुमति दी गई है। यथानिर्धारित निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

<u>मैसर्स डोंगबू स्टील कं. लिमि., एंड मैसर्स डोंगबू इनचेओन स्टील कं. लिमि., कोरिया गणराज्य</u>

<u>सामान्य मूल्य</u>

99. उत्तर से यह नोट किया जाता है कि कंपनी का कानूनी नाम डोंगबू स्टील कं. लिमि., (इसके पश्चात् डोंगबू स्टील) है। डोंगबू स्टील कोरिया गणराज्य में एक सूचीबद्ध कंपनी है और इसे कोरिया गणराज्य के वाणिज्यिक संहिता के अंतर्गत निगमित किया गया है। यह नोट किया जाता है कि डोंगबू स्टील अपने अन्य उपक्रमों से अपने इनचेन कार्य को अलग कर दिया और उस परिसंपत्ति को एक नई कंपनी जिसका नाम डोंगबू स्टील कं. लिमि. (इसके पश्चात "डोंगबू इनशियन") है में रखा है। सभी वास्तविक समयों में और वर्तमान में डोंगबू इनशियन को का पूर्व स्वामित्व डोंगबू स्टील के पास रहा है।

100. यह भी कहा गया है कि डोंगबू इनशियन में घरेलू बाजार में संबद्ध वस्तुओं की बहुत कम मात्रा ही देखी है। डोंगबू इनशियन भारत में और किसी अन्य तीसरे देश के बाजारों में विचाराधीन उत्पाद का निर्यात नहीं किया।

101. यह अनुरोध किया गया है कि डोंगबू स्टील और डोंगबू इनशियन को सामान्य मूल्य की गणना के उद्देश्यों से एकमात्र आर्थिक कंपनी के रूप में माना जाना चाहिए।

102. यह नोट किया जाता है कि मैसर्स डोंगबू स्टील कं. लिमि., कोरिया गणराज्य ने जांच की अवधि के दौरान *** के आर डब्ल्यू के बीजक मूल्य वाले *** मी. टन संबद्ध सामान बेचे हैं। परिशिष्ट – 4ख के अनुसार, मैसर्स डोंगबू स्टील कं. लिमि., कोरिया गणराज्य ने मैसर्स डोंगबू इनशियन कं. लिमि. को *** मी. टन और मैसर्स देव-वूंग एसएनटी कंपनी को *** मी. टन की बिक्री की है। दायर उत्तर के आधार पर और सत्यापन के अनुसार यह नोट किया जाता है कि डोंगबू स्टील द्वारा घरेलू बिक्री पर्याप्त मात्रा में है। सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए प्राधिकारी ने संबद्ध सामानों की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभदायक घरेलू बिक्री लेन-देन निर्धारित करने के लिए सामान्य प्रक्रिया के व्यापार परीक्षण किए। यदि लाभप्रद लेन-देन 80 प्रतिशत से अधिक हैं तो प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए घरेलू बाजार में सभी लेन-देनों पर विचार किया है। जहां लाभदायक लेन-देन 80 प्रतिशत से कम हैं, वहां केवल लाभप्रद घरेलू बिक्री पर ही सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए विचार किया गया है। सामान्य प्रक्रिया के व्यापार परीक्षण के आधार पर सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए केवल लाभप्रद घरेलू बिक्री को ही लिया गया है क्योंकि लाभप्रद बिक्रियां 80 प्रतिशत से कम थीं।

103. मैसर्स डोंगबू स्टील कं. लिमि., कोरिया गणराज्य ने अंतर्देशीय परिवहन, ऋण लागत, भुगतान छूट तथा वारंटी व्यय के निमित्त समायोजनों का दावा किया है जिनकी अनुमति दी गई है। तद्नुसार, मैसर्स डोंगबू स्टील कं. लिमि., कोरिया गणराज्य के लिए सामान्य मूल्य निर्धारित किया गया है और पाटन मार्जिन तालिका में दिया गया है।

<u>निर्यात कीमत</u>

104. उत्तर से यह नोट किया जाता है कि मैसर्स डोंगबू स्टील कं. लिमि., कोरिया गणराज्य ने मैसर्स जी एस ग्लोबल कारपोरेशन, कोरिया गणराज्यके माध्यम से*** मी. टन के विचाराधीन उत्पाद के *** मी. टन का निर्यात, मैसर्स ह्योसंग टी एन सी, कोरिया गणराज्य के माध्यम से *** मी. टन, मैसर्स शंघाई शिजिंग इंटरनेशनल ट्रेडिंग कं. लिमि. चीन जन. गण के माध्यम से *** मी. टन, मैसर्स प्राइम रिर्सोस, कोरिया गणराज्य के माध्यम से *** मी. टन और मैसर्स स्टिंको, कोरिया गणराज्य के माध्यम से *** मी. टन का सीधे ही किया है। यह भी नोट किया जाता है कि मैसर्स स्टिंको ने *** मी. टन संबद्ध सामानों का निर्यात भारत को सीधे ही किया है और *** मी. टन का निर्यात संबद्ध व्यापारी अर्थात मैसर्स शकुन के माध्यम से किया है।

105. इस बात पर ध्यान दिया जाए कि प्राथमिक जांच परिणाम में मैसर्स डोंगबू को कोई पृथक पाटन मार्जिन नहीं दिया गया था क्योंकि यह नोट किया गया था कि मैसर्स डोंगबू द्वारा उत्पादित तथा भारत को विभिन्न निर्यातकों/व्यापारियों द्वारा निर्यातित संबद्ध सामानों की काफी मात्रा को सहयोगी उत्पादकों तथा निर्यातकों द्वारा दायर उत्तरों में ध्यान में नहीं रखा गया था। विशेष रूप से यह नोट किया गया था कि डोंगबू ने भारत को कई असंबद्ध व्यापारियों के माध्यम से संबद्ध सामानों का निर्यात किया। इन असंबद्ध व्यापारियों में से सबसे बड़ा व्यापारी स्टिंको था। स्टिंको ने भारत को सीधे ही तथा संबद्ध व्यापारी शकुन ट्रेडिंग के माध्यम से निर्यात किए। स्टिंको ने निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर दायर किए थे, परंतु शकुन ट्रेडिंग ने प्राथमिक जांच परिणाम के चरण तक कोई उत्तर दायर नहीं किया। चूंकि, स्टिंको के एक संबद्ध व्यापारी, जिसके माध्यम से भारत को काफी निर्यात किए गए थे, ने जांच में भाग नहीं लिया। अतः स्टिंको द्वारा दायर प्रश्नावली के उत्तर को अनंतिम रूप से स्वीकार न करने का निर्णय लिया गया था। ऐसे परिदृश्य में प्राधिकारी के समक्ष प्रतिभागी पक्षकारों द्वारा किए गए निर्यात 70 प्रतिशत की दहलीज से नीचे गिर गए और तद्नुसार डोंगबू द्वारा दायर पूरा उत्तर अनंतिम रूप से रद्द कर दिया गया था तथा कोई व्यक्तिगत दर डोंगबू को नहीं दी गई थी।

106. प्राथमिक जांच परिणाम में यह भी नोट किया गया था कि मैसर्स डोंगबू को मैसर्स स्टिंको से जुड़े असहयोगी निर्यातकों के आंकड़े देने के लिए एक कमी वाला पत्र जारी किया गया था। जारी किए गए कमी वाले पत्र के उत्तर में देरी से एक उत्तर मैसर्स शकुन ट्रेडिंग कं. एलएलसी (शकुन) से उनके द्वारा किए गए निर्यातों के संबंध में प्राप्त हुआ था जो मैसर्स स्टिंको से लिए गए थे। तथापि, शकुन से उत्तर की जांच करने के बाद यह नोट किया गया था कि उत्तर पूर्णतः कमी वाला है। विशेष रूप से, यह नोट किया गया था कि अपेक्षित यथानिर्धारित परिशिष्ट-1, 5 तथा अन्य दस्तावेज उनके द्वारा प्राधिकारी को प्रस्तुत नहीं किए गए थे। उपर्युक्त के मद्देनजर, उसे प्राधिकारी द्वारा स्वीकार नहीं किया गया है।

107. मैसर्स डोंगबू के उत्तर तथा अभ्यावेदन की जांच की गई है। यह नोट किया जाता है कि प्राथमिक जांच परिणाम के समय प्राधिकारी ने अनंतिम रूप से निर्धारित किया था कि चूंकि एक प्रमुख व्यापारी अर्थात मैसर्स स्टिंको, जिसका भारत को संबद्ध सामानों के निर्यात में प्रमुख हिस्सा है, ने भारत को निर्यातों के लिए मात्रा श्रृंखला के पर्याप्त भाग के लिए ध्यान नहीं दिया है, अतः मैसर्स डोंगबू का पृथक पाटन मार्जिन निर्धारित नहीं किया गया था। प्राथमिक जांच परिणाम के बाद, विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों की विस्तृत जांच करने के बाद यह नोट किया जाता है कि डोंगबू का पूरा उत्तर इस आधार पर रद्द नहीं किया जाना चाहिए कि स्टिंको के संबद्ध व्यापारी ने जांच में भाग नहीं लिया है। इस संबंध में, यह नोट किया जाता है कि यद्यपि, डोंगबू से खरीदे गए संबद्ध सामानों के लिए भारत को स्टिंको द्वारा किए गए निर्यातों की पूरी सूचना प्राधिकारी को उपलब्ध नहीं कराई गई है क्योंकि उसके संबद्ध व्यापारी से सूचना पूर्णतः कमी वाली पाई गई थी, अतः भारत को उसके सीधे निर्यात का हिस्सा निर्धारित स्वरूप और तरीके से प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकार, यह नोट किया जाता है कि केवल भारत को संबद्ध सामानों के सीधे निर्यातों को ध्यान में रखते हुए स्टिंको की आपूर्ति श्रृंखला का पर्याप्त हिस्सा और कीमत प्राधिकारी के पास उपलब्ध है तथा इसीलिए डोंगबू के आंकड़े पृथक मार्जिन निकालने के लिए पूरी तरह से रद्द नहीं किए जाने चाहिए। अतः यह निर्णय लिया गया है कि डोंगबू के उत्तर को ध्यान में रखा जाना चाहिए तथा उपर्युक्त के मद्देनजर डोंगबू के लिए पाटन तथा क्षति मार्जिन की व्यक्तिगत दर निकालने का निर्णय लिया गया है। ये मार्जिन निकालने के लिए प्राधिकारी ने भारत को स्टिंको के सीधे निर्यातों से युक्त श्रृंखला के लिए वास्तविक निर्यात कीमत पर विचार किया है जिसने जांच में विधिवत रूप से भाग लिया है तथा निर्धारित स्वरूप एवं तरीके से उत्तर प्रस्तुत किए हैं तथा स्टिंको के उपर्युक्त संबद्ध व्यापारी, जिसने निर्धारित स्वरूप एवं तरीके में सूचना दायर नहीं की, के लिए सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के आधार पर निर्यात कीमत पर विचार किया है।

108. इसके अतिरिक्त, समुद्री भाड़ा, समुद्री बीमा, अंतर्देशीय भाड़ा, सार-संभाल, दलाली शुल्क, सर्वेक्षण प्रभार, बैंक प्रभार और ऋण लागत के निमित्त दावों के समायोजन की अनुमति दी गई है। तद्नुसार, मैसर्स डोंगबू स्टील कं. लि., कोरिया गणराज्य के लिए कारखानागत निर्यात कीमत निर्धारित की गई है और पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

<u>अन्य उत्पादकों और निर्यातकों, कोरिया गणराज्य के लिए पाटन मार्जिन</u>

109. कोरिया गणराज्य के अन्य असहयोगी निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमतों का निर्धारण उस देश से पहले ही निर्यातकों के लिए जांच किये गये आंकड़ों पर विचार करते हुए सर्वोत्तम उपलब्ध तथ्यों के अनुसार किया गया है और उसका उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

<u>संबंधित उत्पादकों और निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन</u>

110. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध जांच में अनेक सहयोगी उत्पादक और निर्यातक एक दूसरे से संबंधित हैं और संबंधित कंपनियों का एक समूह बनाते हैं। प्राधिकारी के पाटन मार्जिन का निर्धारण करने के लिए संबंधित निर्यात करने वाले उत्पादकों और निर्यातकों को एक कंपनी के रूप में विचार करने और इस प्रकार से उनके लिए एकमात्र पाटन मार्जिन स्थापित करने के लिए सतत् प्रथा रही है। विशेष रूप से ऐसा इसलिए है कि अलग अलग पाटन मार्जिन की गणना से पाटनरोधी उपायों की परिवंचना को प्रोत्साहन मिल सकता है और इस प्रकार से वे अप्रभावी हो सकते हैं और ऐसा निम्नतम अलग अलग पाटन मार्जिन के साथ कंपनी के माध्यम से भारत में उनके निर्यात को भेजने के लिए संबंधित निर्यात करने वाले उत्पादकों को समर्थ बनाकर किया जा सकता है।

111. उपर्युक्त के अनुसार, संबंधित उत्पादकों और निर्यातकों को एकमात्र कंपनी के रूप में माना गया है और एकमात्र पाटन मार्जिन के लिए उत्तरदायी ठहराया गया है जिसकी गणना सहयोगी संबंधी उत्पादकों और निर्यातकों के पाटन मार्जिन की भारित औसत के आधार पर की गई थी।

च.4.4 <u>पाटन मार्जिन तालिका</u>

112. संबद्ध वस्तुओं के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत पर विचार करते हुए, संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के लिए पाटन मार्जिन का निर्धारण नीचे दिये गये अनुसार किया गया है:

मूल और/ अथवा निर्यात का देश	उत्पादक का नाम	सामान्य मूल्य/ सीएनवी (अमेरिकी डॉलर)	निवल निर्यात कीमत (अमेरिकी डॉलर)	पाटन मार्जिन (अमेरिकी डॉलर)	पाटन मार्जिन	पाटन मार्जिन % रेंज
कोरिया गणराज्य	पोस्को	***	***	***	***	0-20
कोरिया गणराज्य	पोस्को कोटेड एंड कलर स्टील कं. लि.	***	***	***	***	0-20
कोरिया गणराज्य	पोस्को ग्रुप	***	***	***	***	0-20
कोरिया गणराज्य	डोंगकुक स्टील मिल कं. लि.	***	***	***	***	20-40
कोरिया गणराज्य	डोंगबू स्टील कं. लि.	***	***	***	***	20-40
कोरिया गणराज्य	कोई अन्य उत्पादक एवं निर्यातक	***	***	***	***	20-40
वियतनाम	तेय नाम स्टील मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेडिंग कं. लि.	***	***	***	***	0-20
वियतनाम	टोन डोंग ए कारपोरेशन	***	***	***	***	0-20
वियतनाम	होआसेन ग्रुप	***	***	***	***	0-20
वियतनाम	नाम किम स्टील ज्वाइंट स्टॉक कंपनी	***	***	***	***	20-40
वियतनाम	कोई अन्य उत्पादक एवं निर्यातक	***	***	***	***	20-40
चीन जन. गण.	झेजियांग हौदा न्यू मैटेरियल्स कं. लि.	***	***	***	***	20-40
चीन जन. गण.	कोई अन्य उत्पादक एवं निर्यातक	***	***	***	***	40-60

छ. <u>क्षति का आकलन और कारणात्मक संपर्क</u>

छ. 1. घरेलू उद्योग द्वारा किये गये अनुरोध

113. घरेलू उद्योग द्वारा किये गये अनुरोध नीचे दिए अनुसार हैं:

(क) आयातों के प्रभाव का संचयी आकलन उपयुक्त है क्योंकि संबद्ध देशों से निर्यात भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग द्वारा दी जा रही संबद्ध वस्तुओं के साथ समान वाणिज्यिक स्थितियों के अधीन तुलनीय बिक्री माध्यम से सीधे तौर पर प्रतिस्पर्धा करता है। यह अनुरोध किया जाता है कि वे संबद्ध देशों से संचयी रूप में घरेलू उद्योग के क्षति का आकलन करें। आवेदक यह अनुरोध करता है कि पाटित आयात उन वस्तुओं के समान है जिन्हें घरेलू उद्योग बाजार में बेचा जाता है। पाटित आयात भारतीय बाजार में एक ही समय में अनेक देशों से प्रवेश कर रहे हैं।

(ख) यदि संबंधित आयातक भारत में संबद्ध वस्तुओं की फिर से बिक्री या तो उसी रूप में अथवा आंशिक संशोधनों के बाद करता है और उसे घाटा होता है तब प्राधिकारी को आयातों के पहुंच मूल्य तथा निवल निर्यात कीमत तक उपयुक्त समायोजन करना चाहिए। यह प्राधिकारी की सतत् प्रथा रही है जिसे चीन जन. गण. से ग्लास के फाइबर के संबंध में पाटनरोधी जांच में देखा जा सकता है। यदिउपयुक्त समायोजन प्राधिकारी द्वारा पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन का निर्धारण करते समय नहीं किया जाता है तब उच्चतर कीमत पर आयात करने और अपेक्षा से कम कीमत पर उसकी बिक्री करने की इस प्रकार की प्रथा विदेशी निर्यातों के लिए बाहर निकालने का रास्ता हो जायेगा और इसके फलस्वरूप निर्यातकों द्वारा शुल्क से बचा जा सकता है अथवा शुल्क की परिवंचना की जा सकती है।

(ग) संबद्ध देशों में से प्रत्येक देश के लिए बहुत अधिक कीमत में कटौती हुई है।

(घ) संबद्ध देशों से पाटित आयात भारत में घरेलू उद्योग की क्षति रहित कीमत/ उचित कीमत से बहुत कम कीमतों पर हो रही है। भारत में आने वाले कम कीमत पर पाटित आयात घरेलू उद्योग को अनुमति नहीं दे रहा है कि वह संबद्ध वस्तुओं के लिए उचित कीमत प्राप्त करे और इसके कारण घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हो रही है।इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग भारतीय उद्योग की मांग को पूरा करने में असमर्थ है, आवेदक ने अनुरोध किया कि घरेलू उद्योग संबद्ध सामानों की कुल मांग को पूरा करने में सक्षम हैं, तथापि आयात की काफी मात्रा ने भारत में बाजार हिस्सा ले लिया है।

(ङ) उत्तरादात के इस तर्क के संबंध में कि संबद्ध सामानों पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से भारत में सौर विद्युत के संवर्धन पर नकारात्मक प्रभाव होगा, आवेदक ने अनुरोध किया कि ऐसे विचार घरेलू उद्योग के संरक्षण के लिए पाटनरोधी शुल्क की आवश्यकता के लिए प्राधिकारी के निर्धारण के लिए संगत नहीं है। न तो सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 और न ही उसमें बनाई गई नियमावली प्राधिकारी को पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश करते समय सार्वजनिक नीति के उद्देश्यों पर विचार करने की अनुमति देती है।

(च) उत्तरादाताओं के इस तर्क के संबंध में कि आवेदक ने नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार कोई सिद्ध साक्ष्य नहीं दिए हैं, आवेदक ने अनुरोध किया कि उन्होंने निर्दिष्ट प्राधिकारी को सभी संगत सूचनाएं दी हैं और वे जांच की शुरूआत की अधिसूचना तथा प्राथमिक जांच परिणाम में निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा विधिवत नोट कर ली गई हैं।

(छ) उत्तरदाताओं के इस तर्क के संबंध में कि आवेदक को कोई क्षति नहीं हुई है तथा आधार वर्ष से जांच की अवधि तक कुछ आर्थिक मानदंडों में आवेदक के निष्पादन में काफी वृद्धि हुई है, आवेदक ने अनुरोध किया कि उसकी जांच की अवधि की तुलना आधार वर्ष में पूर्णतः उसके निष्पादन के विरुद्ध नहीं की जानी चाहिए। आवेदक ने इसके लिए दो कारण उल्लिखित किए हैं, पहला यह कि किसी भी क्षति विश्लेषण में एक सिरे से दूसरे सिरे तक तुलना ठीक नहीं है, इसके बजाए मध्यवर्ती वर्षों में निष्पादन का भी मूल्यांकन किया जाना चाहिए। आवेदक ने अपने तर्क के समर्थन में अर्जेंटीना – फुटवेयर (ईसी) (डब्ल्यूटी/डीएस121) में निर्णय का उल्लेख किया। दूसरे, 2015-16 में आवेदक के निष्पादन पर विचार नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि उसका निष्पादन वैश्विक रूप से इस्पात उद्योग में मंदी के कारण असामान्य रूप से खराब था।

(ज) वियतनाम से आयातों के कारण क्षति के संबंध में आवेदक ने अनुरोध किया कि इन आयातों का भारत में समान वस्तुओं पर कीमत प्रभाव पड़ रहा है। यहां तक कि यद्यपि पहुँच मूल्य बढ़ा है, तथापि, इन संबद्ध आयातों की कीमतें कटौती कर रही हैं और आवेदक की घरेलू बिक्री भी कम कीमत पर हो रही है।

(झ) आवेदक ने अनुरोध किया कि उनका उत्तरदाताओं द्वारा दावा किए गए अनुसार काफी बाजार हिस्सा नहीं है। उनका बाजार हिस्सा पूर्व वर्ष से कम हुआ है और जांच की अवधि में 33 प्रतिशत रहा, जैसा कि उत्तरदाताओं द्वारा किए गए 60-65 प्रतिशत के दावे के विरोध में कहा गया है। आवेदक ने अनुरोध किया कि आवेदक द्वारा अभिज्ञात अन्य घरेलू उत्पादकों के लिए भी बाजार हिस्से में निरंतर और काफी गिरावट आई है।

(ञ) आवेदक ने इस दावे से इंकार किया है कि घरेलू उद्योग को क्षति पाटित आयातों को छोड़कर अन्य कारकों के कारण हुई है। आवेदक ने अनुरोध किया कि अन्य घरेलू उत्पादकों की घरेलू बिक्री में वृद्धि से आवेदक को क्षति नहीं हुई है, जैसा कि उत्तरदाताओं द्वारा तर्क दिया गया है। इसके बजाए, यहां तक कि अन्य घरेलू उत्पादकों को भी पाटित आयातों के कारण क्षति हुई है।

(ट) इस तर्क के संबंध में कि क्षमता अभिवृद्धि के कारण घरेलू उद्योग की निर्धारित लागतों आदि में वृद्धि हुई है, उत्तरदाता ने अनुरोध किया कि लागत में वृद्धि केवल सकल संदर्भ में है। चूंकि, उत्पादन बढ़ा है, अतः प्रति यूनिट लागत में गिरावट आई है। इसके अतिरिक्त, लागतों में किसी वृद्धि को सर्वोत्तम उपयोग मानदंड के अनुसार लागतों पर विचार करके हल कर दिया गया होता।

(ठ) इस तर्क के संबंध में कि जांच की अवधि के दौरान गैर विचाराधीन उत्पाद की उत्पादन मात्रा में काफी गिरावट के कारण विचाराधीन उत्पाद में उच्च लागत आबंटन के कारण जांच की अवधि के दौरान लागत में वृद्धि है, आवेदक ने अनुरोध किया कि लागत आबंटन उपयुक्त रूप से किया गया है।

(ड) इसके अतिरिक्त, आवेदक ने अनुरोध किया कि वर्ष 2016-17 और 2017-18 में क्षमता में वृद्धि के कारण लागत में वृद्धि से इन दो वर्षों में क्षति नहीं हुई क्योंकि संबद्ध आयात की मात्रा कम रही। तथापि, जांच की अवधि में यहां तक कि यद्यपि घरेलू उद्योग की लागत में क्षमता अभिवृद्धि के कारण वृद्धि हुई, तथापि, घरेलू उद्योग को पाटित आयातों के कारण क्षति हुई।

(ढ) उत्तरदाताओं के इस तर्क के संबंध में कि संचयी मूल्यांकन नहीं किया जाना चाहिए, आवेदक ने अनुरोध किया कि वर्तमान मामला संचयी मूल्यांकन की सभी अपेक्षाओं को पूरा करता है तथा चीन जन. गण. और वियतनाम से आयातों का संचयन न करने के लिए उत्तरदाताओं द्वारा उल्लिखित कारणों में कानूनी आधार का अभाव है।

(ण) इस तर्क के संबंध में कि आवेदक का एनएसआर एनआईपी से अधिक है, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया कि प्राधिकारी द्वारा निर्धारित एनएसआर और एनआईपी प्रकृति में अनंतिम हैं तथा इसमें प्राधिकारी के अंतिम निर्धारण में संशोधन होने के संभावना है।

(त) घरेलू उद्योग ने यह भी अनुरोध किया कि केवल इस कारण कि एनएसआर एनआईपी से अधिक है, पाटनरोधी जांच रद्द करने का आधार नहीं है अथवा यह सिद्ध करने का आधार नहीं है कि घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हो रही है। आवेदक ने ऑल इंडिया ग्लास मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन बनाम भारत संघ [2016 (342) ईएलटी 563 (ट्राई-डेल)] के मामले पर विश्वास किया है जिसमें सेसटेट ने इस आधार पर प्राधिकारी के जांच परिणाम को चुनौती रद्द की कि घरेलू उद्योग को कोई कीमत संबंधी क्षति नहीं थी क्योंकि एनएसआर एनआईपी से अधिक था। आवेदक ने भी सोलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड और अन्य बनाम भारत संघ [2018 (362) ईएलटी 730 (ट्राई-डेल)], जिसने समान विचार अपनाया।

(थ) इसके अतिरिक्त, आवेदक ने अनुरोध किया कि उन मामलों में भी जहां एनएसआर, एनआईपी से अधिक रही है, यह निर्धारित करने का कारण नहीं हो सकता कि घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं है। आवेदक ने निम्नलिखित मामलों पर विश्वास कियाः

i. *चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "फॉस्फोरस पेंटॉक्साइड"*

ii. *चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "सेरामिक रोलर"*

iii. *चीनी तैपई, फिलीपींस, मलेशिया और वियतनाम के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "प्लास्टिक प्रोसेसिंग मशीन अथवा इंजेक्शन मॉल्डिंग मशीन"।*

(द) घरेलू उद्योग ने प्राथमिक जांच परिणाम में प्राधिकारी के जांच परिणाम का संदर्भ देते हुए यह उल्लेख किया कि घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है तथा पाटित आयातों और क्षति के बीच कारणात्मक संपर्क मौजूद था।

(ध) उत्तरदाता के इस तर्क के संबंध में कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से एकाधिकार बनेगा, उत्तरदाता ने अनुरोध किया कि आवेदक एकाधिकार नहीं बनाना चाहता। भारत में समान वस्तुओं के दो अन्य उत्पादक हैं। इसके अतिरिक्त, पाटनरोधी शुल्क लगाने से आयातों पर निर्भर रहने के बजाए घरेलू स्रोतों से पर्याप्त आपूर्ति का रख-रखाव होगा।

(न) 2016-17 तक संबद्ध देशों से आयात घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत से अधिक कीमतों पर हो रहे थे। 2017-18 के आगे से संबद्ध देशों के आयात भारत में घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत से बहुत अधिक कम कीमतों पर होना शुरू हुआ है। इसके परिणामस्वरूप, पाटित आयात घरेलू उद्योग को बिक्री कीमत प्राप्त करने की अनुमति नहीं दे रहा है जो अपनी पूरी लागत को फिर से वसूल सके।

(प) संबद्ध देशों से आयात किया गया उत्पाद भारतीय बाजार में वितरण के तुलनीय माध्यमों से प्रवेश करता है और सीधे तौर पर घरेलू स्तर पर उत्पादित वस्तुओं से प्रतिस्पर्धा करता है।

(फ) संबद्ध देशों से आपूर्ति किया गया उत्पाद और घरेलू स्तर पर उत्पादित वस्तुओं को भारत में उसी वाणिज्यिक स्थितियों में देखा जा रहा है।

(ब) घरेलू उत्पादक और संबद्ध देशों में निर्यातक भारत में उपभोक्ताओं की इसी श्रेणी के उत्पाद की बिक्री कर रहा है।

(भ) यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि भारत में घरेलू उत्पादक भारत में विचाराधीन उत्पाद की समग्र मांग को पूरा करने में सक्षम हैं।

(म) संबद्ध देशों से पाटित आयातों ने भारत में आक्रामक रूप से बाजार हिस्से पर कब्जा कर लिया है। आवेदक संबद्ध देशों से आने वाले पाटित आयातों की बहुत अधिक मात्रा के कारण मांग में वृद्धि से अनुपात में संबधित उत्पाद की बिक्री बढ़ाने में सक्षम नहीं हो पाये हैं। इस तथ्य से यह स्पष्ट है जबकि संबंधित उत्पाद की मांग ने 2015-16 से जांच की अवधि तक *** मी. टन तक वृद्धि हुई, आवेदक की घरेलू बिक्री में केवल *** मी. टन की वृद्धि हुई जबकि संबद्ध देशों के विचाराधीन उत्पाद की आयात मात्रा में उसी अवधि के दौरान बहुत अधिक *** मी. टन तक वृद्धि हुई। मांग में लगभग समग्र वृद्धि पर संबद्ध देशों से आयातों द्वारा कब्जा कर लिया गया है।

(य) जबकि आवेदक के बाजार हिस्से में 2015-16 के दौरान 45-50 प्रतिशत से जांच की अवधि के दौरान 30-35 प्रतिशत तक गिरावट हुई है, संबद्ध देशों से आयातों के बाजार हिस्से में उसी अवधि के दौरान 5-10 प्रतिशत से 35-40 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है।

(कक) आवेदक के नकद लाभ में 2015-16 में 100 सूचीबद्ध इकाईयों के नकद लाभ से बहुत अधिक कमी आई है, लाभ जांच की अवधि के दौरान (244) सूचीबद्ध इकाईयों की बहुत बढ़ी हानि में परिणत हो गई है। यदिइस प्रकार का अनियंत्रित पाटन जारी रहता है तब घरेलू उद्योग भविष्य में अपनी देयताओं को चुका पाने में सक्षम नहीं हो सकते हैं।

(खख) घरेलू उद्योग का यह अनुरोध है कि उनको हुई क्षति का एकमात्र कारण संबद्ध देशों से काफी मात्रा में हो रहा पाटित/ सब्सिडी प्राप्त आयात है। कोई व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं, प्रौद्योगिकी से संबंधित मसले, निर्यात कार्य निष्पादन से संबंधित मुद्दे, उत्पादकता से संबंधित मुद्दे अथवा कोई अन्य कारक नहीं है जिसे घरेलू उद्योग को हो रही क्षति के लिए उत्तरदायी ठहराया जा सकता है।

(गग) प्रौद्योगिकी में विकास के संबंध में, घरेलू उद्योग अन्य देशों में उत्पादकों के विश्वस्तरीय प्रौद्योगिकियों की तुलना में विश्व स्तर के प्रौद्योगिकियों में निवेश नहीं कर रहा है। इस कारण से, प्रौद्योगिकी में विकास घरेलू उद्योग को क्षति का कोई कारण नहीं है।

(घघ) जहां तक विदेशी और घरेलू उत्पादकों के बीच उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा का प्रश्न है, यह अनुरोध किया जाता है कि घरेलू उद्योग को हुई क्षति काफी मात्रा में संबद्ध देशों से हो रहे पाटित/ सब्सिडी

प्राप्त आयातों के कारण है। यदिआयात उचित सामान्य कीमतों पर होता है तब घरेलू उद्योग आयातों से प्रतिस्पर्धा का सामना करने की स्थिति में बिलकुल नहीं है।

(ङङ) घरेलू उद्योग का निर्यात कार्य निष्पादन ने किसी भी प्रकार से इसके वित्तीय और आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डाला है। इसके साथ ही आवेदक ने क्षति के मानदंडों की जांच करते समय निर्यातों से संबंधित सूचना की उपेक्षा की है और क्षति के संबंध में समग्र विश्लेषण आवेदक के घरेलू कार्य निष्पादन पर ही आधारित है।

(चच) आवेदकअनुरोध करता है कि बहुत अधिक मात्राओं में संबद्ध देशों से हो रहे पाटित/सब्सिडी प्राप्त आयात उनको हो रही क्षति का एकमात्र कारण है और भारत में हो रहे कीमत पर पाटित आयातों में वृद्धि के बीच एक कारणात्मक संबंध है, जो निम्नलिखित से स्पष्ट है:

(i) संबद्ध वस्तुओं के आयातों में जांच की समग्र अवधि की तुलना में स्वतंत्र रूप में वृद्धि हुई है। संबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद के आयातों में स्वतंत्र रूप में 2015-16 में ***मी. टन से जांच की अवधि में ***मी. टन तक वृद्धि हुई है।

(ii) संबद्ध वस्तुओं के आयातों में भारत में उत्पादन की तुलना में और खपत की तुलना में भी वृद्धि हुई है। आयात 2015-16 में घरेलू उद्योग के उत्पादन का 0-5 प्रतिशत तक था जो जांच की अवधि में बढ़कर 25-30 प्रतिशत तक हो गया है। इसके अलावा, आयातों में खपत की तुलना में 2015-16 में 5-10 प्रतिशत से लेकर जांच की अवधि में 35-40 प्रतिशत तक तीव्र वृद्धि हुई।

(iii) घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में 2015-16 से जांच की अवधि तक कमी आई है यद्यपि संबद्ध वस्तुओं की मांग भारत में उसी अवधि के दौरान बढ़ती रही है। यह इस कारण से हुआ है कि आयातों ने मांग में वृद्धि पर आक्रामक रूप से कब्जा कर लिया है।

(iv) जबकि आवेदक के बाजार हिस्से में 2015-16 के दौरान 45-50 प्रतिशत से जांच की अवधि के दौरान 30-35 प्रतिशत कमी आई है, संबद्ध देशों से आयातों के बाजार हिस्से में 5-10 प्रतिशत से उतनी अवधि के दौरान 35-40 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है।

(v) भारत में हो रहे कम कीमत पर पाटित आयातों के कारण कीमत में बहुत अधिक कटौती/कम कीमत पर बिक्री हो रही है। भारत में कम कीमत पर हो रहे पाटित आयातों के कारण कीमत का बहुत अधिक न्यूनीकरण हुआ है।

(vi) घरेलू उद्योग की लाभप्रदत्ता पर बहुत अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। 2015-16 में 100 सूचीबद्ध इकाईयों के कुल लाभ से, जांच की अवधि के दौरान लाभ (5112) सूचीबद्ध इकाईयों के बहुत बड़े घाटे में परिणत हो गया है।

छ.1.1 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रकटन पश्चात अनुरोध</u>

114. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रकटन पश्चात अनुरोध निम्नलिखित हैं:

(क) प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों की पाटित आयातों से क्षति को कम करने के लिए घरेलू उद्योग को उपयुक्त आय दर प्रदान करने के लिए एनआईपी निर्धारित करते समय परिसंपत्तियों की प्रतिस्थापन लागत अथवा ऐतिहासिक लागत पर 22 प्रतिशत आय पर विचार करें।

(ख) प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे कृपया एनआईपी के परिकलन के लिए जांच की अवधि के लिए क्षमता उपयोग पर विचार करें। आखिर में यह अनुरोध है कि प्राधिकारी इष्टतम क्षमता उपयोग 100 प्रतिशत पर प्रतिबंधित करें।

(ग) अनुरोध है कि प्रशासनिक व्यय, वित्तीय लागत और बिक्री तथा वितरण व्यय डीजीटीआर की मानक परिपाटी के अनुसार बिक्री कारोबार के आधार पर विचाराधीन उत्पाद को आबंटित किए जाएं। याचिकाकर्ता कोसंबद्ध देशों से आ रहे पाटित आयातों के कारण कम-इष्टतम कीमतों पर विचाराधीन उत्पाद की बिक्री करने के लिए मजबूर किया जा रहा है और इसीलिए संबद्ध सामानों का कारोबार

पहले ही न्यूनीकृत है तथा प्रशासनिक व्ययों, वित्तीय लागत और बिक्री तथा वितरण व्ययों का कम हिस्सा विचाराधीन उत्पाद को आबंटित किया गया है। इष्टतम क्षमता के आधार पर इन व्ययों का नियामन इन खर्चों को कम कर रहा है और घरेलू उद्योग को जुर्माना दे रहा है। अतः यह अनुरोध है कि प्राधिकारी एनआईपी के परिकलन के लिए जांच की अवधि के दौरान किए गए वास्तविक खर्च पर विचार करें।

(घ) एनआईपी के परिकलन के लिए वास्तविक कच्ची सामग्री खपत पर विचार किया जाना चाहिए।

छ.2. <u>विभिन्न अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुरोध</u>

115. क्षति और कारणात्मक संपर्क के संबंध में निर्यातकों, आयातकों, प्रयोक्ताओं और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किये गये हैं:

(क) भारत विश्व में स्वच्छ उर्जा के अपने हिस्से में वृद्धि करने के लिए सबसे बड़ा नवीकरणीय क्षमता विस्तार कार्यक्रम शुरू कर रहा है। इस विजन के आधार पर राष्ट्रीय सोलर मिशन 2010 में आरंभ किया गया था जिसका लक्ष्य 2022 तक 20,000 मेगावाट ग्रिड से जुड़ी सौर उर्जा तैनात करना है। विभिन्न राज्यों ने भी सौर उर्जा के माध्यम से बिजली के उत्पादन वृद्धि करने के लिए नीतियां/दिशानिर्देश बनाये हैं। पाटनरोधी शुल्क लगाये जाने से सौर उर्जा विकासकर्ता को गंभीर हानि होगी और यह राज्य में सौर उर्जा के विकास के लिए हानिकारक होगा और भारत सरकार की नीति के विरुद्ध होगा और यह भारत में सौर उर्जा के विकास को भी बाधित करेगा।

(ख) आवेदक भारतीय उद्योग की मांग को पूरा करने में असमर्थ है क्योंकि एल्युमीनियम-जिंक/गेल्वालूम के अधिकतर स्वदेशी उत्पादकों की अपनी निजी कैप्टिव प्री-प्रिंटिंग लाइनें हैं और मुश्किल से ही कोई एल्युमीनियम-जिंक कोटेड कॉइल कलरशाइन जैसे प्री-प्रिंटेड उत्पादकों के लिए उपलब्ध थीं।

(ग) भारतीय उत्पादक भारतीय उद्योग की मांग को पूरा करने के लिए संबद्ध सामानों की आपूर्ति करने में असमर्थ थे। इसके अतिरिक्त, संबद्ध सामानों की मांग भारत में बढ़ रही थी क्योंकि कलर कोटेड कॉइलों/शीटों का उत्पादन करने की आवश्यकता थी जिन पर पहले ही दिनांक 30 अगस्त, 2017 के अंतिम जांच परिणाम 14/28/2016-डीजीएडी द्वारा पाटनरोधी शुल्क लगाए गए थे।

(घ) आवेदक संबद्ध सामानों के अन्य भारतीय उत्पादकों/अंतिम प्रयोक्ताओं को समय पर सामग्री प्रदान करने में असमर्थ था। इसके अतिरिक्त, आवेदक द्वारा आपूर्ति किया गया उत्पाद कई कारणों से गुणवत्ता में घटिया था।

(ङ) निचले स्तर के उद्योग के विकास के कारण भारतीय बाजार में मांग में वृद्धि की मांग के कारण आयात बढ़े हैं न कि पाटन के कारण। इससे घरेलू उद्योग पर किसी प्रकार का मात्रात्मक दबाव नहीं पड़ा है। अधिकतर उत्पादन, जो उत्तरदाताओं ने दावा किया है, आवेदकों द्वारा कलर कोटेड शीटों के उत्पादन के लिए कैप्टिव रूप से प्रयुक्त किया गया था, जैसा कि आधार वर्ष से जांच की अवधि तक तेज वृद्धि द्वारा दर्शाया गया है। आयात केवल भारत में मांग आपूर्ति अंतराल को पूरा करने के लिए किए जा रहे था न कि घरेलू उद्योग को क्षति पहुँचाने के लिए।

(च) यह भी अनुरोध किया गया था कि आयातों में वृद्धि के बावजूद घरेलू उद्योग और अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री भी जांच की अवधि के दौरान काफी बढ़ी।

(छ) घरेलू उद्योग की बिक्री लागत, घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत और संबद्ध देशों से पहुँच कीमत में आधार वर्ष से जांच की अवधि तक वृद्धि हुई थी। उत्तरदाताओं ने इसके लिए प्राथमिक जांच परिणामों में सूचना का संदर्भ दिया।

(ज) कीमत कटौती के संबंध में पक्षकारों ने अनुरोध किया कि यह निर्धारण का आधार नहीं बनता और इसे अलग से नहीं देखा जाना चाहिए। इसे घरेलू उद्योग के समग्र निष्पादन के आलोक में देखा जाना चाहिए कि क्या उस कीमत कटौती से घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हो रही है।

(झ) घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है क्योंकि घरेलू उद्योग के समग्र आर्थिक निष्पादन में सुधार हुआ है। उत्तरादाता ने यह भी अनुरोध किया कि वर्ष 2016-17 और 2017-18 के दौरान प्रवृत्तियां असामान्य प्रवृत्तियां दर्शा रही थी, अतः जांच की अवधि की तुलना आधार वर्ष 2015-16 से की जाएगी।

(ञ) आवेदक का क्षमता उपयोग क्षति की अवधि के दौरान बढ़ा था। विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन बढ़ा था जबकि गैर विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन में काफी कमी आई थी जिससे आवेदकों का समग्र निष्पादन प्रभावित हुआ था और परिणामस्वरूप हानियां हुई थीं।

(ट) प्राधिकारी इस तथ्य पर विचार करने में विफल रहे कि अन्य उत्पादकों का निष्पादन घरेलू उद्योग को क्षति की जांच करते समय कंपनी के निष्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

(ठ) कैप्टिव खपत आधार वर्ष से जांच की अवधि तक और जांच की अवधि के दौरान काफी बढ़ी थी। आपूर्ति की कमी तथा आयातों में वृद्धि का यही कारण था।

(ड) याचिका में और प्राथमिक जांच परिणामों में दायर आंकड़ों के बीच विसंगतियां थीं। याचिका के अनुसार जांच की अवधि के दौरान लाभप्रदता नकारात्मक थी जबकि प्राथमिक जांच परिणामों में वह लाभों में परिवर्तित हो गई थी। उत्तरदाता ने इस तथ्य के आलोक में हानियों के लाभों में इस परिवर्तन पर प्रश्न उठाया है कि घरेलू उद्योग के क्षेत्र में कोई परिवर्तन नहीं थे और अनुरोध किया कि यदि घरेलू उद्योग द्वारा दायर आंकड़ों में कोई परिवर्तन थे तो वे उन्हें उपलब्ध कराए जाने चाहिए थे।

(ढ) नियोजित पूंजी पर आय में आधार वर्ष के दौरान से जांच की अवधि के दौरान काफी वृद्धि हुई।

(ण) आधार वर्ष के दौरान से जांच की अवधि के दौरान तक कर्मचारियों की संख्या में काफी वृद्धि हुई थी। उसी अवधि के दौरान मजदूरी में वृद्धि हुई थी। उत्पादकता जांच की अवधि के दौरान सकारात्मक प्रवृत्ति दर्शा रही थी।

(त) यह अनुरोध किया गया था कि घरेलू उद्योग को कोई भी क्षति संबद्ध देशों से आयातों को छोड़कर अन्य कारकों के कारण है। आवेदक को क्षति के कारणों के लिए अपनी पूरी आपूर्ति श्रृंखला की जांच करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, गैर विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन और बिक्री में गिरावट से भी घरेलू उद्योग का निष्पादन प्रभावित हुआ था।

(थ) पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से आवेदक का एकाधिकार स्थापित होगा और सार्वजनिक हित के विरुद्ध होगा। इसके अतिरिक्त, आवेदक घरेलू उद्योग ने उत्पाद की कीमत में हेरफेर करने में आसानी से सक्षम होगा और साथ ही एकाधिकारी लाभ अर्जित करने के लिए अनुप्रयुक्त रूप से कीमत बढ़ाने की अधिक संभावना भी होगा।

(द) आवेदक विचाराधीन उत्पाद और गैर विचाराधीन उत्पाद, दोनों का उत्पादन उसी एक ही उत्पादन परिसर में करते हैं। उसने यह भी अनुरोध किया कि जांच की अवधि में 65 प्रतिशत तक विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन गैर विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन में गिरावट के कारण 15 प्रतिशत की संयुक्त वृद्धि तक कम किया गया था। गैर विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन विचाराधीन उत्पाद से काफी अधिक था और इसीलिए गैर विचाराधीन उत्पाद की 8 प्रतिशत गिरावट 15 प्रतिशत तक संयुक्त वृद्धि में कम की गई। विचाराधीन उत्पाद गैर विचाराधीन उत्पाद के साथ कुल संयुक्त उत्पादन का केवल लगभग 25 प्रतिशत है। अतः अनुरोध है कि क्षमता उपयोग प्रवृत्ति, जो केवल 2 प्रतिशत तक बढ़ी थी, गैर विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन में गिरावट के कारण थी। दूसरी ओर, विचाराधीन उत्पाद की घरेलू बिक्री 70 प्रतिशत तक बढ़ी थी जो बेहतर क्षमता उपयोग दर्शाती है।

(ध) प्राधिकारी के प्राथमिक जांच परिणाम में यह मानने के संबंध में कि उत्पादकता पूरी क्षति जांच अवधि तथा जांच की अवधि में स्थिर रही है, उत्तरदाता सभी प्रचालनों पर विचार करते हुए कंपनी के लिए सूचना पर विचार कर उत्पादकता की जांच करने की प्राधिकारी की पद्धति से असहमत हुए। उत्तरदाता ने इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया कि उत्पादकता में गिरावट

आधार वर्ष से जांच की अवधि तक आवेदक के संगत सामानों की निर्यात बिक्री और गैर विचाराधीन उत्पाद के सामानों के उत्पादन, दोनों में गिरावट के कारण थी। संबद्ध सामानों का उत्पादन उसी अवधि के दौरान काफी बढ़ा था और इसीलिए संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों के आयात तथा उत्पादकता में गिरावट के बीच कोई कारणात्मक संपर्क नहीं था।

(न) कीमत न्यूनीकरण के संबंध में उत्तरदाताओं ने उल्लेख किया कि यदि घरेलू उद्योग की वसूली क्षति रहित कीमत से अधिक है तो कीमत न्यूनीकरण का प्रश्न बिल्कुल भी नहीं उठता। उन्होंने अपने दावे के समर्थन में यूरोपीय संघ से एक्स-रे बैगेज इंस्पेक्शन मल्टी एनर्जी सिस्टम (एक्सबीआईएस) (फा. सं. 14/12/2002-डीजीएडी, दिनांक 14 अक्तूबर, 2003) के मामले का उल्लेख किया है। उन्होंने दावा किया कि घरेलू उद्योग का एनएसआर वर्तमान मामले में एनआईपी से काफी अधिक था। उत्तरदाताओं ने कई मामलों का उल्लेख किया जिनमें प्राधिकारी ने पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की सिफारिश नहीं की थी जिनमें काफी पाटन मार्जिन, क्षति मार्जिन और हानि में वृद्धि के बावजूद एनएसआर एनआईपी से अधिक पाया गया था।

(प) वियतनाम से संबद्ध सामानों के आयातों का संचयी मूल्यांकन नियमावली के अनुबंध-2 के पैरा (iii) के खंड (ख) के अनुसार उपयुक्त नहीं था क्योंकि चीन से आयातों के पहुँच मूल्य में 2016-17 से जांच की अवधि के दौरान गिरावट आई जबकि वियतनाम से संबद्ध सामानों के पहुँच मूल्य में उसी अवधि के दौरान काफी वृद्धि हुई।

(फ) आवेदक द्वारा डीजीसीआईएंडएस के आयात आंकड़ों को अलग करना गलत और भ्रामक था क्योंकि आवेदक ने सहायक कॉइलों को नियमित उत्पाद के रूप में दोषपूर्ण माना था। सहायक उत्पाद की कीमत नियमित उत्पाद की कीमत से कम से कम 10-15 प्रतिशत कम थी। अतः सहायक/दोषपूर्ण उत्पाद को शामिल करना उपयुक्त नहीं है क्योंकि उसे शामिल करने से क्षति विश्लेषण प्रभावित होगा क्योंकि तुलनीय लेन-देन हुए हैं।

(ब) उत्तरादाता ने निम्नलिखित तथ्यों के कारण लागत में असामान्य तथा कृत्रिम वृद्धि को समायोजित करने के बाद एनआईपी का परिकलन करने का अनुरोध किया:

i. जांच की अवधि के दौरान क्षमता में वृद्धि के कारण लागत में वृद्धि।

ii. गैर विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन में काफी गिरावट के कारण संबंधित उत्पाद को सामान्य लागत का अधिक आबंटन।

iii. जांच की अवधि के दौरान मजदूरी तथा लागत में ब्याज में असामान्य वृद्धि।

(भ) यह अनुरोध किया गया था कि भारत में 2018 में इस्पात का प्रति व्यक्ति उपयोग दक्षिण कोरिया, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ में प्रति व्यक्ति उपयोग से काफी कम था। ऐसी परिस्थितियों में उत्तरदाता ने अनुरोध किया कि पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से प्रयोक्ता उद्योग के हित तथा "मेक इन इंडिया" पहल प्रतिकूल रूप से प्रभावित होगी।

(म) उत्तरदाताओं ने यह भी अनुरोध किया कि आवेदक ने मालसूची में परिवर्तनों तथा अन्य आय गलत समायोजित की है। मालसूची में परिवर्तन बेचे गए सामानों की लागत में पहले ही दर्शा दिए गए थे। अतः कर पूर्व लाभ से दूसरी कटौती से दोगुनी कटौती होगी। जबकि कर पूर्व लाभ से अन्य आय की कटौती लाभ/हानि का परिकलन करने के लिए असंगत होगी क्योंकि "अन्य व्यय" को निवल लाभ के परिकलन के लिए "व्यय" के रूप में पहले ही माना गया है। अतः आवेदक का यह आरोप कि "पोस्को के संबद्ध आयातक को पोस्को इंडिया होल्डिंग वित्तीय विवरण के आधार पर हानि हुई", गलत और असंगत है।

(य) विद्युत वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) सौर उर्जा की अंतिम खरीददार के रूप में यह संकेत दिया है कि वे कम कीमत पर ही सौर उर्जा खरीदेंगे। हालांकि, आसन्न शासनरोधी शुल्कों के कारण, प्रत्येक होल्डर डिस्कोम को कम प्रशुल्कदेने में सक्षम नहीं होंगे। इसके परिणामस्वरूप पाटनरोधी शुल्क

लगाये जाने से विकासकर्ताओं और अंतिम उपभोक्ताओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पाटनरोधी शुल्क के विकल्प के रूप में, सरकार आवेदक को कम ब्याज ऋण उपलबध कराने पर विचार कर सकती है। यह उन्हें वैश्विक अवसर पर प्रतिस्पर्धी बनाकर घरेलू उद्योग के लिए उपयोगी सिद्ध होगा क्योंकि इस प्रकार के सहयोग विभिन्न देशों द्वारा अपने घरेलू उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए दिया जा रहा है।

(कक) परियोजना विकासकर्ता और डिस्कोम ने अनेक विद्युत खरीद करार किये हैं जहां विद्युत प्रशुल्क बिक्री नीलामी प्रक्रिया के द्वारा तय किया गया है। इस प्रकार की परियोजनाओं के लिए संबद्ध वस्तुओं का आयात शिपमैंट के अधीन किया जा रहा है और अभी आरंभ होने वाला है और पाटनरोधी शुल्क लगाने से इस प्रक्रिया पर प्रभाव पड़ेगा। अनुमानित लागत पर परियोजना को पूरा करने और सहमत शुल्क पर बिजली उपलब्ध कराने के लिए विकासकर्ताओं की क्षमता पर पाटनरोधी शुल्क लगाने से प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पाटनरोधी शुल्क लगाने से वर्तमान शुल्क पर सौर उर्जा का उपयोग करने वाले ग्रामीण आबादी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और इस प्रकार से ग्रामीण विद्युतीकरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

(खख) यह आवेदन किसी क्षति को सिद्ध नहीं कर पाता है जो पाटनरोधी शुल्क लगाये जाने के लिए एक आवश्यक शर्त है। आवेदक ने अलग अलग प्रयोक्ताओं के साथ अलग अलग उत्पादों को मिलाकर एकमात्र श्रेणी में रख दिया है लेकिन क्षति का विश्लेषण करने के लिए इसे असंभव बनाते हुए प्रत्येक उत्पाद श्रेणी पर अलग अलग क्षति संबंधी आंकड़े उपलब्ध नहीं कराये हैं।

(गग) इसके अलावा, आवेदक और अन्य निर्माताओं की घरेलू बिक्री में आने वाले वर्षों क्षति की अवधि और जांच की अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। आयातों में भी वृद्धि हुई है और नियोजित पूंजी के अलावा सूचीबद्ध लाभ संबंधी आंकड़ों जिन्हें आवेदन में प्रकट किया गया है, यह दर्शाता है कि आज भी लाभ आधार वर्ष 2015-16 की तुलना में अधिक है।

(घघ) चूंकि बिक्री और लाभ आवेदक और अन्य निर्माताओं के लिए सतत् रूप से बढ़ रहा है, यह कहा जा सकता है कि यह उद्योग पाटित आयातों के द्वारा स्वभाविक नहीं हुआ है। इसके अलावा, अन्य कंपनियां जो घरेलू उद्योग हैं, ने इस आवेदन का समर्थन नहीं किया है जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हो रही है।

(ङङ) क्षति और विचाराधीन उत्पाद के आयात के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं है। सतत् रूप से, आवेदक और अन्य निर्माताओं के लिए बढ़ती हुई बिक्री यह दर्शाती है कि पाटन आवेदक के उत्पादों को प्रभावित नहीं कर रहा है और इस कारण से क्षति को उपर्युक्त उत्पादों के आयात के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। संस्थापित क्षमता, निवेश और अन्य वास्तविक व्यापार संबंधी निर्णय जो क्षति का आकलन करने के लिए महत्वपूर्ण कारक है, को प्रकट नहीं किया गया है।

छ. 2.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रकटन पश्चात अनुरोध</u>

116. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रकटन पश्चात अनुरोध निम्नलिखित हैं:

क) याचिका में दायर तथा प्राथमिक जांच परिणामों में रिकार्ड किए गए आंकड़ों में असंगतता है। याचिका में लाभप्रदता नकारात्मक थी, परंतु प्राथमिक जांच परिणाम में सकारात्मक है।

ख) सूचना भी बिक्री लागत, बिक्री कीमत, लाभ एवं हानि, नकद लाभ, नियोजित पूंजी, आरओसीई, रोजगार, उत्पादकता तथा मालसूची के संबंध में प्रकटन विवरण में बहुत ज्यादा परिवर्तित है।

ग) शुल्क लगाए जाने के बाद उत्पाद के आयात गैर अर्थक्षम हो जाएंगे तथा भारत में संबद्ध सामानों की उपलब्धता पहले ही एक समस्या है। कई एकल प्रसंस्करणकर्ता, जिनकी कच्ची सामग्री एल्युमीनियम जिंक कोटेड कॉइल है, भारी कमी के कारण भारत में विभिन्न विनिर्माताओं से सामग्री खरीदने में असमर्थ हैं। ये एकल प्रसंस्करणकर्ता 25-30 प्रतिशत क्षमता पर अपने कारखाने चला रहे हैं और अनुपलब्धता के कारण उन्हें हानियां हो रही हैं।

घ) घरेलू उद्योग विचाराधीन उत्पाद की कीमतें बढ़ाएगा और इससे विचाराधीन उत्पाद की वृद्धि की प्रवृत्ति में वृद्धि होगी।

छ.3. <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

117. प्राधिकारी ने प्रकटन पश्चात अनुरोधों सहित जांच प्रक्रिया के दौरान घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये अनुरोधों पर विचार किया है तथा विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये अनुरोधों पर विधिवत विचार करने के बाद नियमावली के अनुसार विभिन्न मानदंडों की जांच की है।

118. हितबद्ध पक्षकारों के इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग का एनएसआर एनआईपी से अधिक है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा दिए गए आंकड़ों/ सूचना का उचित सत्यापन तथा जांच करने के बाद घरेलू उद्योग के लिए निर्धारित एनआईपी घरेलू उद्योग के एनएसआर से अधिक है।

119. यह तर्क कि प्राधिकारी द्वारा जारी प्रकटन विवरण तथ्यों को गलत मानने के आधार पर है तथा कानून में इसका कोई औचित्य नहीं है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि जो अनिवार्य तथ्य इस जांच प्रक्रिया के दौरान उभरे, उनके लागू कानून से विश्लेषण किये गये थे और आवश्यक समझी गई सीमा तक सत्यापनीय साक्ष्य से मिला दिये गये थे तथा हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट किये गये थे। इस जांच प्रक्रिया के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों की संगत समझी गई सीमा तक जांच की गई है और इस जांच परिणाम में उन्हें हल किया गया है।

120. याचिका तथा प्रकटन विवरण में घरेलू उद्योग के आंकड़ों में विसंगतियों के संबंध में यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी ने अंतिम जांच परिणाम में अंतिम सत्यापित आंकड़ों के आधार पर घरेलू उद्योग के आंकड़ों पर विचार किया है।

<u>संचयी मूल्यांकन</u>

121. नियमावली के अनुबंध-II के पैरा (iii) में यह उपबंध है कि यदि एक से अधिक देश से किसी उत्पाद के हुए आयात के साथ-साथ पाटनरोधी जांच की जा रही है तो प्राधिकारी उस स्थिति में ऐसे आयातों के प्रभाव का संचयी निर्धारण करेंगे जब वह यह निर्धारित करें कि:-

क) प्रत्येक देश से आयातों के संबंध में पुष्टिकृत पाटन मार्जिन निर्यात कीमत के प्रतिशत के रूप में व्यक्त दो प्रतिशत से अधिक है और प्रत्येक देश से हुए आयात की मात्रा समान वस्तु के आयात की मात्रा की 3 प्रतिशत से कम है वहां संचयी रूप से आयात समान वस्तु के आयात के साथ सबसे अधिक बनता है; तथा

ख) आयातित वस्तु एवं समान घरेलू वस्तुओं के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थितियों के मद्देनजर आयातों के प्रभाव का संचयी आकलन उचित है।

122. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि:

क) संबद्ध वस्तुओं का पाटन भारत में संबद्ध देशों से किया जा रहा है। संबद्ध देशों में से प्रत्येक देश से पाटन का मार्जिन इस नियमावली के अंतर्गत निर्धारित न्यूनतम सीमाओं से अधिक है।

ख) संबद्ध देशों में से प्रत्येक देश से आयातों की मात्रा अलग अलग रूप में आयातों की कुल मात्रा का 3 प्रतिशत से अधिक है।

ग) आयातों के प्रभावों का संचयी आकलन उपयुक्त है क्योंकि संबद्ध देशों से आयात न केवल प्रत्यक्ष रूप से आपस में प्रतिस्पर्धा करते हैं बल्कि भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग पेशकश की जा रही समान वस्तुओं से भी प्रतिस्पर्धा करते हैं।

123. उपर्युक्त को देखते हुए, प्राधिकारी यह मानते हैं कि संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के आयातों से संचयी रूप से क्षति का आकलन करना उपयुक्त है।

124. नियमावली के अनुबंध-II के साथ पठित नियम 11 में यह प्रावधान है कि क्षति के निर्धारण में "... पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर इस प्रकार के आयातों का परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत तथ्यों पर विचार करते हुए ..." घरेलू उद्योग की क्षति को दर्शाते वाले कारकों की जांच शामिल होगी। पाटित आयातों की मात्रा की जांच करते हुए, प्राधिकारी इस बात पर विचार करेंगे कि क्या पाटित आयातों में पूर्ण दृष्टि से अथवा भारत में उत्पादन या खपत के संबंध में काफी वृद्धि हुई है। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय, इस बात की जांच करना आवश्यक माना गया है कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा कीमत में बहुत अधिक कटौती हुई है अथवा यह कि क्या इस प्रकार के आयातों के प्रभाव से अन्यथा कीमतों का बहुत अधिक मात्रा में ह्रास होता अथवा कीमत में वृद्धि रूक जाती जो अन्यथा बहुत अधिक मात्रा में हुई होती। भारत में घरेलू उद्योगों पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए, इन सूचकांकों जिनका उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता हो जैसे उत्पादन, क्षमता का उपयोग, बिक्री की मात्रा, माल भंडार, लाभप्रदत्ता, निवल बिक्री प्राप्ति, पाटन का आकार और मार्जिन आदि पर विचार नियमावली के अनुबंध-II के अनुसार किया गया है।

125. घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा क्षति एवं कारणात्मक संबंध जिन्हेंप्राधिकारी द्वारा संगत माना गया है, के संबंध में जांच की अवधि के दौरान किये गये अनुरोधों की जांच और उसका समाधान नीचे दिये गये अनुसार किया गया है:

छ.3.1 <u>घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों की मात्रा संबंधी प्रभाव</u>

(क) <u>मांग/स्पष्ट खपत का आंकलन</u>

126. प्राधिकारी ने सभी स्रोतों से आयातों और भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्री के योग के रूप में भारत में इस उत्पाद की मांग अथवा स्पष्ट खपत पर वर्तमान जांच के उद्देश्य से विचार किया है। इस प्रकार से आकलित मांग नीचे तालिका में दी गई है:

विवरण	इकाई	2015-16	2016-17	2017-18	जांच की अवधि (अक्टू. 17 से सितं. 18)
घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री	मी. टन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	119	141	169
अन्य उत्पादकों की घरेलू बिक्री	मी. टन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	104	142	142
संबद्ध देशों से आयात	मी. टन	18,220	34,721	1,45,805	2,09,676
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	191	800	1,151
अन्य देशों से आयात	मी. टन	1,728	1,448	4,278	8,517
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	84	248	493
मांग (मी. टन) (कैप्टिव खपत को छोड़कर)	मी. टन	***	***	***	***

प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	117	193	235
आवेदक का कैप्टिव खपत	मी. टन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	106	147	156
मांग (मी. टन) (आवेदक की कैप्टिव खपत सहित)	मी. टन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	**100**	**111**	**167**	**190**

127. उपर्युक्त तालिका से यह नोट किया जाता है कि संबंधित उत्पाद की मांग में 2015-16 से जांच की अवधि तक व्याप्त रूप से वृद्धि (135 सूचीबद्ध अंक) हुई है। मांग में वृद्धि से, घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में केवल69सूचकांक तक ही वृद्धि हुई जबकि संबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद की आयात मात्रा में उसी अवधि के दौरान 1051 सूचीबद्ध अंकों तक पर्याप्त रूप से वृद्धि हुई है। इस प्रकार से यह नोट किया जाता है कि मांग में प्राय: समग्र वृद्धि पर संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों के आयातों द्वारा कब्जा कर लिया गया है।

(ख) <u>संबद्ध देशों से आयात की मात्रा</u>

128. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी से यह अपेक्षित है कि वे इस पर विचार करें कि क्या भारत में उत्पादन अथवा खपत की तुलना में अथवा स्वतंत्र रूप में संबद्ध देशों से पाटित आयातों में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। क्षति के विश्लेषण के उद्देश्य से, प्राधिकारी ने डी जी सी आई एंड एस से लिये गये आयात संबंधी आंकड़ों पर विश्वास किया है। संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों की मात्रा का विश्लेषण नीचे दिये गये अनुसार किया गया है:

विवरण	**यूनिट**	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**जांच की अवधि (अक्टू. 17 से सितं. 18)**
चीन जन. गण.	मी. टन	2,075	375	51,575	43,370
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	18	2,486	2,090
कोरिया गणराज्य	मी. टन	16,146	34,346	56,443	79,304
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	213	350	491
वियतनाम	मी. टन	0	0	37,787	87,003
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-	-	100	230
संबद्ध देशों से कुल आयात	मी. टन	18,220	34,721	1,45,805	2,09,676
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	191	800	1,151
अन्य देशों से आयात	मी. टन	1,728	1,448	4,278	8,517
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	84	248	493
कुल आयात	मी. टन	19,948	36,169	1,50,083	2,18,193
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	181	752	1,094

129. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के पाटित आयातों में स्वतंत्र रूप में जांच की अवधि के दौरान 2015-16 में 18,220 मी. टन से जांच की अवधि में 2,09,676 मी. टन तक वृद्धि हुई है।

(ग) <u>सापेक्ष रूप में संबद्ध देश का आयात</u>

विवरण	इकाई	2015-16	2016-17	2017-18	जांच की अवधि (अक्टू. 17 से सितं. 18)
घरेलू उद्योग के कुल उत्पादन की तुलना में संबद्ध देशों से पाटित आयात	%	***	***	***	***
रेंज	%	0-5	5-10	15-20	25-30
भारत में मांग की तुलना में संबद्ध देशों से पाटित आयात	%	***	***	***	***
रेंज	%	5-10	10-15	30-35	35-40

130. यह नोट किया जाता है कि पाटित आयातों में आधार वर्ष और पिछले वर्षों की तुलना में जांच की अवधि में उत्पादन और मांग की तुलना में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। संबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद के आयातों में 2015-16 में घरेलू उद्योग के उत्पादन की तुलना में 0-5 प्रतिशत से लेकर 25-30 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है जबकि संबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद के आयातों में 2015-16 में 5-10 प्रतिशत से जांच की अवधि में 35-40 प्रतिशत तक भारत में खपत की तुलना में वृद्धि हुई है।

(घ) <u>मांग में बाजार हिस्सा</u>

131. यह नोट किया जाता है कि मांग में संबद्ध आयातों के बाजार हिस्से में आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में 2015-16 के दौरान 45 से 50 प्रतिशत से जांच की अवधि के दौरान 30 से 35 प्रतिशत तक बहुत अधिक गिरावट आई है जबकि संबद्ध देशों से आयातों के बाजार हिस्से में उसी अवधि के दौरान 5 से 10 प्रतिशत से लेकर 35 से 40 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से पर संबद्ध देशों से आयातों द्वारा आक्रामक रूप से कब्जा कर लिया गया है।

विवरण	इकाई	2015-16	2016-17	2017-18	जांच की अवधि (अक्टू. 17 से सितं. 18)
घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री	मी. टन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	119	141	169
अन्य उत्पादकों की घरेलू बिक्री	मी. टन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	104	142	142
संबद्ध देशों से आयात	मी. टन	18,220	34,721	1,45,805	2,09,676
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	191	800	1,151
अन्य देशों से आयात	मी. टन	1,728	1,448	4,278	8,517
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	84	248	493
मांग (मी. टन) (कैप्टिव खपत को छोड़कर)	मी. टन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	117	193	235
आवेदक का कैप्टिव खपत	मी. टन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	106	147	156

मांग (मी. टन) (आवेदक का कैप्टिव खपत सहित)	मी. टन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	111	167	190
आवेदक का हिस्सा	%	46	47	34	33
रेंज	%	45-50	45-50	30-35	30-35
अन्य उत्पादकों का हिस्सासा	%	45	40	33	27
रेंज	%	45-50	35-40	30-35	25-30
संबद्ध देशों का हिस्सा	%	8	13	32	38
रेंज	%	5-10	10-15	30-35	35-40
अन्य देशों का हिस्सा	%	1	1	1	2
रेंज	%	0-5	0-5	0-5	0-5

छ.3.2 आयातों का कीमत संबंधी प्रभाव

घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का कीमत संबंधी प्रभाव

132. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी से यह अपेक्षित है कि वे इस पर विचार करें कि क्या भारत में समान उत्पादों की कीमत से तुलना किये जाने पर पाटित आयातों द्वारा कीमत में बहुत अधिक कटौती की गई है अथवा क्या इस प्रकार के आयातों के प्रभाव से अन्यथा बहुत अधिक मात्रा में कीमतों पर दबाव पड़ेगा अथवा कीमत में वृद्धि रुक जायेगी जो अन्य प्रकार से काफी हद तक बढ़ गई होती। घरेलू उद्योग की कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच कीमत में कटौती कीमत, कम कीमत पर बिक्री, न्यूनीकरण और कीमत ह्रास, यदि कोई हो के संदर्भ में की गई है। इस विश्लेषण के उद्देश्य से, घरेलू उद्योग की उत्पादन की लागत, निवल बिक्री प्राप्ति (एन एस आर) और क्षति रहित कीमत (एन आई पी) की तुलना संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के आयातों की पहुंच कीमत से की गई है।

(ङ) कीमत में कटौती

133. इस बात का निर्धारण करने के उद्देश्य से की क्या आयातों के कारण बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती हो रही है, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति के आयातों की पहुंच कीमत की तुलना की है। घरेलू उद्योग की निवल बिक्री कीमत की गणना करते समय सभी करों, छूट, बट्टे और कमीशन की कटौती की गई है और एक्स वर्क्स स्तर पर बिक्री प्राप्ति का निर्धारण पाटित आयातों के पहुंच मूल्य से तुलना के लिए की गई है।

कीमत में कटौती	इकाई	चीन जन. गण.	वियतनाम	कोरिया गणराज्य
पहुंच मूल्य	रु./ मी. टन	50,918	54,828	57,121
घरेलू बिक्री कीमत	रु./ मी. ट	***	***	***
कीमत में कटौती	रु./ मी. ट	***	***	***
कीमत में कटौती	एल वी का %	***	***	***
कीमत में कटौती	रेंज	0-10	0-10	(0-10)

134. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कोरिया गणराज्य को छोड़कर, संबद्ध सामानों की पहुंच कीमतें घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम थीं जो अन्य संबद्ध देशों अर्थात चीन जन. गण. और वियतनाम से पाटित आयातों से हो रही काफी कीमत कटौती दर्शाती हैं। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि कोरिया गणराज्य से इस तथ्य के कारण कीमत कटौती नकारात्मक है कि कोरिया गणराज्य के निर्यातक भारत को संबद्ध सामानों का निर्यात उच्च कीमत पर करते हैं और उनके संबद्ध पक्षकार संबद्ध सामानों की बिक्री हानि पर करते हैं। अतः

डीजीसीआईएंडएस के आयात आंकड़ों में रिकार्ड की गई आयात कीमत भारतीय बाजार में कोरियाई निर्यातकों की वास्तविक विद्यनाम कीमत नहीं दर्शा रही हैं।

(च) <u>कीमत ह्रास और न्यूनीकरण</u>

135. इस तथ्य का निर्धारण के उद्देश्य से कि क्या पाटित आयातों के कारण घरेलू कीमतों का न्यूनीकरण हो रहा है अथवा इसमें ह्रास हो रहा है और क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से कीमतों पर बहुत अधिक मात्रा में दबाव पड़ता अथवा कीमत में वृद्धि रूक जायेगी जो अन्य प्रकार से बहुत अधिक मात्रा में हुई होती, प्राधिकारी ने क्षति की अवधि की तुलना में लागतों और कीमतों में परिवर्तन पर विचार किया।

विवरण	इकाई	2015-16	2016-17	2017-18	जांच की अवधि (अक्टू. 17-सितं. 18)
बिक्री की लागत	रु./ मी. ट	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	105	123	135
बिक्री की कीमत	रु./ मी. ट	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	112	123	129
पहुंच मूल्य	रु./ मी. ट	43,053	47,963	48,444	54,886
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	111	113	127

136. घरेलू बाजार में संबद्ध वस्तुओं की बिक्री कीमत में क्षति की अवधि के दौरान गिरावट नहीं आई है। इस प्रकार से, घरेलू उद्योग को कीमत न्यूनीकरण नहीं हुआ है।

137. उपर्युक्त तालिका से यह भी नोट किया जाता है कि संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के आयात उन कीमतों पर हो रहे थे जो 2016-17 तक घरेलू उद्योग की बिक्री की कीमत से अधिक थी। 2017-18 के आगे से, संबद्ध देशों से आयातों ने भारत में घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत की तुलना में बहुत अधिक कम कीमतों पर शुरू हुआ है। इसके कारण, घरेलू उद्योग बिक्री की लागत में वृद्धि के अनुरूप अपनी कीमतों में वृद्धि न करने के लिए बाध्य हो गये हैं और इसके कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है जब घरेलू उद्योग जांच की अवधि के दौरान बिक्री की लागत के लगभग समान स्तर पर बेचने के लिए बाध्य हो गया है और अंत: इसके कारण घरेलू उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

(छ) <u>कम कीमत पर बिक्री</u>

138. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग द्वारा की जा रही कम कीमत पर बिक्री की भी जांच नीचे दिए गए अनुसार की है:

कम कीमत पर बिक्री	इकाई	चीन जन. गण.	वियतनाम	कोरिया गणराज्य
पहुंच मूल्य	रु./ मी. ट	50,918	54,828	57,121
एन आई पी	रु./ मी. ट	***	***	***
क्षति मार्जिन	रु./ मी. ट	***	***	***
क्षति मार्जिन	एलवी का %	***	***	***
रेंज	%	10-20	0-10	(0-10)

139. घरेलू उद्योग की क्षति रहित कीमत (एन आई पी) का निर्धारण और उसकी तुलना संबद्ध वस्तुओं की पहुंच मूल्य (डी जी सी आई एंड एस के अनुसार) से की गई है ताकि कम कीमत पर बिक्री की सीमा का पता लगाया जा सके। विचाराधीन उत्पाद का क्षति रहित मूल्य का निर्धारण इस नियमावली के अनुबंध-III में उल्लिखित सिद्धांतों के आधार पर जांच की अवधि के लिए उत्पादन की लागत से संबंधित सत्यापित सूचना/आंकड़ों को अपनाकर किया गया है। यह विश्लेषण दर्शाता है कि जांच की अवधि के दौरान, संबद्ध आयातों का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की क्षति रहित कीमत से कम था जिसे उपर्युक्त तालिका से देखा जा सकता है और यह कम कीमत पर बिक्री के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। उपर्युक्त तालिका से यह नोट किया जाता है कि जांच की अवधि के दौरान संबद्ध देशों से कम कीमत पर कोरिया गणराज्य को छोड़कर बिक्री सकारात्मक है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि कोरिया गणराज्य से कम कीमत पर बिक्री इस तथ्य के कारण नकारात्मक है कि कोरिया गणराज्य के निर्यातक भारत को संबद्ध सामानों का निर्यात उच्च कीमत पर करते हैं और उनके संबद्ध पक्षकार फिर संबद्ध सामानों की पुनः बिक्री हानि पर करते हैं। अतः डीजीसीआईएंडएस के आयात आंकड़ों में रिकार्ड की गई आयात कीमत भारतीय बाजार में कोरियाई निर्यातकों की वास्तविक विद्यमान कीमत नहीं दर्शा रही है।

छ.3.3 <u>घरेलू उद्योग का आर्थिक मानदंड</u>

140. नियमावली के अनुबंध-II में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में समान उत्पाद के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की तथ्यपरक जांच शामिल होगी। इस प्रकार के उत्पादों का घरेलू उत्पादकों पर पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव के संबंध में, नियमावली में आगे यह प्रावधान है कि कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में समस्त संगत आर्थिक कारकों और सूचकांकों जिसका घरेलू उद्योग की हालत पर प्रभाव पड़ता हो, जिसमें बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक और संभावित गिरावट; वे कारक जो घरेलू कीमतों, पाटन के मार्जिन का आकार पर प्रभाव डालते हों; नकदी का प्रवाह, माल भंडार, रोजगार, मजदूरी, विकास, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभाव का वस्तुपरक और निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होना चाहिए।

141. प्राधिकारी ने वस्तुपरक रूप में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अपने अनुरोधों में दिये गये विभिन्न तथ्यों और तर्कों पर विचार करते हुए क्षति के मानदंडों की जांच की है। घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति संबंधी मानदंडों की चर्चा यहां नीचे की गई है:

(i) <u>उत्पादन, क्षमता, बिक्री और क्षमता का उपयोग</u>

142. क्षति की अवधि की तुलना में घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, बिक्री और क्षमता का उपयोग नीचे तालिका में दिया गया है:

विवरण	यू ओ एम	2015-16	2016-17	2017-18	जांच की अवधि (अक्टू. 17- सितं. 18)
कुल क्षमता	मी. टन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	101	104	113
उत्पादन (पी यू सी)	मी. टन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	115	155	165
उत्पादन (एन पी यू सी)	मी. टन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	116	95	92
कुल उत्पादन (पी यू सीएवं एन पी यू सी)	मी. टन	***	***	***	***

प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	116	114	115
क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	114	110	102
याचिकाकर्ता की घरेलू बिक्री	मी. टन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	119	141	169

143. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन संयुक्त रूप से गैर विचाराधीन उत्पाद के साथ किया जाता है और चूंकि उत्पादन सुविधाएं एक जैसी हैं अत: क्षमता के उपयोग की जांच विचाराधीन उत्पाद और गैर विचाराधीन उत्पाद के संयुक्त उत्पादों पर विचार करते हुए किया गया है।

